







# जन एक्सप्रेस

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ

वर्षः 14 । अंकः 312

मूल्यः ₹3.00/-

पेज : 12

शनिवार । 26 अगस्त, 2023


ग्रीस ने पीएम मोदी को ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ ऑनर से नवाजा, राष्ट्रपति कैटरीना ने किया सम्मानित

# विश्व की दो प्राचीन संस्कृतियों का मिलनः मोदी

- भारत और ग्रीस के संबंधों की नींव प्राचीन और मजबूत हैः पीएम
- पीएम मोदी ने ग्रीस के प्रधानमंत्री को भारत आने का दिया न्योता
- ग्रीस के प्रधानमंत्री ने चंद्रयान की सफलता पर भारत को दी बधाई
- 12 साल बाद ब्रिक्स समूह का विस्तार हुआ है, छह नए देश शामिल

**अर्जेंटीना, मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और यूएई अब ब्रिक्स का हिस्सा हो गए हैं**

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। एथेंस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक दिन के दौरे पर ग्रीस पर हैं। यहां दोनों देशों के बीच डेलिगेशन लेवल की बातचीत हुई। इसके बाद जॉइंट स्टेटमेंट में पीएम ने कहा, हम पुराने दोस्तों की तरह एक-दूसरे को समझते हैं। हम 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार दोगुना करेंगे। पीएम ने ग्रीस के जंगलों में लगी आग में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी। वहीं राष्ट्रपति कैटरीना सकेलारोपोउलो ने पीएम मोदी को सेरिमोनियल वेलकम दिया। उन्हें ग्रीस के दूसरे सर्वोच्च सम्मान ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। मोदी ने कहा, मैं इस सम्मान के लिए राष्ट्रपति, ग्रीस की सरकार और लोगों को धन्यवाद देता हूं। यह ग्रीस के लोगों का भारत के प्रति आदर भाव दर्शाता है।

### दोनों देशों का जॉइंट स्टेटमेंट

ग्रीस के प्रधानमंत्री ने कहा, मोदी मेरे दोस्त हैं। कहा जाता है कि 1+1 = 11 भी होते हैं। यहां हम दोनों देशों के बीच दोस्ती की मिसाल कायम करना चाहते हैं। एक देश अगर दुनिया की सबसे बड़ी डेमोक्रेसी है तो दूसरा दुनिया का पहला लोकतंत्र। चंद्रयान-3 मिशन की कामयाबी के लिए भारत को बधाई। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक रिश्ते हैं। आज वक्त की जरूरत के मुताबिक, हम डिफेंस, सिक्योरिटी, इन्फ्रास्ट्रक्चर, एजुकेशन और स्किल डेवलपमेंट जैसे अहम सेक्टर्स में साथ काम कर सकते हैं। दोनों देशों के बीच एनएसए लेवल की बातचीत भी शुरू होगी।

### भारत, रूस, चीन, ब्राजील, द. अफ्रीका के समूह ब्रिक्स में छह नए देश जुड़े

अर्जेंटीना, मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और यूएई अब ब्रिक्स का हिस्सा हो गए हैं। इनमें सिर्फ इथियोपिया ही है जिसका भारत के साथ सामरिक साझेदारी नहीं है। हालांकि, भारत और इथियोपिया के संबंध प्राचीन काल से ही घनिष्ठ रहे हैं। दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक संबंध हैं। भारत इथियोपिया का प्रमुख व्यापारिक साझेदार है और दोनों देशों के बीच सहयोग के कई क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। आइए भारत और इथियोपिया के संबंधों पर एक नजर डालते हैं।



### भारतीय समुदाय ने मोदी का स्वागत किया

- एथेंस पहुंचे पीएम मोदी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। एयरपोर्ट के बाहर भारतीय मूल के लोगों ने उनका ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने टॉम्ब ऑफ अननोन सोल्जर पर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी।
- भारतीय समुदाय ने मोदी को ग्रीस का पारंपरिक मुकुट भी पहनाया, जिसे हेड्रेस कहा जाता है। इससे पहले पीएम मोदी शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे एक दिन के दौरे पर यूरोपीय देश ग्रीस की राजधानी एथेंस पहुंचे थे। यहां एयरपोर्ट पर विदेश मंत्री जॉर्ज जेरापेट्रिटिस ने उन्हें रिसीव किया था।
- मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ग्रीस काफी समय से भारत की ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल को खरीदने में दिलचस्पी दिखाता रहा है। ऐसे में पीएम मोदी के दौरे पर ग्रीस को ब्रह्मोस मिसाइल मिलने पर डील हो सकती है।

### पीएम मोदी के संबोधन की बड़ी बातें

- हमारे बीच जियोपॉलिटिकल मुद्दों को लेकर तालमेल है। चाहे वो इंडो-पैसिफिक हो या भूमध्य सागर हो।
- 40 सालों के लंबे अंतराल के बाद भारत के किसी प्रधानमंत्री का ग्रीस आना हुआ है। इसके बावजूद हमारे संबंधों की गहराई कम नहीं हुई है।
- हम अपनी स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप को मजबूती देंगे। हमने रक्षा उद्योगों को बल देने पर सहमति जताई। आतंकवाद के मुद्दों पर चर्चा की गई।
- हमने तय किया है कि हमारे राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों के बीच बातचीत के लिए प्लेटफॉर्म होना चाहिए। हम 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करेंगे।
- कृषि क्षेत्र में सहयोग के लिए एक एग्रीमेंट साइन किया गया है। पीपुल टु पीपुल संबंधों को बढ़ाने के लिए काम करना चाहिए। हमने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की।
- चंद्रयान की सफलता सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया की है। इससे सभी वैज्ञानिकों को मदद मिलेगी।
- मुझे ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ ऑनर का सम्मान दिया गया।140 करोड़ भारतीयों की तरफ से मैंने ये सम्मान स्वीकार किया।

### पीएम मोदी भारतीय मूल के लोगों को संबोधित करेंगे

दोनों देशों के बीच ट्रेड, टेक्नोलॉजी से लेकर डिफेंस को-ऑपरेशन पर चर्चा की जाएगी। पीएम को सेरेमोनियल रेसेप्शन दिया जाएगा। वो ग्रीस के प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोताकिस से मुलाकात करेंगे। मोदी ग्रीस के पीएम की तरफ से रखे गए बिजनेस लंच में शामिल होंगे। वो ग्रीस की मशहूर हस्तियों से भी मुलाकात करेंगे। इसके बाद वो भारतीय मूल के लोगों को संबोधित करेंगे। ग्रीक सिटी टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक पीएम मोदी के साथ 12 भारतीय बिजनेसमैन भी एथेंस पहुंचे हैं। इनकी मुलाकात ग्रीस के बिजनेसमैन से कराई जाएगी।

### 1983 में इंदिरा गांधी ग्रीस गईं थीं

बता दें कि 40 साल बाद भारत का कोई प्रधानमंत्री ग्रीस के दौरे पर है। इंदिरा गांधी के बाद ग्रीस जाने वाले मोदी दूसरे प्रधानमंत्री हैं। इंदिरा ने 1983 में ग्रीस का दौरा किया था।

### पीएम मोदी ने ग्रीस के प्रधानमंत्री को भारत आने का दिया न्योता

पीएम नरेंद्र मोदी ने आगे कहा, 40 साल के लंबे अंतराल के बाद कोई भारतीय प्रधानमंत्री ग्रीस आया है। फिर भी हमारे संबंधों की गहराई और गर्मजोशी कम नहीं हुई है। इसलिए मैंने भारत आने का फैसला किया है। हमने रक्षा और सुरक्षा, बुनियादी ढांचे, कृषि, शिक्षा, नई और उभरती प्रौद्योगिकी और कौशल विकास के क्षेत्रों में अपना सहयोग बढ़ाने और अपनी रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने का फैसला किया है।

### साइप्रस मुद्दे पर ग्रीस का समर्थन करता है भारत

एजियन सागर को लेकर ग्रीस और तुर्किये में तनातनी चलती रहती है। इसके अलावा दोनों नाटो देशों के बीच साइप्रस द्वीप के बंटवारे को लेकर भी विवाद है। ये विवाद 1974 से है। जब ग्रीस समर्थित सैन्य तख्तापलट के जवाब में तुर्की के लड़ाकों ने इस द्वीप पर हमला किया था। बाद में कब्जा किए गए इलाके को तुर्किये ने टर्किश रिपब्लिक ऑफ नॉर्दन साइप्रस नाम दे दिया। तुर्किये के देश बनने से पहले भी यूनानियों और तुर्कों के बीच दुश्मनी का एक लंबा इतिहास रहा है।



# तीर्थ स्थलों का होगा कायाकल्प, 8 नए तीर्थ विकास परिषद का गठन होगा

**पर्यटन विभाग ने शकुंभरी तीर्थ विकास परिषद, शुक्रतीर्थ विकास परिषद, गढ़मुक्तेश्वर तीर्थ विकास परिषद, देवीपाटन तीर्थ विकास परिषद, गोरखपुर तीर्थ विकास परिषद और तीन बौद्ध आध्यात्मिक स्थलों को किया शामिल**

- ब्रज तीर्थ विकास परिषद का गठन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2017 में सरकार गठन के बाद किया था
- दावा, भविष्य में अन्य तीर्थ स्थलों के कायाकल्प के लिए भी सरकार प्रयत्नशील रहेगी

जन एक्सप्रेस। डॉ. वैभव शर्मा

**लखनऊ।** प्रदेश में तीर्थ स्थलों का विकास प्रदेश सरकार की प्राथमिकता पर है। पहले से मौजूद 4 तीर्थ विकास परिषद के बाद आने वाले दिनों में 8 और नए तीर्थ विकास परिषद का गठन होगा। पर्यटन विभाग ने प्रस्ताव तैयार कर लिया है। प्रदेश सरकार का दावा है कि भविष्य में भी अन्य तीर्थ स्थलों के कायाकल्प के लिए भी सरकार प्रयत्नशील रहेगी। आने वाले दिनों में पर्यटन विभाग जिन 8 और नए तीर्थ विकास परिषदों को बनाने वाला है उनमें शकुंभरी तीर्थ विकास परिषद, शुक्रतीर्थ विकास परिषद, गढ़मुक्तेश्वर तीर्थ विकास परिषद, देवीपाटन तीर्थ विकास परिषद, गोरखपुर तीर्थ विकास परिषद और तीन बौद्ध आध्यात्मिक स्थल शामिल हैं। ब्रज तीर्थ विकास परिषद का गठन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2017 में सरकार गठन के बाद किया था।

### 4 तीर्थ स्थलों के लिए पहले से विकास परिषद बनाया जा चुका

यूपी में 4 तीर्थ स्थलों के लिए पहले से विकास परिषद बनाया जा चुका है। मथुरा में ब्रज-मथुरा तीर्थ विकास परिषद, चित्रकूट में चित्रकूट धाम तीर्थ विकास परिषद, सीतापुर में नैमीशारण्य तीर्थ विकास परिषद और मिर्जापुर के विंध्याचल में विंध्य धाम तीर्थ विकास परिषद शामिल हैं।

### तीर्थ स्थलों के विकास पर 100 से 150 करोड़ खर्च होंगे

तीर्थ विकास परिषद के गठन से धार्मिक स्थलों की तीर्थ महत्ता बढ़ जाएगी। स्थानीय लोगों को भी रोजगार का साधन मिलेगा। पारंपरिक रीति रिवाजों और कार्यक्रमों को भव्य बनाया जाएगा। तीर्थ स्थल पौराणिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध किए जाएंगे। तीर्थ यात्रियों को ठहरने से लेकर खाने तक की सुविधा मिलेगी। धार्मिक स्थलों का दर्शन करने के लिए आवागमन की बेहतर व्यवस्था की जाएगी। पर्यटन विभाग की योजना तीर्थ स्थलों का विकास करने के लिए 100 से 150 करोड़ खर्च करने का अनुमान लगाया है। मांग के अनुसार और अधिक धनराशि भी बेहतर विकास के लिए उपलब्ध कराई जाएगी।

## ट्राई की रिपोर्टः मोबाइल पर बातचीत करने में यूपी देश में अव्वल, खर्च कर रहे हैं 4000 करोड़ रुपये

- यूपी वालों की इनकमिंग और आउटगोइंग दोनों ही कॉल लगभग बराबर हैं

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

मोबाइल फोन पर बातचीत करने में उत्तर प्रदेश का कोई जोड़ नहीं है। देशभर में सबसे ज्यादा बात करने का रिकॉर्ड यूपी वालों ने बनाया है। यहां के लोग मोबाइल फोन पर हर महीने औसतन 36 घंटे बात करते हैं। लिहाजा देशभर में सबसे ज्यादा बिल भी यूपी वाले ही टेलीकाम कंपनियों को भरते हैं। इसमें इंटरनेट पर बिताया गया समय और पैसा शामिल नहीं है। इतना ही नहीं, व्हाट्सएप के जमाने में भी एसएमएस भेजने में यूपी वाले नंबर वन हैं। इसका खुलासा टेलीकाम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ट्राई) की ताजा रिपोर्ट में हुआ है। यूपी में करीब 17 करोड़ लोगों के पास मोबाइल फोन हैं। यहां एक मोबाइल फोन धारक हर महीने 238 रुपये केवल बात करने में खर्च कर रहा है। यानी हर महीने यूपी वाले लगभग 4000 करोड़ रुपये टेलीकाम कंपनियों को बातचीत करने के एवज में दे रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार यूपी में 96 फीसदी से ज्यादा लोगों के पास प्रीपेड मोबाइल फोन हैं। केवल चार फीसदी लोग ही पोस्टपेड यूजर हैं। सबसे कम 42 फीसदी प्रीपेड फोन जम्मू-कश्मीर में हैं। हालांकि दिल्ली के लोग भी पोस्टपेड का इस्तेमाल ज्यादा करते हैं, क्योंकि वहां सिर्फ 67 फीसदी प्रीपेड यूजर हैं। मुंबई में लगभग 78 फीसदी प्रीपेड यूजर हैं।

**शासन ने बदला फैसलाः**

## रविवार, चेहल्लुम और जन्माष्टमी पर नहीं खुलेंगे स्कूल

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

प्रदेश के बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों में एक से पंद्रह सितंबर तक आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा आयोजन के मामले में छुट्टियों के दिन स्कूल खोलने पर बेसिक प्रशासन बैकफुट पर आया है। शुक्रवार को संशोधित आदेश जारी करते हुए विभाग ने कहा है कि सार्वजनिक अवकाश के दिन की निर्धारित गतिविधि, उसके अगले कार्य दिवस पर आयोजित की जाएगी। इससे शिक्षकों ने बड़ी राहत की सांस ली है। विभाग की ओर से पूर्व में जारी आदेश में यह कहा गया था कि एक से पंद्रह सितंबर तक शिक्षा मंत्रालय के निर्देश के अनुसार स्वच्छता पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा।

# गरीब मरीजों के लिए संजीवनी बनी आयुष्मानः ब्रजेश पाठक

- बीते पांच वर्षों से आयुष्मान योजना का संचालन किया जा रहा
- यह केंद्र और राज्य की अनूठी एवं कल्याणकारी योजनाः ब्रजेश पाठक

जन एक्सप्रेस। लखनऊ




आयुष्मान योजना प्रदेश में बेहतर तरीके से लागू की गई है। सरकारी और प्राइवेट मेडिकल संस्थानों को जोड़ा गया है। इससे गरीब मरीजों को घर के निकट मुफ्त इलाज उपलब्ध कराने की राह आसान हुई है। यह कहना है डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का। वह शुक्रवार को लखनऊ के एक निजी होटल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि यह केंद्र और राज्य की अनूठी एवं कल्याणकारी योजना है। इसके तहत मरीजों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। प्राइवेट अस्पताल बिना किसी जमा राशि के समाज के प्रति उत्कृष्ट सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यूपी बड़ी आबादी वाला राज्य है। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत सूचीबद्ध अस्पतालों में मरीजों का बेहतर इलाज किया जाता है। प्रदेश के सभी जिलों में योजना लागू है। प्राइवेट अस्पतालों को इलाज पर आने वाले खर्च का 90 प्रतिशत से अधिक का भुगतान किया जा चुका है?। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर भी अब गर्व से प्राइवेट अस्पताल में इलाज हासिल कर सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच को यूपी में पूरी तरह से साकार किया जा रहा है। सरकार बीते पांच वर्षों से आयुष्मान योजना का संचालन किया जा रहा है। लक्षित परिवारों एवं सदस्यों का आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाकर उन्हें इलाज की सुविधा मुहैया कराई जा रही है। इसमें निजी अस्पतालों की भूमिका अहम है।

### गंभीर बीमारियों का भी इलाज

डिप्टी सीएम ने कहा कि आयुष्मान योजना के तहत गंभीर बीमारियों का इलाज मुहैया कराया जा रहा है। इसमें कैंसर, किडनी, न्यूरो, पेट समेत दूसरी बीमारी शामिल हैं। आयुष्मान योजना के तहत मरीज को भर्ती कर मुफ्त इलाज का लाभ प्रदान किया जा रहा है। इस मौके पर लाभार्थियों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार समेत तमाम अधिकारी मौजूद रहे।


**कानपुर एक्सप्रेस**



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें


# अमरमणि की रिहाई पर सुप्रीम कोर्ट ने नहीं लगाई रोक

## उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी करके जवाब मांगा, फैसले के बाद रोने लगी मधुमिता की बहन निधि

- निधि ने कहा, 20 साल से दौड़ रहे हैं, परेशान न हों तो क्या करें?

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर



मधुमिता शुक्ला हत्याकांड में पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी की रिहाई पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक नहीं लगाई है। कोर्ट ने यूपी सरकार को नोटिस जारी कर 8 हफ्ते में जवाब मांगा है। कोर्ट के इस फैसले के बाद ही परिसर में मधुमिता की बहन निधि शुक्ला फूट-फूटकर रोने लगीं। अभी अमरमणि और उनकी पत्नी बीआरडी मेडिकल कॉलेज के प्राइवेट वार्ड नंबर 16 में भर्ती हैं। जेल प्रशासन के मुताबिक, रिहाई परवाना जेल पहुंचते ही उसे लेकर जेलर खुद बीआरडी मेडिकल कॉलेज जाएंगे। जहां से कागजी तौर पर अमरमणि और उनकी पत्नी को रिहा कर दिया जाएगा। मधुमिता शुक्ला हत्याकांड में अमरमणि और मधुमणि गोरखपुर की जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं। गुरुवार रात मधुमिता शुक्ला हत्याकांड में अमरमणि त्रिपाठी और उनकी पत्नी मधुमणि की रिहाई के आदेश कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग ने जारी किया था। उनकी रिहाई के आदेश जारी होने से पहले ही मधुमिता की बहन निधि शुक्ला ने रिहाई के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इस याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने रिहाई पर रोक से इंकार कर दिया। कोर्ट परिसर में निधि रोने लगीं तो आसपास के लोगों ने उनको दिलासा देने की कोशिश की। इस पर निधि ने रोते हुए कहा, 20 साल से दौड़ रहे हैं। सीबीआई, सीबीसीआईडी, सेशन कोर्ट, हाईकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट सब कुछ हो गया। आज तक न्याय नहीं मिला। कोर्ट ने उम्रकैद की सजा दी, लेकिन सरकार कभी भी अमरमणि को जेल ही नहीं भेज पाई। उन्होंने कहा, आरटीआई से जो मेरे पास कागज थे। दो महीने से सबको भेज रही हूं। चाहे मुख्यमंत्री हों, गवर्नर साहब हों, राष्ट्रपति हों। सबसे कहा कि यह आरटीआई के सरकारी कागज हैं। अमरमणि आपसे झूठ बोलता है। भ्रमित कर रहा है। उन्होंने कहा, वो कह रहा है कि मेरी सजा माफ कर दी जाए। जब वह जेल ही नहीं गया तो सजा माफी की बात कहां से आ गई? 24 अगस्त की रात में अचानक रिहाई का आदेश आ जाता है कि अमरमणि को रिहा किया जाता है।

### इनकी रिहाई नहीं होनी चाहिएः कांग्रेस अध्यक्ष

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने अमरमणि त्रिपाठी के रिहाई वाले आदेश पर कहा कि इस क्राइम में शामिल लोगों को जेल से बाहर नहीं आना चाहिए। इससे समाज में गलत संदेश जाएगा। बीजेपी सिर्फ बेटी बचाओ का नारा देती है। असल में ये सब गुनहगार हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। ताकि ऐसी घटनाएं न हो।

### सबसे पहले रिहाई का आदेश...

अमरमणि और उनकी पत्नी की समय से पहले रिहाई होगी। रिहाई का शासनादेश उनके अच्छे आचरण को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर जारी किया है। दरअसल, 18 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने रिहाई का आदेश पारित किया। इसमें लिखा है कि उनकी उम्र 66 साल होने, करीब 20 साल तक जेल में रहने और अच्छे आचरण को देखते हुए किसी अन्य वाद में शामिल न हो तो रिहाई कर दी जाए। जिला मजिस्ट्रेट गोरखपुर की तरफ से आदेश जारी हुआ कि दो जमानतें और उतनी ही धनराशि का एक निजी मुचलका देने पर उन्हें जेल से रिहा कर दिया जाए।

# ग्रामीण महिलाओं को शिविर में दी गईं विधिक जानकारियां

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**




जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आंगनबाडी केन्द्र शिवरामपुर में शुक्रवार को विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों को कानूनी जानकारियां दी गयी।

शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्ण कालिक सचिव अपर जिला जज फारूख इनाम सिद्दीकी ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ से प्राप्त कार्य योजना एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जिला जज विष्णु कुमार शर्मा के निर्देश पर यह आयोजन किया गया है।

इस दौरान महिलाओं, विधवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए शासन स्तर पर संचालित किए जाने वाली योजनाओं की जानकारी दी गयी। प्री लिटिगेशन स्तर पर वैवाहिक वादों के सम्बन्ध में बताया गया कि वैवाहिक प्रकृति के वादों में पति-पत्नी या नजदीकी रिश्तेदार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में प्रार्थना पत्र दे सकते हैं। पीठ द्वारा पक्षकारों के मध्य सुलह समझौता कराने का प्रयास किया जाएगा। पैरालीगल वालेंटियर ममता वर्मा ने महिलाओं के विकास, स्वच्छता, सेनेटरी नैपकीन तथा लैंगिक समानता के सम्बन्ध में जानकारी दी। चित्रकूट कलेक्टिव के संस्थापक मीरा जाटव ने घरेलू हिंसा से सम्बन्धित अधिकारों की जानकारी दी। राजेन्द्र पटेल ने कहा कि महिलाओं को अपने हक और अधिकार के प्रति जागरूक रहना चाहिए। ममता सोनी ने कहा कि उनकी टीम 12 सालों से विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं एवं किशोरियों के अधिकारों एवं सशक्तिकरण के लिए नेतृत्व विकास एवं क्षमता संर्वधन का काम कर रहे हैं।

इस मौके पर पैरालीगल वालेंटियर साकेत सोनी, गायत्री देवी, तारावती, शोभा देवी, चिन्दा आदि मौजूद रहीं।

# नाबालिग से दुराचार का दोष सिद्ध होने पर दुराचारी को 20 साल की कैद

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

रिश्तेदारों के गांव की नाबालिक लड़की को घर से भगा ले जाने और दुराचार करने के मामले में दोष सिद्ध होने पर विशेष न्यायधीश विनीत नारायण पाण्डेय ने आरोपी को 20 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 52000 रूपए के अर्थदण्ड से दंडित किया है।

विशेष लोक विशेष लोक अभियोजक तेज प्रताप सिंह ने बताया कि बीती 20 सितंबर 2022 में राजापुर थाने में एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वादी के अनुसार उसकी 14 वर्षीय भतीजी को 18 सितंबर 2022 को बांदा जिले के अतर्रा थाने के रसपाल का पुरवा निवासी ध्यान सिंह पुत्र घनश्याम सिंह भगा ले गया था। आरोपी अपने रिश्तेदारों के यहां आता जाता था। इस दौरान आरोपी ने उसकी भतीजी से जान पहचान बना लिया था, हालांकि इस बात की जानकारी आरोपी के रिश्तेदारों को भी नहीं थी।

पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया था। साथ ही पीड़िता का चिकित्सीय परीक्षण कर बयान दर्ज कराए थे। जिसके बाद इस मामले में दुष्कर्म की धारा बढ़ोत्तरी करते हुए न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया था।

बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश विनीत नारायण पांडेय ने शुक्रवार को इस मामले में निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी ध्यान सिंह को 20 वर्ष कठोर कारावास के साथ 52000 रूपए के अर्थदण्ड से दंडित किया गया। अर्थदण्ड की धनराशि से 50 फीसदी पीड़िता को देने का आदेश भी दिया गया है।

## गांजा के आरोपी को सजा

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** गांजा के साथ पकडे गए आरोपी को त्वरित न्यायालय ने एक वर्ष कठोर कारावास और 10 हजार रूपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सनद कुमार मिश्रा ने बताया कि बीती 29 जून 2014 को तत्कालीन शिवरामपुर चैकी प्रभारी नीरज कुमार यादव ने सीतापुर क्षेत्र के चितरा रोड निवासी हिमांशु उपाध्याय पुत्र सुशील कुमार उपाध्याय को झांसी मिर्जापुर राष्ट्रीय राजामार्ग में बेडी पुलिया से शिवरामपुर के बीच गिरफ्तार किया था। तलाशी के दौरान हिमांशु के पास आधा किलो गांजा बरामद होने पर पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद शुक्रवार को त्वरित न्यायालय के अपर जिला जज सुशील कुमार वर्मा ने दोष सिद्ध होने पर आरोपी हिमांशु उपाध्याय को एक वर्ष का कठोर कारावास और 10 हजार रूपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई।

# प्राथमिकता से करें व्यापारियों की समस्याओं का निस्तारण: डीएम

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति की बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों तथा व्यापारियों एवं उद्यमियों से कहा कि भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार की जो विभागीय जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित है, उनका लाभ लें। उन्होंने बैंक के अधिकारियों से कहा कि आप लोग उद्यमियों को अपेक्षित सहयोग करें ताकि उद्यमी आगे बढ़ सके और जनपद का विकास हो सके। जिलाधिकारी ने उपायुक्त जिला उद्योग से कहा कि जो उद्यमी उद्योग लगाने के लिए जिस स्थान पर वह उद्योग लगाना चाहता है, उस क्षेत्र के बैंक में आवेदन पत्र स्वीकृत के लिए भेजा जाए ताकि बैंकों को भी कोई समस्या न हो। एक जनपद एक उत्पाद में प्रगति कराएं। अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक तुलसीराम को निर्देश दिए कि सभी बैंकों को पत्र जारी करें की जो मुद्रा योजना के आवेदन हैं, उन आवेदकों को मुख्यमंत्री युवा रोजगार योजना में शामिल कर लाभ दिलाए। अधीक्षण अभियंता विद्युत से कहा कि मैसर्स एमबीएम मोटर्स बरगढ़ की विद्युत आपूर्ति ग्रामीण की जगह उस कंपनी को इंडस्ट्रियल में दिया जाए। इसके लिए शासन से पत्राचार कर व्यवस्था सुनिश्चित कराए। उप वनाधिकारी से कहा कि एक जनपद एक उत्पाद के अंतर्गत लकड़ी के खिलौने बनाने के लिए उपायुक्त जिला उद्योग केन्द्र के साथ समन्वय स्थापित कर लकड़ी की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। उपायुक्त जिला उद्योग केन्द्र से कहा कि जो प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना प्रधानमंत्री द्वारा लागू की गई है, उसमें सभी सम्बन्धित विभागों, उद्यमियों, व्यापारियों तथा जो कारोबार कर रहे हैं, उनको एक कार्यशाला का आयोजन कराकर योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दें।

इस मौके पर क्षेत्राधिकारी नगर हर्ष पांडेय, अधीक्षण अभियंता विद्युत बृजेश कुमार, उपायुक्त जिला उद्योग केन्द्र एस के केशरवानी, अधिशासी अभियंता विद्युत आर एस वर्मा, जिला आबकारी अधिकारी राजेंद्र प्रसाद, डीसी आर्यावर्त बैंक सियाराम द्विवेदी, परियोजना अधिकारी नेडा एके श्रीवास्तव, उप वनाधिकारी हरिशंकर सिंह, डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष ओम केशरवानी, गुलाब चंद्र गुप्ता, राहुल गुप्ता, अंकित पहाड़िया, फूलचंद कुशवाहा, अरुण गुप्ता, धीरज द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

## अवैध गांजे के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सरधुवा थाना प्रभारी निरीक्षक दीपेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक दिनेश चन्द्र पाण्डेय तथा उनके हमराही द्वारा मातादीन पुत्र रामसेवक यादव निवासी अरछा बरेठी को 35 किलो 500 ग्राम हरा गांजा व 1 किलो 100 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना सरधुवा में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारी के दौरान उप निरीक्षक शिवमणि मिश्रा, मुख्य आरक्षी अरविन्द सोनी, आरक्षी राहुल पुरी, लालू यादव, दिनेश यादव आदि मौजूद रहे।

## परिवार वादों के निस्तारण के लिए हुई प्री ट्रायल बैठक




**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

आगामी 9 सितम्बर को होने जा रही राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए शुक्रवार को परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश श्रीकृष्ण यादव की अध्यक्षता में प्री ट्रायल बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने सुलह समझौते के आधार पर अधिवक्ताओं से परिवारिक वाद निस्तारित कराए जाने की बात कही। साथ ही इसके लिए अधिवक्ताओं द्वारा वादकारियों को प्रोत्साहित करने को कहा गया। जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्ण कालिक सचिव फारूख इनाम सिद्दीकी ने बताया कि आगामी 9 सितम्बर को उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आयोजित किए जाने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक परिवारिक वादों के निस्तारण के लिए परिवारिक मामलों का संचालन करने वाले अधिवक्ताओं से सहयोग मांगा गया है।

इस मौके पर जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष सत्यहरण यादव, काउंसलर राधा देवी, अधिवक्ता राजाभईया, केपी यादव, रामआसरे विश्वकर्मा, देवशरण, संदीप व रजनीश आदि मौजूद रहे।

# गोशाला संचालन में बर्दाश्त नहीं होगी लापरवाही : राकेश पाठक

**जन एक्सप्रेस । मऊ, चित्रकूट**



गोशालाओं का हाल जानने के लिए शुक्रवार को मऊ एसडीएम ने क्षेत्र की दो ग्राम पंचायतों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानों को बेहतर तरीके से गौवंश सरंक्षण करने के निर्देश दिए। मऊ के उप जिलाधिकारी राकेश कुमार पाठक ने शुक्रवार को तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत हटवा और अहिरी ग्राम पंचायत में संचालित गोशालाओं का निरीक्षण किया। यहां दोनों गौशालाओं में मवेशी नहीं मिले। जिस पर प्रधानों द्वारा जानकारी दी गयी कि इस समय मवेशियों को चराने के लिए भेज दिया गया है। इस पर एसडीएम ने कहा कि प्रत्येक गौवंश का विवरण रजिस्टर में होना चाहिए। अन्ना गौवंश के कारण सड़क हादसे होने का खतरा रहता है। ऐसे में किसी भी हालत में गौवंश सड़क पर नहीं पहुंचने चाहिए। चरवाहे पूरी जिम्मेदारी के साथ गौशाला तक गौवंश को लाएं। इसके अलावा बीमार मवेशियों के समुचित इलाज का इंतेजाम रखा जाए। साथ ही गौंशाला के अन्दर सफाई व्यवस्था दुरूस्त रखी जाए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इस मौके पर मऊ तहसीलदार राजेश कुमार यादव और पशु चिकित्साधिकारी रवि शंकर गौतम आदि मौजूद रहे।

# नेत्र दान पखवाड़े पर हुआ रंगोली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



परमहंस संत रणछोड़ दास महाराज द्वारा स्थापित श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट एवं सदगुरू नेत्र चिकित्सालय में शुक्रवार को 38वें नेत्र दान पखवाड़े का शुभारंभ हुआ। शुभारंभ के अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में ट्रस्ट द्वारा संचालित सभी विद्यालयों की छात्राओं, चिकित्सकों एवं चिकित्सालय स्टॉफ की महिलाओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में 7 टीमों ने प्रतिभाग किया।

साथ ही इस अवसर पर सभी को बैच लगाया गया एवं चिकित्सालय में बने सेल्फी प्वाइंट पर लोगों ने सेल्फी लेकर नेत्र दान करने की शपथ ली। यह नेत्र दान पखवाड़ा 8 सितम्बर तक चलेगा। हर दिन अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसमे नेत्र दान के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के लिए नेत्रदान जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक, हस्ताक्षर अभियान, विद्यालयों में भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिता आदि कार्यक्रम आयोजित होगे। इस मौके पर ट्रस्टी डॉ ईलेश जैन, डॉ आलोक सेन, डॉ प्रधन्या सेन, डॉ गौतम सिंह परमार, डॉ राजेश जोशी, डॉ राकेश शाक्या, डॉ नरेंद्र पाटीदार, डॉ एबी एस राजपूत, डॉ अशोक आदि मौजूद रहे।

# हत्या के मामले में दोष सिद्ध होने पर दो हत्यारों को आजीवन कारावास

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

परिवार की लड़की के साथ प्रेम सम्बन्धों से नाराज होकर प्रेमी युवक की हत्या करने और साक्ष्य मिटाने के मामले में दोष सिद्ध होने पर जिला जज विष्णु कुमार शर्मा ने दो आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक को 12 हजार अर्थदण्ड से दण्डित किया है। जिला शासकीय अधिवक्ता श्याम सुंदर मिश्रा ने बताया कि बीती 31 अक्टूबर 2016 को ठीका पुरवा सरहट निवासी राजा कोल पुत्र गजराज ने मानिकपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को दी गई तहरीर में राजा ने बताया था कि उसका इकलौता बेटा लवलेश गांव के ही भागीरथी उर्फ कालू बच्चा पुत्र बुधराज के साथ दीपावली का सामान खरीदने के लिए बीती 30 अक्टूबर 2016 को शाम चार बजे मोटरसाइकिल से गया था। इसके बाद वह रात में नहीं लौटा और दूसरे दिन उसके साथ गए भागीरथी ने बताया कि मानिकपुर में अस्पताल के पास लवलेश की बाइक खड़ी है। परिवार के लोगों द्वारा खोजने पर खिचरी गांव के शहनी तालाब की पुलिया के पास पानी में लवलेश का शव पड़ा हुआ मिला।

साथ ही मोटरसाइकिल का कुछ टूटा हुवा सामान और मिट्टी में मोटरसाइकिल के टायर के निशान मिले थे। मृतक के पिता के अनुसार लवलेश के प्रेम सम्बन्ध टिकुरा गांव की एक लड़की से थे। इससे नाराज होकर लड़की वालों ने लवलेश को पहले भी एक बार मारा था। वादी ने संदेह के आधार पर भागीरथी कोल के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसकी गिरफ्तारी के बाद पुलिस की पूंछताछ में खुलासा हुआ था कि इस हत्या में भागीरथी के साथ राजाबाबू रावत भी शामिल था और पुलिस ने उसे भी जेल भेजा था। साथ ही दोनो आरोपियों के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। इकलौते बेटे की हत्या से टूट चुके वादी मुकदमा राजा कोल ने इस मामले में न्यायालय में आकर गवाही दी थी और उसके बाद उसकी भी मौत हो गई थी।

बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद शुक्रवार को जिला जज विष्णु कुमार शर्मा ने निर्णय सुनाया।

# एसपी ने किया नवीन यातायात कार्यालय का उद्घाटन

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

कालूपुर स्थित क्षेत्राधिकारी कार्यालय परिसर में नवीन यातायात पुलिस कार्यालय का पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने फीता काटकर उद्घाटन किया।

पुलिस अधीक्षक ने कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय को यातायात पुलिस की जरूरत के हिसाब से पूरी तरह अनकूल बताया। इसके बाद उन्होने मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारी, कर्मचारी से संवाद भी कायम किया। पुलिस अधीक्षक ने यातायात पुलिस कर्मियों से यातायात नियमों के बारे में जानकारी ली। इसके बाद में कम्प्यूटर कक्ष, मालखाना व रिकार्ड रूम आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय परिसर में हरियाली को बढ़वा देने के लिए परिसर में लगे पौधों को बड़ा होने तक इनकी देखरेख करने की बात कही। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी नगर हर्ष पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी लाइन्स यातायात शीतला प्रसाद पाण्डेय, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, यातायात प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार, पीआरओ प्रदीप कुमार पाल आदि मौजूद रहे।

उत्तर रेलवे
ई–निविदा सूचना
आज़ादी का अमृत महोत्सव

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा०, मंडल रेल प्रबंधक, हज़रतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| ई–निविदा सूचना सं. | 1106–वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ दिनांक: 24.08.2023 |
| कार्य का नाम | लखनऊ मंडल के अंतर्गत TVU>5000 वाले पंद्रह LC गेटों की इंटरलॉकिंग के संबंध में विद्युत कार्य। |
| अनुमानित लागत | ₹44,87,871.65/- (चौवालीस लाख सत्तासी हजार आठ सौ इकहत्तर रुपये एवं पैंसठ पैसा मात्र) |
| ई–निविदा की कीमत | शून्य |
| बयाना राशि | ₹89,800/- (रुपये नेवासी हजार आठ सौ मात्र) |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| ई–निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि तथा खोलने की तिथि | दिनांक 20.09.2023 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:30 बजे वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा०, उत्तर रेलवे, हजरतगंज, लखनऊ के कार्यालय में। |
| प्रस्ताव की वैधता | ई–निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन |
| उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |
| योग्यता मानदंड | केवल वही निविदाकर्ता योग्य होंगे जो योग्यता मानदंड को पूरा करते हों। |
| तकनीकी योग्यता मानदंड | निविदाकर्ता के पास किसी भी राज्य सरकार द्वारा जारी फर्म के नाम से वैध विद्युत ठेकेदारी लाइसेंस होना चाहिए तथा फर्म अपने ऑफर के साथ विद्युत लाइसेंस के सभी विवरण संलग्न करें। |

सं.: 1106–वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ
दिनांक: 24.08.2023
2639/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# मनरेगा मजदूर संघ ने धरना–प्रर्दशन करके दिया ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**




मनरेगा मजदूरों की लंबित मांगो एवं अधिकारों को लेकर मनरेगा मजदूर संगठन ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करते हुए अपनी आवाज बुलंद किया। जिलाधिकारी को संबोधित मांगो का ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग किया। मनरेगा मजदूर संगठन के बैनर तले जिलाध्यक्ष एलबी सिंह की अध्यक्षता में शहर के नहर कालोनी में मनरेगा मजदूरों ने अपनी मांगों एवं समस्याओं को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष अम्बिका प्रसाद श्रमिक ने शिकरत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री श्रमिक ने कहा कि मनरेगा मजदूरों की समस्याओं की अनदेखी किया जा रहा है। जिसके चलते मनरेगा मजदूरो का लगातार शोषण हो रहा है। नियमित मजदूरी न मिलने की वजह से मजदूर व उनका परिवार दयनीय जीवन जीने को बाध्य है। उन्होंने मजदूरों की समस्याओ को तत्काल पूरा किये जाने की मांग किया।

कार्यक्रम के पश्चात् मनरेगा मजदूर संगठन ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपते हुए कार्यवाही की मांग किया। ज्ञापन में मनरेगा निगरानी समिति गठित करने, मनरेगा चौकसी समिति का गठन करने व उसका अध्यक्ष मनरेगा मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष को बनाये जाने, श्रमिकों का श्रम विभाग ने पंजीकरण कर उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने में सहायता करने, मजदूरी का भुगतान श्रमिकों के खातों में करने, नियत समय में जॉब कार्ड का नवीनीकरण करने आदि की मांगे शामिल रहीं।

धरने से पूर्व मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष अम्बिका प्रसाद श्रमिक का स्वागत जिलाध्यक्ष लाल बहादुर निषाद की अगुवाई में भारी-भरकम माला पहनाकर किया गया। इस मौके पर सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेंद्र यादव, हेमदाज मुनि, वशिष्ठ मुनि, राजू निषाद, कमल सिंह, उदय निषाद, श्रीकांत, सीमा, सोमवती, निशा देवी, राम सिंह, जगरानी, धनपति आदि रहे।

## खरीफ मेले का सभी ब्लाकों मे क्रमवार आयोजन 28 अगस्त से 18 सितम्बर तक होगा: सीडीओ

**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**

मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने जानकारी देते हुये बताया कि खरीफ सीजन में विकास खण्ड स्तरीय खरीफ गोष्ठी मेला का आयोजन किया जाना है। सभी 13 विकास खण्ड क्षेत्रो मे 28 अगस्त से 18 सितम्बर तक कक्रम वार मेले का आयोजन किया जायेगा। विकास खण्ड स्तरीय कृषि निवेश मेला में कृषि विभाग के तहसील स्तरीय एवं विकास खण्ड स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी अनिवार्य रूप से भाग लेंगे। विकास खण्ड स्तरीय गोष्ठियों-मेलों के सफल आयोजन के लिये उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी जिम्मेदार होगे। इन मेलों में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों विधायक, सांसद, ब्लाक प्रमुख, बी.डी.सी. सदस्य, ग्राम प्रधान एवं अन्य जनप्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से आमंत्रित किया जायेगा। मेला के आयोजक उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी होंगे जो कि मेला हेतु टेट, स्टाल, साउंड, बैठने तथा कृषकों के लिये सूक्ष्म जलपान आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। विकास खण्ड स्तरीय कृषि निवेश मेला में कृषि विभाग, सहकारिया, पी0सी0 एफ0, यू0पी0, एग्रो, कृषि रक्षा, पशुपालन, ग्राम विकास विभाग, उद्यान विभाग, वन विभाग, पंचायती राज, वैकल्पिक उर्जा विभाग, सिंचाई विभाग, नलकूप विभाग, विद्युत विभाग, मत्स्य, रेशम, गन्ना, खादी ग्रामोद्योग, अल्प बचत, जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं निजी कम्पनियों आत्मा के समूह एन0जी0 ओ0 आदि के द्वारा अपना स्टाल लगाया जाएगा एवं अपने विभाग से सम्बन्धित सामग्री-उपकरणों को कृषकों को प्रदर्शन एवं बिक्री हेतु उपलब्ध करायेंगे।

# गोद लिये गये विद्यालयों का करें निरीक्षण, खामियों को करायें दूर: डीएम

**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**



बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों के अनुश्रवण हेतु शासन द्वारा गठित टास्क फोर्स एवं जनपद स्तरीय टास्क फोर्स के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जनपद स्तरीय बैठक कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी श्रुति की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

जिलाधिकारी ने कहा कि ऑपरेशन कायाकल्प के तहत् जनपद में परिषदीय विद्यालय में जो कार्य शेष बचे है उनको पूरा कराया जाय। साथ ही जिन परिषदीय विद्यालयों बालिका यूरिनल को हर हाल में अगली बैठक के पहले पूरा करा लें। जनपद में जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा गोद लिए गये विद्यालयों को संबंधित अधिकारी विद्यालयों का निरीक्षण करें। निरीक्षण में जो कमियां मिले उनको नियमानुसार कार्यवाही कर दूर करते हुए अगली बैठक में पांच अधिकारियो द्वारा अपने-अपने विद्यालयों में कराये गये कार्यो का प्रेजेंटेशन देंगे। जिन विद्यालयों में विद्युत संयोजन नही हुआ है, उसके लिए अधीक्षण अभियन्ता विद्युत से समन्वय बनाकर स्टीमेट प्राप्त करते हुए विद्युत संयोजन कराया जाय और रिपोर्ट से अवगत भी कराये। उन्होंने कहा कि निपुण भारत मिशन् के तहत् बच्चों को निपुण बनाया जाय इसके लिए सपोर्टिव सुपरविजन एवं अकादमिक कार्यक्रमों के क्रियान्वयन पर निगरानी बनाए रखें। साथ ही शासन द्वारा निपुण बनाने का जो लक्ष्य प्राप्त हुआ है उसको योजनाबद्ध ढंग से विद्यालयों को निपुण बनाया जाय। समय-समय पर परिषदीय विद्यालयों का निरीक्षण किया जाय, जिससे कि शिक्षा की गुणवत्ता पर निखार आ सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला पंचायत राज अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी सहित संबंधित उपस्थित रहे।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं, किन्तु बारिश की कोई संभावना नहीं है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 32.6 (+0.9)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 24.6 (-0.9)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 86 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 83 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 10.9 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 1.8

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के 66 परिवारों ने गंगा बैराज हाईवे के किनारे तिरपाल में ली शरण

## गंगा बैराज पर शाम के 6:30 बजे तक 6 सेंटीमीटर गंगा के जलस्तर में दर्ज हुई गिरावट





जन एक्सप्रेस। सनी राव मोघे

**कानपुर नगर।** उत्तराखंड में हो रही मूसलाधार बारिश की वजह से गंगा के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी होती जा रही है। गंगा ने विकराल रूप धारण कर लिया है। कानपुर शहर में गंगा किनारे बसे दो दर्जन से अधिक गांवों में गंगा का पानी घुस गया है। चैन पुरवा, के साथ-साथ ख्यौरा कटरी के भगवानदीन पुरवा,व भोपाल पुरवा गांव में तो घरों के भीतर तक पानी पहुंच गया है। चैन पुरवा सहित कई गांवों में सड़कों के ऊपर नाव तक चल रही है। बीते दिन शुक्रवार को राजस्व विभाग द्वारा गणना किए जाने के बाद लगभग 66 परिवार ने अपने घरों को छोड़कर गंगा बैराज से सिंहपुर की ओर जाने वाले हाईवे के किनारे खाली पड़ी जगह पर तिरपाल के नीचे अपना अस्थाई आशियाना तैयार कर लिया है। इन लोगों को राजस्व विभाग द्वारा दी गई नाव के द्वारा लाया गया है। हरिद्वार और नरौरा डैम से लगातार पानी के छोड़े जाने की वजह से कानपुर शहर गंगा के किनारे कटरी में बसे गांवों गंगा का पानी पहुंच गया है। जिसकी वजह से सड़कों ने छोटी नदी का रूप ले लिया है गंगा के जलस्तर के लगातार बढ़ने की वजह से बाढ़ क्षेत्र के अधिकतर मकान के अंदर गंगा का पानी पहुंच गया है। जिलाधिकारी के आदेशों के बाद बनियापुरवा पुलिस चौकी के पास बढ़ रहा चौकी का निर्माण राजस्व विभाग द्वारा कराया गया है। इस बार चौकी से बाढ़ क्षेत्र में होने वाले नुकसान का आकलन राजस्व विभाग की टीम कर रही है।



### ये गांव बाढ़ से हुए प्रभावित

चैनपुरवा, डिमनी पुरवा, पहाड़ीपुर, छोटा मंगलपुर, बड़ा मंगलपुर, भोपाल पुरवा, बनिया पुरवा, बंगला, पुराना ड डल्ला पुरवा, गिल्ली पुरवा, दुर्गा पुरवा, भारत पुरवा, भगवानदीन पुरवा, मक्का पुरवा, तिसजा, लक्ष्मण पुरवा, भनवऊना,



### आईए डालें एक नजर गंगा के बढ़ते जल स्तर पर

114.72 अप, व 114. 52 डाउन 7 :48 तक गंगा बैराज मीटर गेज पर पानी की स्थिति रही। नरौरा बांध से 1,20,642, तो हरिद्वार बांध से 1,10,001 पानी डिस्चार्ज किया गया। इसके अलावा गंगा बैराज से 4,18,364 गंगा का पानी डिस्चार्ज किया गया। वही शुक्लागंज में 113.21 कांस्टेंट गंगा का जलस्तर बना हुआ है।

### गंगा की बाढ़ से बिल्डरों को हुआ भारी नुकसान

कटरी सहित अन्य क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर शहर के नामी गिरामी बिल्डरों द्वारा प्लाटिंग की जा रही थी। इन बिल्डरों ने पार्टियों से प्लेटो की पेशगी भी ले ली थी और नवरात्र में रजिस्ट्री करने का भी मन बना लिया था। लेकिन गंगा में आई बाढ़ के बाद बिल्डरों के सारे मंसूकों पर पानी फिर गया है। अब तो पार्टीयां के गंगा के पानी से भरे प्लांट देखकर खरीदने का विचार ही बदल दिया है।

# फास्ट फॉरवर्ड

## बिठूर पुलिस ने दो बाइक चोरों को दबोचा

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** बिठूर पुलिस ने शुक्रवार की शाम को दो बाइक चोरों को मय सामान के दबोच कर जेल भेज दिया है। क्षेत्र में बाइक चोरी की घटनाये दिन पे दिन बढ़ती ही जा रही हैं और चोरों को ना पकड़े जाने पर उनका आत्मबल बढ़ता जा रहा है। जिसके कारण वह हर दिन किसी ना किसी की गाड़ी को अपना निशाना बना रहे हैं लेकिन शुक्रवार को बिठूर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चकरतनपुर भट्टा कालोनी नई बस्ती के प्लाट से शाम 5.30 बजे दो बाइक चोरो नवी आलम उर्फ़ मंसूरी पुत्र अब्दुल सहीद उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम पाराप्रतापपुर व सरफराज उर्फ़ मुनीम उर्फ़ अफरीदी पुत्र मोहोम्मद इसराइल उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम पराप्रतापपुर को मोटर साइकिल को काट कर उसके पुर्जे बोरी भर कर बेचने की तैयारी कर रहे थे लेकिन पुलिस ने उन्हें मय सामान के दबोच लिया हैं और माल के आधार मुकदमा अपराध संख्या 306/2023 धारा 41 सीआरपीसी व धारा 411/413 आईपीसी में पंजीकृत कर लिया हैं जिसे न्यायलय समक्ष पेश किया जाना हैं। क्षेत्र में चोरी की घटना दिन पे दिन बढ़ती हैं जा रही हैं और इसका सबसे बड़ा कारण चोरी का सामान खरीदने वाले हैं यदि चोरी का सामान खरीदना ही बंद हो जाये तो चोरी की घटनाओ पर भी अंकुश लगाया जा सकता हैं आमजनता के अनुसार यदि चोरी का सामान खरीदने वालो पर कार्यवाही की जाए तो चोरी की घटना खुद ब खुद बंद हो जाएंगी।



## कल्याणपुर पुलिस ने रेप के आरोपी सिपाही को भेजा जेल

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** कल्यानपुर पुलिस द्वारा बीते दिन रेप के आरोप में फरार चल रहे सिपाही गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। सिपाही पर आरोप है कि उसके द्वारा युवती को शादी का झांसा देकर उससे शारीरिक संबंध बनाए गए और फिर दूसरी लड़की से विवाह कर लिया गया। आपको बता दें कि थाना कल्यानपुर क्षेत्र की रहने वाली युवती ने बीते दिनों थाने में तहरीर देकर बताया था कि औरैया निवासी दीपक उसके घर मे किराये पर कमरा लेकर पढ़ाई कर रहा था।वर्ष 2017 में उसने उसके साथ अकेले पाकर रेप की घटना को अंजाम दिया था। जब उसने इसकी शिकायत परिजनों से करने की बात कही तो दीपक ने उसे विश्वाश में लेकर शादी का वादा किया। जिसके बाद अक्सर वह उसके साथ शारीरक सम्बन्ध बनाता रहा। इसी दरम्यान उसकी पुलिस विभाग में नौकरी लग गयी जिसके बाद वह नौकरी पर चला गया।जब युवती ने शादी का दबाव बनाया तो वह अपने परिजनों को लेकर घर आ गया और शादी का भी आश्वाशन दिया। जिसके बाद उसने 2022 में किसी और लड़की से शादी कर ली। जब पीड़िता ने विरोध किया तो पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही थी वही मामंले में कोर्ट ने NBW भी जारी किया था। बीते दिवस वह एक बार पुन: युवती के घर आया और मारपीट की 112 नम्बर पर सूचना देने पर वह और उसके साथी मौके से भाग गए थे।जिसके बाद आज पुलिस ने आरोपी सिपाही दीपक को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।



## रोनिल सरकार के हत्यारों की गिरफ्तारी ने होने पर पनपा रोष

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** रोनिल सरकार की हत्या में शामिल अन्य आरोपियों विशेषकर हत्यारोपी विकास की महिला मित्र की गिरफ्तारी न होने से आक्रोशित और व्यथित रोनिल के पिता संजय सरकार और मीता सरकार ने मुख्यमंत्री को लिखकर न्याय न मिलने पर आत्महत्या करने की बात लिख दी है। शुक्रवार को प्रांतीय व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष और न्याय संघर्ष समिति के संयोजक अभिमन्यु गुप्ता के समझाने और आग्रह पर संजय सरकार ने जेसीपी आनंद प्रकाश तिवारी से मुलाकात कर अन्य आरोपियों पर भी सख्त कार्यवाही करने की मांग की और साथ ही रोनिल की हत्या में शामिल हर दोषी को सजाए मौत दिलवाने की मांग की।जेसीपी आनंद प्रकाश और अभिमन्यु गुप्ता ने संजय सरकार से हताश न होने की और कानून पर भरोसा करने की बात कही है। 1 घंटे तक चली वार्ता में जेसीपी आनंद प्रकाश ने संजय सरकार और अभिमन्यु गुप्ता को आश्वासन दिया की रोनिल की हत्या की लगातार जांच चल रही है और जल्द ही बड़ी कार्यवाही होगी। हत्या में शामिल हर व्यक्ति को जेल जाएगा और हर कीमत पे रोनिल को न्याय दिलवाया जाएगा। जेसीपी आनंद प्रकाश ने संजय सरकार से आग्रह किया की व्यतिथ होकर कोई गलत कदम उठाने को कभी न सोचें बस न्यायपालिका और पुलिस पर भरोसा रखें क्योंकि रोनिल को न्याय हर हाल में दिलवाया जाएगा।



## शौचालय ध्वस्तीकरण पर नगर निगम कार्यालय में प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** वार्ड 91 शास्त्री नगर स्थित नेहरू इंदिरा मलिन बस्ती में वर्ष 1999 – 2000 में निर्मित एकमात्र शौचालय था। इसी शौचालय में हजारों की संख्या में लोग शौच क्रिया करते थे 10 वर्षों से ध्वस्त और जर्जर स्थिति में होने के कारण शौचालय बरसात में गिर गया। जिस कारण जनता अब बेहद परेशान है। शुक्रवार को क्षेत्रीय जनता के साथ नगर निगम कार्यालय में धरना प्रदर्शन कर पार्षद विनोद गुप्ता ने नगर निगम के अधिकारियों से मांग की है, कि वह शास्त्री नगर की गलियों की सफाई कराई जाए तथा नेहरू इंद्रा मलिन बस्ती की नाली और शौचालय का निर्माण जल्द हो। इस दौरान धरना प्रदर्शन व ज्ञापन देने वालो में पार्षद अरविंद यादव वार्ड 69 कुंती वार्ड 44 पार्षद, विनय गुप्ता वार्ड 91, पूर्व पार्षद सोनी मिश्रा, चंदन गुप्ता, सौरभ पांडे ,संजय पाटिल समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।



# छात्राओं द्वारा जस्ट क्राफ्टिंग प्रदर्शनी का किया गया आयोजन



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय के वस्त्र एवं परिधान विभाग की छात्राओं द्वारा शुक्रवार को जस्ट क्राफ्टिंग प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य भारतीय पारंपरिक कढ़ाईयों के द्वारा हस्त निर्मित उत्पादों का प्रदर्शन करना रहा। प्रदर्शनी में छात्राओं द्वारा ऑफिस फाइल कवर, आभूषण जैसे नेकलेस, ब्रेसलेट, रिंग, इयरिंग, जुट बेल्ट आदि विभिन्न प्रांतो की कढ़ाईयों से सुसज्जित मास्क बचे हुए कपड़ों के आकर्षण बैग बनाए गए।

अधिष्ठाता गृह विज्ञान डॉ. मुक्त गर्ग ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर छात्रों की प्रतिभाओं को सराहा वही डॉ. अर्चना सिंह एवं डॉ. रितु पांडे ने छात्राओं का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में डॉ. विनीता सिंह, डॉ. सीमा सोनकर, डॉ. रश्मि सिंह, डॉ. सुमाइल सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

# फैकल्टी एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

जन एक्सप्रेस । प्रदीप शर्मा



छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय एवं छत्रपति शाहू जी महाराज इनोवेशन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को फैकल्टी एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसका शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक के वर्चुअल संबोधन के माध्यम से हुआ। कार्यक्रम में सी.ए. अमित पांडे ने कंपनी का निर्माण किए जाने एवं किस प्रकार से उस पर करार्पण का प्रक्रिया लागू की जाए उस पर जानकारी दी। ऐक्सिस कॉलेज के पूर्व निदेशक डॉ. सुनील शुक्ला ने शिक्षकों द्वारा स्टार्टअप के अंदर विकसित की जाने वाली खूबियों पर चर्चा की जिससे स्टार्टअप इकोसिस्टम में विद्यार्थी उनको विकसित कर विस्तार पूर्वक अपने आप को आगे बढ़ा सकें। अटल बिहारी वाजपेई स्कूल लीगल स्टडीज के असिस्टेंट प्रोफैसर डॉ. दिव्यांश शुक्ला ने बौद्धिक संपदा अधिकार के बारे में नवाचार अधिकारियों को जानकारी देते हुए बताया कि किस प्रकार विद्यार्थियों के नवीन विचारों को बौद्धिक संपदा अधिकार के प्रयोग से सुरक्षित एवं संरक्षित किया जा सकता हैं। कार्यक्रम में 30 से अधिक महाविद्यालयों के प्रभारी नवाचार अधिकारी ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला में स्टार्टअप के फाउंडर द्वारा अपनी स्टार्टअप यात्रा के बारे में जानकारी दी गई।

### अवकाश के दिनों में कराए जाने वाले कार्यक्रम आगामी तिथियों में कराने की अनुमति

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** विद्यालयों और शिक्षण संस्थानों में 1 से 15 सितंबर तक मनाए जाने वाले स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत तिथि वार आयोजित किए गए कार्यक्रमो में सार्वजनिक अवकाश घोषित होने पर उसे दिन की निर्धारित गतिविधि उसके आगामी कार्य दिवस में आयोजित की जाएगी। बताते चले कि उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद कर्मचारी संगठन द्वारा स्कूल शिक्षा के महानिदेशक से छुट्टियों के दिनों में विद्यालय न खोल कर बल्कि उस दिन होने वाली गतिविधियां आगामी तिथि में करवाए जाने की मांग की गई थी। संगठन के मंडल अध्यक्ष परवेज आलम ने बताया कि महानिदेशक द्वारा मांग को स्वीकार करते हुए अवकाश के दिनों में कराए जाने वाले कार्यक्रम आगामी तिथियों में कराए जाने के लिए निर्देशित किया गया है।

# कानपुर के समाजसेवी की घाटमपुर सड़क हादसे में हुई दर्दनाक मौत

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बीती गुरूवार की रात्रि को घाटमपुर के पास तेज रफ्तार ट्रक ने एक बाइक सवार युवक को टक्कर मारते हुए कुचल दिया। हादसे में बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के जेब से मिले मोबाइल फोन से परिजनो को सूचना देने के साथ युवक के शव को कानपुर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मिली जानकारी के अनुसार थाना कुली बाजार निवासी मोहम्मद फारुख का 35 वर्षीय बेटा समाजसेवी हाफिज हारून बरकाती गुरुवार रात घाटमपुर से कानपुर बाइक से लौट रहा था, तभी घाटमपुर थाना क्षेत्र के जगन्नाथपुर गांव के पास पहुंचते ही पीछे से आ रहे मौरंग लोड ट्रक ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी, जिससे युवक सड़क पर गिर गया। इस दौरान ट्रक ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया। हादसे में युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। ट्रक लेकर चालक मौके से भाग निकला।



फाइल फोटो हाफिज हारून बरकाती।

राहगीरों ने सड़क पर युवक का शव पड़ा देखा तो पतारा चौकी पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पतारा चौकी पुलिस ने युवक के जेब से मिले मोबाइल फोन से परिजनो को घटना की सूचना देने के साथ युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुटी है। घाटमपुर थानाध्यक्ष विक्रम सिंह ने बताया की परिजनो को सूचना देने के साथ युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया । मृतक हाफिज हारून बरकाती समाजसेवा में हमेशा तत्पर रहता था। पोस्टमार्टम से शव लेने के बाद परिजनो ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया है।

# फिर एक बार बड़े अग्निकांड को दावत दे रही केडीए के जिम्मेदारों की लापरवाही



मानकों के विपरीत जाकर बना श्री महावीर कंपलेक्स और उसके बगल की सटी इमारत ।

जन एक्सप्रेस। कमलेश फाइटर

**कानपुर नगर।** शहर के बांसमंडी क्षेत्र स्थित रेडीमेड मार्केट में अभी हाल ही में हुए एक बड़े भयावह अग्निकांड से शायद अभी तक कानपुर विकास प्राधिकरण के जोन एक में तैनात जिम्मेदार अधिकारियों ने शायद सबक नहीं लिया है। क्योंकि अगर जिम्मेदार अधिकारियों ने इस अग्निकांड से सबक लिया होता तो शायद वर्तमान में फिर से बिना अग्निशमन विभाग एनओसी मिले नक्शे पास नहीं करती। इनकी लापरवाही एक बार फिर से शहर में एक बड़े अग्निकांड को दावत दे रही है।

ज्ञातव्य हो कि बीते 4 माह पहले कानपुर विकास प्राधिकरण के जोन एक में स्थित बांस मंडी क्षेत्र में बनी रेडीमेड मार्केट में आग लग गई थी। यह आग इतनी भयावह थी कि हफ्तों अग्निशमन विभाग की गाड़ियां इस आग पर काबू नहीं पा सकी थी। फायर विभाग की गाड़ियां पानी लेकर आती थी और थोड़ी ही देर में फिर से पानी लेने के लिए गाड़ियां भागती हुई दिखाई देती थीं सैकड़ो ऑफीसरों ने अपनी जान पर खेल कर किसी तरह आग पर काबू पाया था। मामले में खुद जिलाधिकारी विशाख जी जो वर्तमान में केडीए वीसी के पद पर भी आसीन हैं। के द्वारा शक्ति से आदेश किए गए थे कि अब कोई भी निर्माण बिना अग्निशमन विभाग के नियमों के विपरीत जाकर ना हो सके लेकिन प्राधिकरण में तैनात ज़िम्मेदार अधिकारियों ने सब कुछ अनदेखा और अनसुना कर दिया है।

### श्री महावीर कॉम्प्लेक्स के साथ बगल के निर्माणकर्ता का निर्माण कैसे कर दिया पास

कानपुर विकास प्राधिकरण के जोन एक स्थित जिस रेडीमेड मार्केट में आग लगी थी। रेडीमेड मार्केट के ठीक पीछे के हिस्से में मैच 15 से 20 फिट पीछे श्री महावीर कॉम्प्लेक्स के नाम से अवैध कर लिया गया है। इसी से सटी हुई एक और इमारत तैयार हो चुकी है। ऐसी ही रेडीमेड मार्केट पहले भी बनी हुई थी और अग्निशमन विभाग के नियमों के विपरीत जाकर बनी मार्केट के कारण ही सब कुछ जलकर खाक हो गया था। उसके बाद भी केडीए के जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण फिर से जानलेवा इमारतें तैयार हो रही हैं।

# खुलासा : सगे भाइयों ने ही किसान को उतारा था मौत के घाट

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

थाना सजेती के समूही गांव में बीते दिनों किसान की खेत में अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी थी। मृतक की बेटी की तहरीर पर पुलिस ने गांव के रहने वाले सगे भाईयों पर हत्या का मुक़दमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की थी। पुलिस की पूछताछ में दोनो ने हत्या करने की बात कबूली है। शुक्रवार को कानपुर डीसीपी साउथ ने प्रेस कांफ्रेंस कर हत्या का खुलसा किया । डीसीपी साउथ रविंद्र कुमार ने अपने कार्यालय में जानकारी देते हुए बताया कि बीते दिनों सजेती थाने में किसान की बेटी ने तहरीर देकर पुलिस को पड़ोस मे रहने वाले नरेश और रावेंद्र उर्फ कामता दोनो सगे भाईयों पर उसके पिता की हत्या करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर कढ़ाई से पूछताछ की तो किसान की हत्या का खुलासा हो गया। पुलिस की पूछताछ में नरेश और रावेंद्र उर्फ कामता ने पुलिस को बताया की बीते दिनों वह दोनो भाई साथ में बैठे शराब पी रहे थे। तभी वहां से मुन्नू गुजरा तो दोनो ने उससे शराब पीने को पूछा, जिसपर मुन्नू ने दोनो को मां की गाली दे दी। जिसके बाद दोनो ने नशे की हालत में खेत में किसान मुन्नू की गला घोटकर हत्या कर दी। पकड़े जाने की डर से उसे चारपाई पर लेटाकर भाग निकले थे। लेकिन पुलिस की टीम ने दोनो को धर दबोचा और पूछताछ में मामले का खुलसा हो गया। घाटमपुर एसीपी दिनेश कुमार शुक्ला ने बताया की दोनो को न्यायालय में पेशकर जेल भेजा गया है। कार्रवाई की जा रही है।

# हत्या से पूर्व बदमाशों की हुई गिरफ्तारी पुलिस की कार्यवाही पर भी खड़े हुए सवाल

**जन एक्सप्रेस । सुलतानपुर**

जिले में बढ़ती आपराधिक घटनाओं को लेकर सख्त हुए पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा ने मातहतों के पेंच कसने शुरू कर दिए, जिसके चलते लगभग दर्जन भर दरोगाओं की तैनाती में भी परिवर्तन करते हुए कुछ को लाईन हाजिर कर दिया है। एसपी सोमेन बर्मा की कार्यवाही को भांप विभाग अब गुलाटी मारना शुरू कर दिया है, लेकिन साहब के दफ्तर में जब खबरनवीसों को कप्तान साहब घटनाक्रम की ब्रीफिंग कर रहे थे तभी पकड़ा गया आरोपी मीडिया के सामने जयसिंहपुर पुलिस की कार्यवाही पर सवालिया निशान लगाते हुए घटना में अपनी संलिप्तता से इंकार करते हुए उक्त कार्यवाही को षडयंत्र का शिकार तक बता डाला ।

बताते चलें कि जयसिंहपुर पुलिस थाना क्षेत्र के ग्राम मैधन निवासी ओमप्रकाश पाण्डेय उर्फ गाटे व गोसाईगंज थाना क्षेत्र के सरवन मघौड़ा के निवासी कन्हैया निषाद को जयसिंहपुर पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध असलहा समेत कारतूसों के साथ मियागंज पुलिया गंगेव के पास समय तकरीबन 3 बजे गिरफ्तार किया जब उक्त बदमाशों के द्वारा ग्राम प्रधान मैधन व ग्राम प्रधान सरवन शैलेन्द्र सिंह की हत्या की साजिश रची जा रही थी । पुलिस द्वारा पत्रकारों को दिए गए प्रेस नोट में पकड़े गए दोंनो आरोपियों का एक लम्बा आपराधिक इतिहास भी बताया गया है, तो वहीं दूसरी तरफ ओम प्रकाश पाण्डेय उर्फ गाटे जयसिंहपुर थाने का हिस्ट्रीशीटर भी है।

### पुलिस ने प्रेस नोट पर सही से नहीं किया होम वर्क

जयसिंहपुर पुलिस द्वारा हत्या की साजिश रचने वाले हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार कर सुलतानपुर पुलिस अधीक्षक के दफ्तर पर पहुंची और जब एसपी सोमेन बर्मा ने मीडियाकर्मियों को ब्रीफ करना शुरू किया तो उसी बीच गिरफ्तार किए गए आरोपी कन्हैया निषाद उर्फ कन्धई ने मीडिया के सामने रोते हुए किसी भी प्रकार की संलिप्तता से इंकार करते हुए खुद को साजिश का शिकार बता डाला । पुलिस द्वारा दिए गए प्रेस नोट में गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की गिरफ्तारी का दिनांक तक नहीं लिखा गया था, जिससे जयसिंहपुर पुलिस के होमवर्क पर भी सवालिया निशाना खड़े हुए हैं।

### ओम प्रकाश की बहू ने कल डीआईजी अयोध्या से लगाई थी फरियाद

पुलिसिया कार्यवाही में गिरफ्तार किए गए ओम प्रकाश पाण्डेय उर्फ गाटे की बहू ने पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र अयोध्या को एक शिकायती पत्र 24 अगस्त 2023 को भेजा था जिसमें शिकायतकर्ता संगीता पाण्डेय पत्नी नवनीत पाण्डेय ने कहा है कि उनके ससुर ओमप्रकाश पाण्डेय को जयसिंहपुर पुलिस व अन्य पुलिस बल ने बीते 21 अगस्त 2023 की रात लगभग 12 बजे घर से सोते समय पुलिसकर्मियों के द्वारा मारपीट अपनी गाड़ी में बैठाकर ले जाने जैसे गम्भीर आरोप मढ़े है और आज सुलतानपुर पुलिस के द्वारा खुलासा कर एक हत्या जैसी बड़ी घटना को रोकने का खुलासा किया गया है ।

# समाजवादी पार्टी ने किया प्रतिभा का सम्मान, बढ़ा जितेंद्र मिश्र का 'कद'

**जन एक्सप्रेस । सुलतानपुर**



जिले में शिक्षा के क्षेत्र में अल्प समय में अपनी अलग पहचान बनाने वाले शिक्षक जितेंद्र मिश्र का ÷कद÷ समाजवादी पार्टी में बढ़ गया है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की स्वीकृति पर शिक्षक सभा के प्रदेश अध्यक्ष ने जितेंद्र मिश्र को प्रदेश महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी है। श्री मिश्र को यह पद पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा, ईमानदारी और संघर्ष के बल पर मिला है। जितेंद्र मिश्र के शिक्षक सभा में प्रदेश महासचिव बनने पर जिले के पदाधिकारी ने खुशी का इजहार करते हुए शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार प्रकट किया है। कहा है कि पार्टी ने प्रतिभा का सम्मान किया है। गौर तलब हो कि जितेंद्र मिश्र की जिले में अपनी अलग पहचान है। अल्प समय में ही शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अलग ही शोहरत अर्जित की। एक इंटर कॉलेज में शिक्षक भी हैं। शिक्षक के साथ-साथ कई शिक्षण संस्थान के संचालक भी। जिसमें डिग्री कॉलेज, इंटर कॉलेज, कॉन्वेंट, बीटीसी, जूनियर, प्राइमरी आदि शिक्षण संस्थान शामिल है। जब इनके अंदर राजनीति करने की इच्छा जागृत हुई, तो किसी अन्य पार्टी को नहीं चुना। नेता जी की नीतियों से प्रभावित होकर सपा पार्टी में करीब दो दशक पहले एंट्री की। 2005 से लेकर 2012 तक विधानसभा उपाध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष शिक्षक सभा में बने। पार्टी में इनकी निष्ठा को देखते हुए इसके पहले प्रदेश अध्यक्ष शिक्षक सभा ने इन्हें प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी सौंपी। जिम्मेदारियां का बखूबी निर्वाह भी किया। जितेंद्र मिश्र बहुत ही सरल, सौम्य, हंसमुख स्वभाव के व्यक्ति हैं। इसलिए पार्टी में ही नहीं, समूचे जनपद में इनकी अलग पहचान है। 2022 के विधानसभा चुनाव के पहले पार्टी में बड़ी सक्रिय भूमिका निभाई थी।सबके सुझाव पर लंभुआ विधानसभा क्षेत्र से टिकट मांगे और प्रबल दावेदार रहे,परिस्थितियाँ भी बनी, बदली, समीकरण बदले। टिकट न मिल सका। पर, अपनी निष्ठा पार्टी से नहीं बदली। जैसे विधानसभा चुनाव के पहले संघर्षशील रहे पार्टी के लिए। वैसे अब भी पार्टी की मजबूती के लिए लगे हुए हैं। या यूं कहा जाए कि विधानसभा चुनाव के दौरान ब्राह्मण समाज से जो टिकट मांग रहे थे, अब उसमें करीब-करीब इकलौते टिकट के दावेदार जितेंद्र मिश्र बचे हैं, जो पार्टी के लिए अनवरत कार्य कर रहे हैं और अन्य टिकट के दावेदार या निष्क्रिय हो गए हैं या फिर गायब। इनकी निष्ठा और ईमानदारी को देखते हुए शिक्षक सभा के प्रदेश सचिव डॉ एसपी सिंह पटेल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति से जितेंद्र मिश्र को शिक्षक सभा में प्रदेश महासचिव की अति महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। मनोनीत प्रदेश महासचिव जितेंद मिश्रा ने कहा है कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे बखूबी निभाएंगे। पार्टी को मजबूत करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे।

# नारी सुरक्षा को लेकर थानों द्वारा चौपाल लगाकर किया गया जागरूक



**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति अभियान के तहत नारी सुरक्षा,नारी स्वावलंबन हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से जनपद के विभिन्न थानों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों एवं गांवों में जाकर चौपाल लगाकर जागरूक किया गया। महिलाओं,बालिकाओं को वीमेन पॉवर लाइन,महिला हेल्प लाइन,एम्बुलेंस सेवा, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन,पुलिस आपात कालीन सेवा,चाइल्ड लाइन,स्वास्थ्य सेवा तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।तथा महिला सशक्तिकरण से संबंधित शासन की विभिन्न योजनाओं एवम थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से जानकारी देकर व जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरित कर जागरूक किया गया। इसी क्रम में जनपद के विभिन्न थानों की एन्टी रोमियो टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर मनचलों द्वारा छेड़छाड़ व महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत सतत निगरानी करते हुए अभियान चलाया गया। और संदिग्धों की चेकिंग की गयी।

# आकाशीय बिजली से बचाव के लिए लगेंगे लाइटिंग अरेस्टर

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

शासन द्वारा आकाशीय बिजली से बचाव के लिए सभी सरकारी भवनों पर लाइटिंग अरेस्टर लगाने का निर्देश दिया गया है। जिसके तहत कलेक्ट्रेट भवन सहित सभी तहसील भवनों पर लाइटिंग अरेस्टर स्थापित करा दिया गया है। जहां अभी नहीं लगवाया गया है।वहां जल्द लगाया जाएगा।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता ने बताया कि आकाशीय बिजली से होने वाले नुकसान व जनहानि को रोकने के लिए जिले के सभी सरकारी इमारतों पर लाइटिंग अरेस्टर स्थापित कराया जा रहा है। इसके तहत कलेक्ट्रेट, एआरटीओ कार्यालय व जल निगम पानी की टंकियों,सभी तहसीलों व नगर निकायों के भवन पर लाइटिंग अरेस्टर लगाने का कार्य किया जा चुका है। शेष बचे अन्य भवनों पर लगवाने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया है।

# दो पक्षों में हुई जमकर मारपीट, पिता-पुत्र घायल

**जन एक्सप्रेस । तिलोई, अमेठी**

मोहनगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा लोधवारिया में बीते गुरुवार की शाम तीन मोटरसाइकिल व एक स्कूटी पर सवार लगभग दर्जनों हमलावर अचानक परमहंस राम मंदिर के समीप परचून की दुकान में मौजूद पिता पुत्र पर धार हथियार से प्राण घातक हमला कर दिया। बताते चलें कि ग्राम सभा में राजनीतिक वर्चस्व व दबदबा आतंक कायम रखने के चलते किराना व्यापारी रामकिशोर वा उनके पिता योगेश पांडेय पर क्षेत्र में सक्रिय हो रही गैंग ने जिसमें नामजद सचिन तिवारी पुत्र सुरेंद्र तिवारी, शिवम दुबे पुत्र कृष्ण कुमार, राहुल शुक्ला पुत्र राजनंदन शुक्ला वा पांच अज्ञात लोगों की क्षेत्र में एक गैंग का रूप धारण कर चुकी है।अभी लगभग दो साल पहले इसी गैंग ने खबर का कवरेज कर रहे एक पत्रकार पर पुलिस की मौजूदगी में भी जोरदार हमला किया था। फिर इसी गैंग ने किराना व्यापारी पिता पुत्र को लाठी डंडा व धारदार हथियार से बुरी तरह से मारपीट कर किया। मरणासन्न दिनदहाड़े सारे शाम क्षेत्र में इतनी बड़ी वारदात कहीं ना कहीं स्थानीय पुलिस की लचरता को जाहिर कर रहा है। और दबंगों के हौसले कितने बढ़ गए हैं,इसका भी अंदेशा दे रहा है। बात करें अगर मोहनगंज क्षेत्र की तो ऐसी और भी गैंग हैं।

जो क्षेत्र में आतंक का पर्याय बनी हुई है।लेकिनमोहनगंज पुलिस राजनीतिक संरक्षण प्राप्त कर चुके दबंगों के आगे नतमस्तक हो जाती है।और ऐसे ही सीधे-साधे वह असहाय लोग इन दबंगों के शिकार बनते हैं। फिलहाल मोहनगंज क्षेत्र ऐसे दबंगों की दबंगई से जूझ रहा है और मोहनगंज कोतवाल राजनेताओं वा इन दबंगों के चरण वंदन करने में लगे हुए हैं। हालात बद से बत्तर हैं। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक से बात की गई तो बताया उक्त घटना मैं आरोपियों के खिलाफ संगीत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए घायलों को जिला अस्पताल में इलाज करवाया जा रहा है। वही आरोपियों की तलाश जारी है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# वाहनों पर जाति व धार्मिक चिन्ह लिखाने वालों पर चला यातायात पुलिस का हंटर

**जन एक्सप्रेस । सुलतानपुर**



प्रदेश सरकार के आदेश का सख्ती से पालन करवाने के लिए यातायात पुलिस ने कसरत से जांच व कार्यवाही शुरू कर दिया है।

शुक्रवार को यातायात पुलिस के सब इंस्पेक्टर परवेज़ आलम ने सब्जीमंडी स्थित ने ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए ड्यूटी पर मौजूद थे,उसी दरम्यान उन्होनें जांच,पड़ताल शुरू की तो कई वाहन शिकंजे में फंसे जिनके वाहनों पर जाति/धार्मिक चिंन्ह लिखे मिले। टीएसआई परवेज आलम ने चालान की कार्यवाही करते हुए मौजूद वाहन स्वामियों को रोक कर ऐसा ना करने के लिए जागरूक करते हुए यातायात नियमों का पालन करने के लिए कहा। उप निरीक्षक यातायात परवेज आलम ने बताया कि सरकार के आदेश व उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देश का अक्षरशः पालन करवाने के लिए अभियान को और गति के साथ चलाया जाएगा,आदेश की अवहेलना करने वाले वाहन स्वामियों पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

### आज अमहट में जुलूस का आयोजन

**जन एक्सप्रेस/सुलतानपुर।** अंजुमन असगरिया गोराबारिक अमहट की तरफ से शनिवार को रात में 9 बजे हुसैनिया शेख खानी में एक मजलिस का आयोजन किया गया है जिसको मौलाना मुशीर अब्बास खान खेताब करेंगे। इसके बाद शबीह ताबूत हजरत अली अकबर अलैहिस्सलाम व अलम जुलजनाह निकाला जायेगा और यह जुलूस हुसैनिया नौतामीर अमहट पर समाप्त होगा। जिसमें अमहट की सभी अंजुमनें नौहा मातम करेंगी। इसके अलावा रविवार को रात 9बजे अंजुमने लश्करे हुसैन अफलेपुर की तरफ से अफले पुर में एक मजलिस का आयोजन किया गया है जिसको मौलाना मुशीर अब्बास खान पढेगे और रात भर शब्बेदारी होगी जिस में अमहट सुलतानपुर की सभी अंजुमनें रात भर नौहा मातम करेंगी। यह जानकारी हैदर अब्बास खां अध्यक्ष हुसैनी शिया वेलफेयर एसोसिऐशन सुलतानपुर ने दी है।

# छापेमारी में पकड़ी गई अवैध शराब

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी अमेठी व उप आबकारी आयुक्त अयोध्या प्रभार के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक व जिला आबकारी अधिकारी, अमेठी के पर्यवेक्षण में शुक्रवार को जनपद के क्षेत्र अमेठी के थाना पीपरपुर व संग्रामपुर के अंतर्गत ग्राम चंदापुर व छोटी धरौली में आकस्मिक दबिश दी गयी। दबिश के दौरान कुल 55 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। और करीब 450 किलो लहन मौके पर नष्ट किया गया। इस कार्यवाही में तीन अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किया गया।साथ ही गाँव के लोगो को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के टोल फ्री नम्बर अथवा संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर सूचना देने की अपील की गई।साथ ही आबकारी दुकानों के साथ ईंट भट्ठों का निरीक्षण भी किया गया।

# अपनी मांगों को लेकर उ0 प्र0 माध्यमिक शिक्षक संघ ने किया धरना प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



उ0 प्र0 माध्यमिक शिक्षक संघ (एकजुट) के प्रान्तीय नेतृत्व के आवाह्न पर अपनी विभिन्न माँगों को लेकर पूरे प्रदेश में जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालयों पर धरना व ज्ञापन देने के क्रम में शुक्रवार को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय, रायबरेली में जनपद के शिक्षकों ने भारी संख्या में पहुँच कर अपनी विभिन्न माँगों-पुरानी पेंशन बहाली, उ0प्र0 शिक्षा सेवा चयन आयोग अधिनियम 2023 द्वारा उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड 1982 की धारा-21 जो माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों एवं कर्मचारियों की सेवा सुरक्षा से सम्बन्धित एवं उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड 2019 की धारा-18 जो तदर्थ प्रधानाचार्य के वेतन से सम्बन्धित थी, को समाप्त कर दिया गया है। जिसके विरोध में माननीय मुख्यमंत्री जी को सम्बोधित ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक को दिया और माँग की गयी कि राजस्थान, छत्तीसगढ़, झारखण्ड, पंजाब, हिमांचल प्रदेश की तरह पुरानी पेंशन बहाल की जाये तथा उ0प्र0 शिक्षा सेवा चयन आयोग अधिनियम-2023 में उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड की धारा-18 व 21 को पुनः समाहित किया जाये। इस अवसर पर उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षक संघ (एकजुट) रायबरेली के जिलाध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार ने कहा कि यदि शिक्षकों की सेवा सुरक्षा से सम्बन्धित धारा-18 व 21 को पुनः समाहित नहीं किया गया तो जनपद के समस्त माध्यमिक शिक्षक इस वर्ष शिक्षक दिवस नहीं मनायेंगे और काली पट्टी बांधकर विरोध करेंगे। इसके साथ ही कहा कि जनपद और प्रदेश के शिक्षक लामबन्द होकर सड़कों तक आन्दोलन करने के लिए तैयार है। जिलामंत्री मनोज कुमार पटेल ने कहा कि सरकार द्वारा नये चयन आयोग गठन के साथ शिक्षकों की सेवा सुरक्षा से खिलवाड़ करना बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इस मौके पर अशोक कुमार, डॉ0 आर0बी0 श्रीवास्तव, उमाशंकर सिंह, विजयवीर सिंह, इन्द्रसेन, सुनील वर्मा, छोटेलाल गौतम सहित जनपद के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## सूचना

**सम्मन तनकीह**
**न्यायालय श्रीमान् सिविल जज (सी0डि0) फास्ट ट्रैक कोर्ट, रायबरेली**
**मूल वाद संख्या-473/2000**
**रामशंकर द्वारा विधिक उत्तराधिकारीगण**
**वादी**
**बनाम**
**1. हनोमान आदि**
**प्रतिवादी**
**2. रामलखन पुत्र स्व0 श्री राम निवासी-ग्राम भाभीपुर मजरे अटौरा बुजुर्ग परगना सलोन व तहसील-ऊंचाहार, जिला-रायबरेली।**

हरगाह वादी रामशंकर ने अपने नाम नालिश बाबत विशिष्ट सम्पूर्ति संविदा के दायर की हैं लिहाजा आपको हुक्त होता हैं कि आप बतारीख माह **28 अगस्त सन् 2023** ई0 बवक्त 10:00 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकिफ दिया गया और कुल उपरात अहम मुकदमा मुतालिका जवाब दे सकें या जिसके पास कोई और शक्स हो कि जो जवाब ऐसे सवालात का दे सकें हाजिर हो और जवाबदेही दावा को करें और आपको लाजिम हैं कि उसको रोजजुमला दस्तावेजात पेश करें जिस पर ताईद अपनी जवाबदेही के हस्तदलाल करना चाहते हो।

आपको इत्तला दी जाती हैं कि अगर बरोज मजबूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मजमुह और फैसला होगा।

पेशी बयान तहरीले 28.08.2023
दिनांक 22.08.2023
**हस्ताक्षर**
**श्रीमान् सिविल जज (सी0डि0) फास्ट ट्रैक कोर्ट, रायबरेली।**

# पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन मैस प्रबंधक को नकद पुरस्कार से किया गया पुरस्कृत



**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक रायबरेली द्वारा पुलिस लाइन मैस में जवानों को लगातार गुणवत्तायुक्त स्वादिष्ट भोजन बनवाकर कराने के फलस्वरुप रिजर्व पुलिस लाइन रायबरेली मैस प्रबंधक मुख्य आरक्षी शमीम रिजवी को नकद पुरस्कार से पुरस्कृत करते हुये निरन्तर इसी भांति कर्मठता से कर्तव्यों का निर्वहन करने हेतु हौसलाफजाई किया गया और उनके उज्वल भविष्य हेतु शुभकामनायें दी गयी।

# चोरी के सामान व रुपयों सहित 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



अपराध व अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्यवाही के अन्तर्गत शुक्रवार को ग्रामीणों की सूचना पर थाना डीह पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त रामबहादुर पुत्र भोला निवासी पूरे दीना मजरे गोंदवारा थाना डीह रायबरेली को चोरी के 01 अदद जैकेट, 01 अदद चद्दर, घरेलू स्टील बर्तन, कुल 2000ध-नगद (चोरी के) के साथ थाना क्षेत्र से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के विरूद्ध थाना डीह पर मु0अ0स0-341ध् 2023 धारा-457, 380, 411 भादवि पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुये न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप-निरीक्षक अवधेश यादव थाना डीह रायबरेली तथा आरक्षी विकास यादव थाना डीह रायबरेली रहें।

# माटीकला कौशल विकास योजना के अंतर्गत 15 दिवसीय शिल्पकारी प्रशिक्षण हेतु करें सम्पर्क

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित माटीकला समन्वित विकास कार्यक्रम के अंतर्गत माटीकला कौशल विकास योजना के अंतर्गत 15 दिवसीय शिल्पकारी प्रशिक्षण हेतु वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए माटीकला के कारीगारो, शिल्पियों को अपना उद्यम संचालित करना सुगम हो सके। इस उद्देश्य से उनमें निहित कौशल के विकास हेतु माटीकला कौशल विकास योजना संचालित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत दैनिक उपयोग की वस्तुएं बनाना, सजावटी वस्तुएं बनाना, मिट्टी के उत्पादों पर कटिंग-पच्चीकारी. चित्रकारी- नक्काशी आदि विधाओं से संबंधित 15 दिवसीय शिल्पकारी प्रशिक्षण पूर्णतः आवासीय होगा तथा प्रशिक्षण अवधि में रूपये 250 प्रतिदिन की दर से प्रशिक्षु वृत्ति भी प्रत्येक प्रशिक्षार्थी को प्रदान की जायेगी। योजना की विस्तृत जानकारी हेतु जिला ग्रामोद्योग अधिकारी कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क कर सकते है या कनिष्ठ सहायक, आनन्द कुमार मोबाईल नं0 8318013131 तथा सहायक अनुदेशक, मोहित गुप्ता के मोबाईल नं0 8423259390 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

# डीएवी पब्लिक स्कूल में चंद्रयान-3 के चंद्रमा पर अवतरण का सामूहिक रूप से देखा गया प्रसारण

**जन एक्सप्रेस । ऊंचाहार, रायबरेली**

एन0टी0पी0सी0 ऊंचाहार स्थित डी0ए0वी0 पब्लिक स्कूल में सी0बी0एस0ई0 एवं मुख्यमंत्री के आदेशानुसार चंद्रयान-3 के चंद्रमा पर अवतरण का सीधा प्रसारण प्रधानाचार्य के साथ सभी विद्यार्थियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों द्वारा सामूहिक रूप देखा गया। प्रधानाचार्य डॉ देवेंद्र कुमार मिश्र ने चंद्रयान-3 के सफल अवतरण पर सभी को बधाई देते हुए इसरो के सभी वैज्ञानिकों द्वारा विश्व कीर्तिमान स्थापित करने के लिए उनका पूरे विद्यालय परिवार की तरफ से बधाई संदेश भी प्रेषित किया। चंद्रयान मिशन 3 के अवतरण का सीधा प्रसारण देखने के लिए सुबह से ही विद्यार्थियों में उत्सुकता साफ देखी जा सकती थी। डी0ए0वी0 परिवार के द्वारा पिछले दिनों में चंद्रयान-3 के विषय में जागरूकता हेतु कई कार्यक्रम भी आयोजित किए गए हैं। जिस समय चंद्रयान-3 चंद्रमा की सतह पर उतरने का अंतिम प्रयास कर रहा था, उस समय सभी के चेहरे पर चिंता का भाव देखने को मिला और सभी चंद्रयान-3 के कामयाब होने की दुआ करते हुए नजर आए। प्रधानाचार्य ने सभी बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें इसरो के वैज्ञानिकों से प्रेरणा लेने की सलाह दी और बताया कि अब तक विश्व का कोई भी देश चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर अपना यान उतारने में सफल नहीं हुआ है। यह उपलब्धि पूरे विश्व को स्पेस साइंस में रिसर्च के लिए बहुत बड़ा मार्ग प्रशस्त करेगी। अंत में सभी इस उपलब्धि पर मुंह मीठा कराया गया।






# सभी थानों में लगाए जाएं सीसीटीवी कैमरे चालकों का हो वेरीफिकेशनः सीएम योगी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'सेफ सिटी परियोजना' के प्रगति को लेकर विशिष्ट अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान सेफ सिटी परियोजना की सफलता में जनसहयोग का आह्वान किया है। जिसमें मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, चौक-चौराहों, सरकारी व निजी अस्पतालों, शिक्षण संस्थानों में अनिवार्य रूप से सीसीटीवी लगाए जाएं। आम जन, व्यापारियों, संस्थान संचालकों को जागरूक कर उन्हें क्राइम कंट्रोल में सीसीटीवी के महत्व को बताया जाए और सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए प्रेरित करें। सीएम योगी ने कहा कि वर्तमान में सेफ सिटी परियोजना महिलाओं की सुरक्षा पर केंद्रित है। हमें इसे विस्तार देते हुए बुजुर्गों, बच्चों और दिव्यांग जनों की सुरक्षा से भी जोड़ना चाहिए। सेफ सिटी के माध्यम से सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों व दिव्यांग जनों के लिए एक सुरक्षित, संरक्षित एवं सशक्त वातावरण बनाने की मुहिम को आवश्यक तेजी मिलेगी। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि अब तक आगरा, अलीगढ़, बरेली, झांसी, कानपुर, लखनऊ, मुरादाबाद, प्रयागराज, सहारनपुर व वाराणसी स्मार्ट सिटी में पुलिस ने 9396 स्थानों को सीसीटीवी लगाए जाने के लिए चिन्हित किया है, इसमें से अब तक 3489 जगहों पर कैमरे लगाए जा चुके हैं। अयोध्या, गोरखपुर, फिरोजाबाद, मथुरा-वृंदावन, शाहजहांपुर, मेरठ और गाजियाबाद में चिन्हित 7600 से अधिक जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने हैं। इसके लिए एजेंसी चयन की प्रक्रिया चल रही है। बैठक में मुख्यमंत्री ने यूपी सेफ सिटी एप के बारे में एक प्रस्तुतिकरण भी देखा और इसे व्यवहारिक बनाए जाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा की प्रत्येक माह में एक बार जनपद स्तर पर महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों व दिव्यांगजन के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित करें। उनकी समस्याएं सुनें, यथोचित समाधान करें। सफल महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों, दिव्यांगजन की पहचान कर उन्हें रोल मॉडल के रूप में प्रस्तुत करें। यह प्रयास अन्य लोगों के लिए प्रेरक होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सेफ सिटी की परिकल्पना को साकार करने के लिए सार्वजनिक परिवहन वाले वाहन के चालकों का सत्यापन आवश्यक है। ऐसे में, टैक्सी, ई-रिक्शा, ऑटो, टेम्पो आदि वाहन के चालकों का विधिवत पुलिस वेरिफिकेशन किया जाए।

### फुटेज केवल पुलिस को ही उपलब्ध कराई जाएगी

समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि लोग अपनी सुविधानुसार अपने सीसीटीवी फुटेज का डेटा अपने पास ही सुरक्षित रख सकते हैं, लेकिन यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि आवश्यकता पड़ने पर फुटेज केवल पुलिस को ही उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अतिरिक्त, जहां आवश्यकता हो, वहां नगर निगम, स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट अथवा स्थानीय प्रशासन व पुलिस द्वारा सीसीटीवी लगाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने अगले 01 सप्ताह के भीतर सभी पुलिस थानों को सीसीटीवी से लैस करने के निर्देश भी दिए हैं।

### बसों में पैनिक बटन व अन्य सुरक्षा उपायों को लागू करें

समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन सुनिश्चित करने के संकल्प की पूर्ति में फ्रसेफ सिटी परियोजनाफ्र अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही है। प्रदेश में इस परियोजना के माध्यम से लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट के अंतर्गत मॉडर्न कंट्रोल रूम, पिंक पुलिस बूथ, आशा ज्योति केंद्र, सीसीटीवी कैमरे, महिला थानों में परामर्शदाताओं के लिए हेल्प डेस्क, बसों में पैनिक बटन व अन्य सुरक्षा उपायों को लागू करने में सहायता मिली है। अब हमें इसे और विस्तार देना होगा।

### प्रथम चरण में 18 शहरों को किया गया चिन्हित

मुख्यमंत्री ने कहा कि अंतर्विभागीय समन्वय के साथ कन्वर्जेंस के माध्यम से वित्तीय प्रबंधन करते हुए। प्रथम चरण में सभी 17 नगर निगमों और गौतमबुद्ध नगर को सेफ सिटी के रूप में विकसित किया जाना है। जबकि दूसरे चरण में 57 जनपद मुख्यालयों की नगर पालिकाओं और फिर तीसरे चरण में 143 नगर पालिकाओं को सेफ सिटी परियोजना से जोड़ा जाए। ऐसे सभी नगरों के प्रवेश द्वार पर सेफ सिटी का बोर्ड लगा कर इसकी विशिष्ट ब्रांडिंग भी की जानी चाहिए। इस प्रकार, उत्तर प्रदेश सर्वाधिक सेफ सिटी वाला देश पहला राज्य हो सकेगा।

# वर्तमान सत्र 2023-24 में भी नहीं बढेगी निजी आईटीआई की फीसः मंत्री कपिल देव अग्रवाल

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि अभिभावकों एवं युवाओं के हितों को ध्यान में रखते हुए वर्तमान शैक्षिणक सत्र 2023-24 में भी निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में फीस वृद्धि नही किये जाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि कोविड-19 महामारी से उत्पन्न असाधारण परिस्थितियों से अधिकांश अभिभावकों की आर्थिक स्थिति कमजोर हो जाने के कारण हो रही परेशानियां के दृष्टिगत वर्ष 2018 के लिए निर्धारित निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के लिए मानक शुल्क को यथास्थिति रखा गया था। वर्तमान सत्र में भी वर्ष 2018 मे निर्धारित निजी आईटीआई की फीस को ही जारी रखने का निर्णय लिया गया है। उल्लेखनीय है कि इस सम्बन्ध में विशेष सचिव, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग अभिषेक सिंह की ओर से आवश्यक शासनादेश जारी कर दिया गया है। उन्होंने शासनादेश में निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उ.प्र. लखनऊ को आगामी सत्र 2024-25 के लिए फीस नियतन का प्रस्ताव ससमय माह अप्रैल, 2024 तक उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिए है।

# भारत इतिहास में कभी भी हिंदू राष्ट्र नहीं था, भविष्य में हो भी नहीं सकताः स्वामी प्रसाद मौर्य

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि आज तक भारत कभी हिंदू राष्ट्र था ही नहीं। जब आज तक भारत कभी हिंदू राष्ट्र नहीं था तो अब हिंदू राष्ट्र हो ही नहीं सकता। देश का संविधान पंथ निरपेक्ष विचारधारा पर आधारित है, जिसमें हिंदू-मुस्लिम-सिख-इसाई आपस में हैं सब भाई-भाई की बात को संस्कृति के रूप में मानते हैं और स्वीकारते भी हैं। सपा के राष्ट्रीय महासचिव शुक्रवार को जातीय जनगणना विषयक विचार गोष्ठी में भाग लेने आए थे और मीडिया से रूबरू थे। उन्होंने कहा कि हिंदू राष्ट्र की बात करेंगे तो कोई क्यों खालिस्तान की मांग नहीं कर सकता। धर्म के नाम पर बांटने की बात दोहरा नहीं सकता। लंबी गुलामी के बाद आजादी मिली है, इसलिए देश को बांटने वालों की साजिश से सावधान रहना होगा। जूता कांड में राजभर के बयान पर स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि जब घटना करने वाले ने खुद को भाजपा का कार्यकर्ता बता दिया है तो कौन क्या कह रहा है, इस पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि सत्ता में आने से पहले जातीय जनगणना की बात और वादे किए जाते हैं, लेकिन सत्ता में आने के बाद मुकर जाते हैं। भाजपा की डबल इंजन सरकार ने जातीय जनगणना की परंपरा को खत्म कर दिया है। यही वजह है कि पिछड़ों को राहत नहीं मिल पाती है। सपा सत्ता में आई तो जातीय जनगणना कराई जाएगी। स्वामी डॉ. लोहिया-अंबेडकर विचार मंच उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में शुक्रवार को फिरोज गांधी महाविद्यालय के इंदिरा गांधी सभागार में बीपी मंडल जयंती समारोह-2023 पर जातीय जनगणना विचार गोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। गोष्ठी की अध्यक्षता पूर्व प्राचार्य डॉ. राम बहादुर वर्मा, संयोजन राजेश चंद्रा और संचालन जय चक्रवर्ती ने किया। रामसेवक वर्मा ने आभार जताया। इस मौके पर पीएल पाल, गणेश प्रसाद मौर्य, शिवराम प्रजापति, राम सिंह यादव, रामे यादव, चंद्रराज पटेल, राजेंद्र प्रताप यादव, अतुल प्रधान, रज्जू खान, राहुल निर्मल, सुनील दत्त, राजवंत सिंह, सुनील यादव, अशोक प्रियदर्शी आदि मौजूद रहे।

### सामाजिक न्याय के लिए जातीय जनगणना जरूरी

स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि सामाजिक न्याय के लिए जातीय जनगणना जरूरी है। दलितों, पिछड़ों, वंचितों का हक मारने वाली भाजपा वादा करने के बाद भी जनगणना नहीं करा रही है। इस मुद्दे को गांव-गली तक ले जाएं, तभी जातीय जनगणना होगी। यही बीपी मंडल को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# यूपी बोर्डः बढ़ाई गई दसवीं के परीक्षा फार्म भरने की डेट, 9वीं और 11वीं में पंजीकरण अब 10 सितंबर तक

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

शासन ने वर्ष 2024 के बोर्ड परीक्षा (10वीं व 12वीं) का फार्म भरने व 9वीं-11वीं के पंजीकरण की तिथि 10 सितंबर तक बढ़ा दी है। हालांकि बोर्ड परीक्षा फार्म भरने के लिए 100 रुपये विलंब शुल्क भी देना होगा। शासन के अनुसार कक्षा 10 व 12वीं के संस्थागत व व्यक्तिगत परीक्षार्थियों के परीक्षा शुल्क प्राप्त करने/आवेदन पत्र ऑनलाइन भरने की तिथि 16 अगस्त से बढ़ाकर 10 सितंबर कर दी गई है। 10 सितंबर तक 100 रुपये प्रति छात्र विलंब शुल्क के साथ परीक्षा शुल्क चालाना के माध्यम से कोषागार में जमा किए जा सकेंगे। वहीं विलंब शुल्क के साथ जमा परीक्षा शुल्क की सूचना, शैक्षिक विवरण वेबसाइट पर इसी तिथि तक अपलोड कर सकेंगे। 11 से 13 सितंबर तक ऑनलाइन अपलोड सूचना की जांच कर सकेंगे लेकिन इसमें अपडेशन नहीं हो सकेगा। 14 से 20 सितंबर तक ऑनलाइन विवरण में संशोधन किया जा सकेगा लेकिन नया पंजीकरण नहीं होगा। माध्यमिक शिक्षा विभाग के विशेष सचिव डॉ. रुपेश कुमार ने बताया कि 50 रुपये पंजीकरण शुल्क की दर से कोषागार में एकमुश्त जमा व शैक्षिक विवरण ऑनलाइन अपलोड किया जा सकेगा।

# बिजली संकट ने किसानों को कर्ज में लाद दिया

## अखिलेश बोले, बीजेपी राज में किसान खुशहाल...का दावा कर रहे सीएम

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में किसान सर्वाधिक बदहाली की जिंदगी जी रहा है। प्राकृतिक आपदा के साथ सरकारी कुव्यवस्थाओं के चलते हालात दिन पर दिन बिगड़ते जा रहे हैं पर भाजपा सरकार को गरीबों, किसानों की कोई चिंता नहीं है। बाढ़, सूखा के संकट के साथ बिजली संकट ने किसानों को कर्ज के बोझ से भी लाद दिया है जिससे तंग आकर वह आत्महत्या करने को मजबूर हो रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री यह दावा करते नहीं थकते हैं कि भाजपा राज में किसान खुशहाल है। उनका कहना है कि अब किसान आत्महत्या नहीं करते हैं पर उनके झूठ को उजागर करती दो घटनाएं हैं जहां किसानों ने कर्ज से तंग होकर आत्महत्या कर ली। बांदा के तिंदवारी के बेंदा गांव में 35 वर्षीय ललित कुमार सिंह ने परेशानी में फांसी लगा ली। झांसी के गांव तिलेरा में किसान ने आत्महत्या कर ली। अखिलेश ने कहा कि कहीं सूखा, कहीं बाढ़ के हालात ने किसानों को कहीं का नहीं रखा है। किसानों की मुश्किलों की फिक्र भाजपा सरकार को नहीं है। अभी तक न तो प्राकृतिक आपदा पीड़ित क्षेत्रों का सर्वे कराया गया है और नहीं मुआवजा दिया गया है। लखीमपुर खीरी, मवाना, के अलावा गंगा, सरयू तटवर्ती गांवों में तबाही मची है। अम्बेडकर नगर सहित कई जनपदों में वर्षा का संकट हैं किसान पानी को तरस रहे हैं। धान के खेतों में दरार देखकर अन्नदाता की चिंता बढ़ती जा रही है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार ने अपने राज में एक यूनिट बिजली का उत्पादन नहीं किया।

# रास्ते से हटने को कहा तो बच्चों के सामने स्कूल वैन चालक को पीट-पीटकर मार डाला

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

नगराम कस्बे के डोभिया गांव में शुक्रवार सुबह एक सिरफिरे ने वैन चालक की लाठी से पीट-पीटकर हत्या कर दी। उसने स्कूली बच्चों के सामने ही वारदात को अंजाम दिया। ग्रामीणों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द किया। सिरफिरे ने वारदात को सिर्फ इसलिए अंजाम दिया, क्योंकि चालक ने उसे रास्ते से हटने के लिए कहा था। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मोहनलालगंज के बेलहियाखेड़ा में विश्वनाथ प्रसाद मेमोरियल इंटर कॉलेज है। कॉलेज प्रबंधक राजेश यादव का छोटा भाई अखिलेश यादव (42) स्कूल की वैन चलाता है। शुक्रवार सुबह वह बच्चों को लेने निकला था। डोभिया गांव में उसने रामअधार लोध की बेटी को वैन में बैठाया। वहां से चला तो गांव किनारे बीच सड़क पर अनिल उर्फ अजीत लाठी लिए खड़ा था। प्रत्यक्षदर्शी बच्चों व ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि वैन देखकर भी अनिल रास्ते से नहीं हटा तो अखिलेश ने खिड़की से सिर निकालकर उसे हटने के लिए कहा। इस पर वह गालियां देते हुए पास पहुंचा और वैन की चाबी निकाल ली। इसके बाद जैसे ही अखिलेश वैन से उतरा, अनिल ने लाठी से उसके सिर पर दो-तीन वार कर दिए। इस पर वह जमीन पर गिर गया। इसके बाद अनिल उसके सिर व चेहरे पर वार करता रहा। जब तक ग्रामीण पहुंचे, तब तक अखिलेश बेजान सा हो गया था।

# इंदु इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल का हुआ भूमि पूजन

✻ मुख्य अतिथि रहे पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा

जन एक्सप्रेस । राजीव दिवाकर सिंह



**लखनऊ।** अलीगंज स्थित इंदु मेडिकल सेंटर हॉस्पिटल के मालिक डॉ रजनीश श्रीवास्तव व उनकी पत्नी डॉ कालिंदी श्रीवास्तव द्वारा गुरुवार को जानकीपुरम विस्तार कालोनी में इंदु इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल) का भूमि पूजन का कार्यक्रम बहुत ही हर्सोउल्लास व भगवान की पूजा अर्चना कर मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा व मिश्रिख सांसद अशोक रावत शरीक हुए। पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा ने कार्यक्रम में आये हुए लोगो से कहा कि इंदु मेडिकल सेंटर, में लोगो का पूरी सहूलियत के साथ इलाज किया जाता है। तथा ये वो हॉस्पिटल है जहाँ लोगो के इलाज को रुपयों से ज्यादा तवज्जों दी जाती है। बताते चलें कि उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में इंदु मेडिकल सेन्टर हॉस्पिटल अपनी एक अलग ही पहचान रखता है। हॉस्पिटल के मालिक डॉ रजनीश श्रीवास्तव व उनकी पत्नी डॉ कालिन्दी श्रीवास्तव लखनऊ शहर के प्रसिद्ध चिकित्सकों में से एक है, जानकारी के अनुसार लगभग 14 वर्ष पहले इंदु मेडिकल सेन्टर हॉस्पिटल की पहली यूनिट का निर्माण अलीगंज में किया गया था। डॉ रजनीश श्रीवास्तव व उनकी उनकी पत्नी की मेहनत व आने वाले मरीजो की दुआओं का ही असर है कि करीब 14 वर्ष बाद अलीगंज में ही इंदु मेडिकल सेन्टर की दूसरी यूनिट का शुभारंभ हुआ। अब इंदु मेडिकल सेन्टर हॉस्पिटल की तीसरी यूनिट इंदु इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल बनने जा रहा है, जिसका आज भूमि पूजन भी हो गया है। डॉ रजनीश श्रीवास्तव के अनुसार इस सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल में हार्ट यूनिट भी होगी जिसमें एंजियोप्लास्टी आदि सभी सुविधाये इस हॉस्पिटल में होंगी। डॉ रजनीश श्रीवास्तव व उनकी पत्नी डॉ कालिंदी श्रीवास्तव लखनऊ शहर के जाने मानें चिकित्सको में से है तथा यह कहना अतिश्योक्ति नही होगी कि इंदु मेडिकल सेन्टर एक मात्र ऐसा हॉस्पिटल है जहाँ पैसों से ज्यादा मरीज और मरीज इलाज को तवज्जो दी जाती है। डॉ श्रीवास्तव व हॉस्पिटल के स्टाफ की मेहनत का ही नतीजा है कि आज इंदु मेडिकल सेन्टर उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में ही नही आस पास के जिलों में भी अच्छे इलाज व अच्छे व्यवहार के लिए जाना जाता है। डॉ रजनीश श्रीवास्तव व डॉ कालिंदी श्रीवास्तव के बहुत ही सौम्य व मधुर व्यवहार के चलते ही हॉस्पिटल में आने वाले मरीज एक पारिवारिक सदस्य की छाप छोड़कर जाते हैं। आज के भूमि पूजन के कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ दिनेश शर्मा पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश, सांसद अशोक रावत, इंदु मेडिकल स्टाफ में अवंतिका सिंह, प्रज्ञा, अंकित, दीपक शुक्ला, महेंद्र प्रताप सिंह, कुणाल श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# भारी बारिश से इटौंजा की सड़कें जलमग्न, नागरिक परेशान



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ जिले की नगर पंचायत इटौंजा में पिछले दो दिनों से हो रही बारिश के कारण इटौंजा नगर पंचायत में पड़ने वाली सड़क सड़क जलमग्न हो गई हैं, बता दें कि इटौंजा बाजार को जोड़ने वाली अशोक रोड जलमग्न जर्जर होने से निकलने वाले राजगीरों व छात्र-छात्राएं काफी परेशान व मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है वहीं बाजार रोड से स्टेशन की तरफ जाने वाली सड़क पर दो फीट तक पानी भर जाने के कारण राजगीरों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा हैं। वहीं दुर्गा मंदिर के बगल में भारी बारिश के कारण 4 से 5 दुकान जलमग्न हो गई जिससे कि दुकानदारों व नागरिकों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा हैं। वहीं दो दिन की हुई बारिश ने नगर पंचायत इटौंजा की पोल खोल कर रख दी है, अधिशासी अधिकारी एवं कर्मचारी इस जल को निकालने में असमर्थ नजर आ रहे हैं। वहीं नागरिकों का कहना है कि इटौंजा की सबसे बड़ी समस्या जल भराव की है जो की भारी बारिश के कारण सड़क नाली पूरी तरह से जलमग्न हो जाती हैं इससे निजात अभी तक इटौंजा नगर वासियों को नहीं मिली है।

# सविता समाज युवा संस्थान के पूर्व अध्यक्ष अनूप वर्मा की पुण्यतिथि मनाई गई

✻ सुंदरकांड का हुआ आयोजन,बड़ी संख्या में लोग रहे मौजूद

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



सविता समाज युवा संस्थान के संस्थापक एवं अध्यक्ष रहे अनूप वर्मा की तीसरी पुण्यतिथि पर जननायक कर्पूरी ठाकुर पार्क अलीगंज में सुंदरकांड का आयोजन किया गया।इस अवसर सविता समाज युवा संस्थान की वर्तमान अध्यक्षा राधा रानी वर्मा ने बताया कि यह आयोजन पिछले तीन वर्षों से हमारे कर्मठ साथी अनूप वर्मा जी की पुण्य स्मृति में किया जाता है।आज इस मौके पर सुंदरकांड पाठ किया गया।जिसमे बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।इस अवसर पर संरक्षक शिवदत्त वर्मा ने बताया कि जननायक कर्पूरी ठाकुर जो कि हमारे सविता समाज के गौरव हैं, की मूर्ति की स्थापना इस पार्क में की गई है।हर वर्ष उनकी स्मृति में 24 जनवरी को भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज द्वारा किया जाता है।हमारे समाज की यह मांग है कि इस पार्क का सुन्दरी करण और जीर्ण उद्धार सरकार द्वारा कराया जाए, मूर्ति पर छतरी लगे और जाली को ठीक करवाया जाए।पार्क की प्रकाश व्यवस्था भी ठीक नहीं है उसमें भी समुचित सुधार करवाया जाए।इस मौके पर सविता समाज के उपाध्यक्ष पंकज वर्मा, प्रभात वर्मा, महासचिव बुद्ध प्रकाश, विजय वर्मा मोनू, सचिव राम सुमिरन, कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार, संगठन मंत्री कौशल किशोर, अभिजीत वर्मा, महामंत्री रंजन, शिवकुमार, प्रचार मंत्री गुलाब शर्मा, अरविंद शर्मा, विधि सलाहकार एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद, घनश्याम शर्मा एम.डब्ल्यू.ओ. प्रान्तीय अध्यक्ष-अमेठी, अरविंद प्रसाद सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और सहयोगी साथी उपस्थित रहे।

### लामार्ट का छात्र लापता, मां ने पति पर दर्ज कराई एफआईआर

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। लामार्ट कॉलेज का एक 13 वर्षीय छात्र बुधवार सुबह स्कूल जाने के बाद लापता हो गया। छात्र की मां ने अपने पति और अज्ञात पर गौतमपल्ली थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस छात्र की तलाश में जुटी है। उसकी आखिरी लोकेशन कोलकाता मिली है। पुलिस की एक टीम कोलकाता के लिए रवाना हुई है। माल एवेन्यू निवासी एनआरआई सिमि अहमद अपने बेटे साद अशरफउद्दीन अहमद के साथ रहती हैं। सिमि के मुताबिक बुधवार सुबह सात बजे साद लामार्ट कॉलेज जाने के लिए घर से निकला था। लेकिन, वह स्कूल नहीं पहुंचा। उनके मोबाइल नंबर पर दोपहर तीन बजे बेटे के नंबर से एक व्हाट्सएप मैसेज आया, जिसमें लिखा था कि...मुझे स्कूल से आने में देर हो जाएगी। शाम छह बजे एक और मैसेज आया...जिसमें लिखा था...सिमि आईएम लीविंग टू द यूएसए विद अब्बा, आई डू नॉट वांट टू स्टे विद यू। प्लीज लीव मी अलोन...। मैसेज पढ़ने के बाद सिमि ने थाने पहुंचकर तहरीर दी। उनका आरोप है कि उनके पति शाद अहमद उसको ले गए हैं या फिर किसी अन्य की साजिश है।

# गोमती नदी का जल स्तर बढ़ा, किसान की फसलें पानी में डूबी

✻ दो दिनों से हो रही बारिश के कारण धान की फैसले डूबी, किसान परेशान

जन एक्सप्रेस । पीयूष द्विवेदी



**बीकेटी लखनऊ।** लखनऊ जिले की बख्शी का तालाब तहसील क्षेत्र में पड़ने वाली गोमती नदी का जल स्तर बढ़ने से चार से पांच गांव के किसानों की धान, भिंडी, तुरई, लौकी की फसलें पानी में डूब गई है। आपको बताते चले कि दो दिन से लगातार हो रही भारी बारिश के कारण गोमती नदी का जल स्तर बढ़ गया और गोमती नदी का पानी किसानों के खेतों तक पहुंच गया जिससे कि किसान की धान,भिंडी, लौकी, तुरई अन्य फैसले पानी में डूब गई हैं। वहीं दुघरा गांव से जमखनवां गांव को जोड़ने वाली सड़क पर गोमती नदी का पानी बहाने से दुघरा गांव के राहगीरों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा हैं। वहीं सुल्तानपुर बहादुरपुर को जोड़ने वाली सड़क पर भी पानी भर जाने से इन गांवों के नागरिकों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा हैं। बता दे की अकड़रिया कलां, अकड़रिया खुर्द, लासा, हरदा कॉलोनी, सुल्तानपुर, बहादुरपुर, दुघरा, जमखनवां इन तराई इलाकों में पड़ने वाले गांव के किसानों की फसल पानी की चपेट में आने से डूब गई हैं जिससे कि किसान परेशान है। वहीं अकड़रिया कला के किसान लक्ष्मण वर्मा की चार बीघा धान पानी में डूब गए, बहादुरपुर निवासी लोकनाथ वर्मा की धान की फसल डूब गई, वहीं लासा गांव के किसानों की भी फसल डूब गई जिससे कि किसान परेशान व निराश नजर आ रहे हैं। दुघरा गांव निवासी दिलीप रावत की चार बीघे धान की फसल पानी में डूब गई है। वहीं बीकेटी तहसील के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने अभी तक इन डूबी हुई फसलों का निरीक्षण तक नहीं किया है और ना तो कोई जिम्मेदार नेता अभी तक इस इलाके में किसानों से मिलने आया है जिससे कि किसान परेशान है।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

## यूपी की गठबंधन सियासत पर भारी पड़ सकती हैं कांग्रेस की हसरतें और हकीकत

**ऐन मौके पर यदि बसपा भी इस गठबंधन में शामिल हो गई तो वह भी इससे कम सीटें अपने लिए नहीं चाहेगी। फिर राष्ट्रीय लोकदल भी 8-10 सीटों पर उम्मीद लगाए बैठा है। ऐसे में यह कहा जा सकता है कि कांग्रेस ने यूपी में अपनी हकीकत को समझने की बजाय हसरतों पर ज्यादा ध्यान दिया तो सपा के लिए कांग्रेस से दूरी बनाए रखने का रास्ता खुल जाएगा। ऐसा मुश्किल भी नहीं है क्योंकि 2017 में कांग्रेस के साथ समाजवादी पार्टी गठबंधन करके देख चुकी है, तब उसे विधानसभा चुनाव में कोई खास फायदा नहीं हुआ था।**

*उत्तर प्रदेश कांग्रेस की कमान हाथ में आने के बाद जिस तरह से कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष अजय राय ने राहुल-प्रियंका के क्रमशः अमेठी-वाराणसी से लोकसभा चुनाव लड़ने को लेकर राग छेड़ा है, उससे पार्टी के कार्यकर्ताओं में नया जोश भर गया है। यहां तक कि कांग्रेस आलाकमान को भी लगने लगा है कि उसने यूपी कांग्रेस की जिम्मेदारी अजय राय को सौंप कर तीर निशाने पर मार दिया है। सपा के आईएनडीआई गठबंधन और अजय राय के धमाकेदार अंदाज के सहारे कांग्रेस एक बार फिर से यूपी में अपनी खोई जमीन को मजबूत करने की कोशिश में जुट गई है। वैसे यह प्रयोग कोई नया नहीं है, 2017 के विधान सभा चुनाव में भी इसी तरह का गठबंधन हुआ था, मगर यूपी के वोटरों को यह साथ पसंद नहीं आया था। इसलिए राजनैतिक पंडित इस बार भी गठबंधन को लेकर ज्यादा उत्साहित नहीं हैं। परंतु इसके उलट इस बार कांग्रेस की नजर यूपी की ऐसी एक चौथाई सीटों पर है, जिन पर पार्टी अपने आप को मजबूत स्थिति में समझती है। खैर, कांग्रेस के दावों से अलग बात की जाए तो उसके (कांग्रेस) लिए सबसे बड़ी चिंता यूपी में घटते हुए जनाधार की है। ऐसे में जब एनडीए को हराने के लिए आईएनडीआईए गठबंधन के साथ कांग्रेस आगे बढ़ रही है तो पार्टी का फोकस उन सीटों पर है, जहां पार्टी पिछले चुनाव में दूसरे या तीसरे स्थान पर रही थी। कांग्रेसियों का कहना है कि करीब दो दर्जन लोकसभा सीटों पर पार्टी अपनी दावेदारी ठोक सकती है। इनमें रायबरेली व अमेठी के साथ वाराणसी, महाराजगंज, कुशीनगर, फैजाबाद, डुमरियागंज, बांसगांव, गोंडा, श्रावस्ती, शाहजहांपुर, खीरी, कानपुर, उन्नाव, प्रतापगढ़, बरेली, पीलीभीत, रामपुर, फर्रुखाबाद, बाराबंकी व मुरादाबाद जैसी सीटें शामिल हैं। बात पिछले चार लोकसभा चुनाव के नतीजों की कि जाए तो कांग्रेस का सबसे बेहतर प्रदर्शन 2009 में ही रहा था। आज सिर्फ सोनिया गाँधी की एक लोकसभा सीट वाली कांग्रेस ने 2009 में 21 सीटों पर जीत दर्ज की थी। तब इसका श्रेय राहुल गांधी को दिया गया था। 2009 में कांग्रेस द्वारा जीती गयी सीटों में अमेठी, रायबरेली, मुरादाबाद, धौराहरा, उन्नाव, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फर्रुखाबाद, कानपुर, अकबरपुर और झांसी जैसी सीटें शामिल थीं। पार्टी चाहती है कि एक बार फिर से इन सीटों पर अपनी पूरी ताकत लगाई जाए। कांग्रेस का फोकस सीट के जातीय समीकरण के साथ पार्टी के पूर्व के प्रदर्शन पर भी निर्भर करता है। 2009 के बाद 2014 के लोकसभा चुनाव में पार्टी को जबरदस्त झटका लगा था और कांग्रेस सिर्फ अपनी दो परंपरागत सीटों- रायबरेली व अमेठी में ही जीत हासिल कर सकी थी। 2019 के चुनाव में तो कांग्रेस की सिर्फ एक सीट ही रह गई थी। इन चुनावों में सपा-बसपा के गठबंधन की वजह से कांग्रेस ने कई सीटों पर अपने प्रत्याशी नहीं उतारे थे, जबकि कई सीटों पर कांग्रेस तीसरे नबंर पर रही थी। रामपुर, बरेली, शाहजहांपुर, खीरी, उन्नाव, फर्रुखाबाद, बाराबंकी, फैजाबाद, डुमरियागंज, बस्ती व कुशीनगर में भी कांग्रेस के प्रत्याशी तीसरे नंबर पर रहे थे। अमेठी में राहुल गांधी व कानपुर में श्रीप्रकाश जायसवाल दूसरे स्थान पर रहे थे। रायबरेली की सीट कांग्रेस के खाते में इसलिए आई थी क्योंकि अमेठी के साथ-साथ यहां से सपा ने अपना प्रत्याशी नहीं उतारा था। इसके बावजूद राहुल गांधी अमेठी से हार गए थे। बहरहाल, कांग्रेस भले ही उत्तर प्रदेश में बड़ी उड़ान के सपने देख रही है, लेकिन यह मिशन समाजवादी पार्टी के बिना पूरा होते दिखाई नहीं दे रहा है, ऐसे में सवाल यह भी है कि क्या समाजवादी पार्टी का नेतृत्व कांग्रेस की उम्मीद के अनुसार उसे लोकसभा की सीटें दे देगा। अगर नहीं देगा तो गठबंधन में दरार भी पड़ सकती है।*

एक्सप्रेस आलेख

**विश्व बैंक के एक अनुमान के अनुसार भारत की कुल जनसंख्या वर्तमान के 140 करोड़ के स्तर से वर्ष 2027 में 161 करोड़ के स्तर से पहुंच जाएगी। वित्तीय वर्ष 2023 में भारत में 53 करोड़ नागरिक, कार्यशील जनसंख्या (15 से 64 वर्ष के बीच) की श्रेणी में शामिल है जबकि वित्तीय वर्ष 2047 में यह संख्या बढ़कर 72.5 करोड़ हो जाएगी। अर्थात, वित्तीय वर्ष 2023 में भारत की कुल जनसंख्या का 37.9 प्रतिशत भाग ही कार्यशील जनसंख्या की श्रेणी में शामिल है जो वित्तीय वर्ष 2047 में बढ़कर 45 प्रतिशत हो जाएगा। साथ ही, कार्यशील जनसंख्या में से वित्तीय वर्ष 2023 में आय कर अदा करने की श्रेणी में 31.3 करोड़ नागरिक शामिल थे।**

## मोदी के राज में गरीबी हो रही दूर, नागरिकों की औसत आय में तेज वृद्धि से देश हो रहा खुशहाल



प्रह्लाद सबनानी

**यह वित्तीय वर्ष 2023 में कुल कार्यशील जनसंख्या का 59.1 प्रतिशत था और वित्तीय वर्ष 2047 में यह बढ़कर 78 प्रतिशत हो जाएगा। युनाईटेड नेशन्स के एक अन्य अनुमान के अनुसार भारत में कार्यशील जनसंख्या (15 से 64 वर्ष के बीच) वर्ष 2040 तक बढ़ती रहेगी एवं अपने उच्चत्तम स्तर पर पहुंच कर इसके बाद घटनी शुरू होगी। वर्ष 2047 में भारत की कुल कार्यशील जनसंख्या का 22 प्रतिशत भाग ही कृषि क्षेत्र पर निर्भर रहेगा।**

भारत में लगातार मजबूत हो रही आर्थिक स्थिति का असर अब देश के नागरिकों की औसत आय में वृद्धि के रूप में भी देखने को मिल रहा है। गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले नागरिक मध्यम वर्ग की श्रेणी में एवं मध्यम वर्ग की श्रेणी के नागरिक उच्च वर्ग की श्रेणी में स्थानांतरित हो रहे हैं। भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक अनुसंधान विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 से सम्बंधित आय कर विवरणियों के आंकड़ों का एक विशेष अध्ययन किया गया है एवं इस अध्ययन के उपरांत उक्त निष्कर्ष निकाले गए हैं। इस संदर्भ में जारी किए गए एक प्रतिवेदन के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2022-23 से सम्बंधित आय कर विवरणियों की संख्या रिकॉर्ड स्तर 7 करोड़ तक पहुंच गई है। वित्तीय वर्ष 2046-47 के लिए अनुमान लगाया गया है कि भारत में 48.2 करोड़ नागरिक आय कर विवरणियां फाइल कर रहे होंगे। वित्तीय वर्ष 2012 से वित्तीय वर्ष 2023 के बीच निम्न स्तर की आय दर्शाने वाले नागरिकों में से 13.6 प्रतिशत नागरिक मध्यम श्रेणी की आय दर्शाने वाली श्रेणी में शामिल हो गए हैं। जबकि वित्तीय वर्ष 2024 से वित्तीय वर्ष 2047 के बीच निम्न स्तर की आय दर्शाने वाले नागरिकों में से 25 प्रतिशत नागरिक मध्यम श्रेणी की आय दर्शाने वाली श्रेणी में शामिल हो जाएंगे। वित्तीय वर्ष 2014 में आय कर विवरणियां दाखिल करने वाले नागरिकों की औसत आय 4.4 लाख रुपए थी जो वित्तीय वर्ष 2023 में तीन गुना से भी अधिक बढ़कर 13 लाख रुपए हो गई है एवं वित्तीय वर्ष 2047 में और अधिक बढ़कर 49.7 लाख रुपए हो जाएगी। इसका कारण यह बताया गया है कि देश में हो रहे आर्थिक विकास का लाभ अब आम नागरिकों की आय में वृद्धि के रूप में दिखाई देने लगा है, जिसके चलते निम्न आय की श्रेणी के नागरिक उच्च आय की श्रेणी में शामिल हो रहे हैं। दूसरे, आय कर विवरणियां दाखिल करने वाले नागरिकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। एक अनुमान के अनुसार, देश में आय कर विवरणियां दाखिल करने योग्य नागरिकों में से केवल 22.4 प्रतिशत नागरिक ही आय कर विवरणियां दाखिल कर रहे हैं जबकि वित्तीय वर्ष 2047 में यह संख्या बढ़कर 85.3 प्रतिशत होने जा रही है। वित्तीय वर्ष 2023 में भारत में प्रति व्यक्ति आय 2 लाख रुपए प्रतिवर्ष (2500 अमेरिकी डॉलर) आंकी गई है जबकि वित्तीय वर्ष 2047 में यह बढ़कर 14.9 लाख रुपए प्रतिवर्ष (12,400 अमेरिकी डॉलर) होने जा रही है। भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न आर्थिक कार्यक्रमों जैसे 'स्किल इंडिया' आदि के चलते प्रति व्यक्ति आय में उक्त वृद्धि होने जा रही है। साथ ही, भारत के लिए कई नए क्षेत्रों जैसे 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स', 'इलेक्ट्रॉनिक



**चीन में आर्थिक विकास की दर अब लगातार कम हो रही है, शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी की दर बढ़कर लगभग 20 प्रतिशत तक पहुंच गई है, चीन में विशेष रूप से कन्स्ट्रक्शन एवं बैंकिंग के क्षेत्र में विकराल समस्याएं आ रही हैं, इस क्षेत्र में कार्य कर रही बड़ी बड़ी कम्पनियों के डूबने का खतरा मंडरा रहा है। चीन का निर्यात लगातार कम हो रहा है।**

व्हीकल्स', 'स्पेस टेक्नॉलजी' डिफेन्स के क्षेत्र, आदि में अपार सम्भावनाएं मौजूद हैं और इन क्षेत्रों में भारत का दबदबा बढ़ने की सम्भावना है। दिल्ली, तमिलनाडु, केरल, गुजरात, कर्नाटक एवं महाराष्ट्र में अन्य राज्यों से श्रमिकों का पलायन हो रहा है क्योंकि यह राज्य उद्योग प्रधान राज्य हैं। श्रमिकों के पलायन से इन राज्यों को सीधे-सीधे लाभ हो रहा है क्योंकि इससे इन राज्यों के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दृष्टिगोचर है एवं इससे इन राज्यों से आय कर विवरणियां भी अधिक संख्या में फाइल हो रही हैं। साथ ही, वित्तीय वर्ष 2012 में कुल आय कर विवरणियां फाइल करने वाले नागरिकों में से 84.1 प्रतिशत नागरिकों ने कर निर्धारित की जाने वाली राशि से कम राशि (शून्य कर देयता राशि) की आय कर विवरणियां फाइल की थीं जबकि वित्तीय वर्ष 2023 में यह संख्या घटकर 64 प्रतिशत हो गई है, इससे भी यह झलकता है कि अब नागरिकों की औसत आय में वृद्धि हो रही है। चीन में आर्थिक विकास की दर अब लगातार कम हो रही है, शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी की दर बढ़कर लगभग 20 प्रतिशत तक पहुंच गई है, चीन में विशेष रूप से कन्स्ट्रक्शन एवं बैंकिंग के क्षेत्र में विकराल समस्याएं आ रही हैं, इस क्षेत्र में कार्य कर रही बड़ी बड़ी कम्पनियों के डूबने का खतरा मंडरा रहा है। चीन का निर्यात लगातार कम हो रहा है। चीन की केंद्र एवं राज्य सरकारों ने इतना अधिक कर्ज लिया है कि अब इस कर्ज पर ब्याज चुकाने के लिए भी उन्हें कर्ज लेना पड़ रहा है। चीन में युवाओं की आबादी कम होकर बुजुर्गों की आबादी लगातार बढ़ रही है। चीनी युवाओं का ही चीन की अर्थव्यवस्था पर अब भरोसा नहीं रहा है। इस माहौल में विदेशी निवेशकों ने चीन में निवेश करने से मुंह मोड़ लिया है। अब विदेशी निवेशक जापान, ताईवान एवं भारत जैसे देशों की ओर रूख कर रहे हैं। जापान में चूंकि युवाओं की आबादी बहुत कम है एवं बुजुर्गों की आबादी अधिक होती जा रही है अतः विदेशी निवेश को सम्हालने की ताकत जापान में अब पहले जैसे नहीं रही है। इसके साथ ही ताईवान एक छोटा देश है अतः अत्यधिक बढ़ी राशि के विदेशी निवेश ताईवान में करने की अपनी सीमाएं हैं। जबकि भारत में युवाओं की आबादी विश्व में सबसे अधिक है एवं भारत में उत्पादित वस्तुओं के लिए विश्व का सबसे बड़ा उपभोग बाजार उपलब्ध है। इस प्रकार कुल मिलाकर अब विदेशी निवेशकों को निवेश की दृष्टि से केवल भारत ही एक आकर्षण का केंद्र नजर आ रहा है। विश्व बैंक के एक अनुमान के अनुसार भारत की कुल जनसंख्या वर्तमान के 140 करोड़ के स्तर से वर्ष 2027 में 161 करोड़ के स्तर पर पहुंच जाएगी। वित्तीय वर्ष 2023 में भारत में 53 करोड़ नागरिक, कार्यशील जनसंख्या (15 से 64 वर्ष के बीच) की श्रेणी में शामिल है जबकि वित्तीय वर्ष 2047 में यह संख्या बढ़कर 72.5 करोड़ हो जाएगी। अर्थात, वित्तीय वर्ष 2023 में भारत की कुल जनसंख्या का 37.9 प्रतिशत भाग ही कार्यशील जनसंख्या की श्रेणी में शामिल है जो वित्तीय वर्ष 2047 में बढ़कर 45 प्रतिशत हो जाएगा। साथ ही, कार्यशील जनसंख्या में से वित्तीय वर्ष 2023 में आय कर अदा करने की श्रेणी में 31.3 करोड़ नागरिक शामिल थे जो वित्तीय वर्ष 2047 में बढ़कर 56.5 करोड़ हो जाएंगे। यह वित्तीय वर्ष 2023 में कुल कार्यशील जनसंख्या का 59.1 प्रतिशत था और वित्तीय वर्ष 2047 में यह बढ़कर 78 प्रतिशत हो जाएगा। युनाईटेड नेशन्स के एक अन्य अनुमान के अनुसार भारत में कार्यशील जनसंख्या (15 से 64 वर्ष के बीच) वर्ष 2040 तक बढ़ती रहेगी एवं अपने उच्चत्तम स्तर पर पहुंच कर इसके बाद घटनी शुरू होगी। वर्ष 2047 में भारत की कुल कार्यशील जनसंख्या का 22 प्रतिशत भाग ही कृषि क्षेत्र पर निर्भर रहेगा। वर्ष 2047 तक भारत की कुल कार्यशील जनसंख्या का अधिकतम हिस्सा (78 प्रतिशत) उद्योग एवं सेवा क्षेत्र में कार्यरत होगा जिससे इस वर्ग की औसत आय और अधिक तेजी से बढ़ने की संभावना व्यक्त की गई है।

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | दशमी 24:08 तक |
| नक्षत्रः | ज्येष्ठा 08:37 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | शनिवार |
| योगः | विष्कुम्भ, 16:26 |
| सूर्योदयः | 05:57 |
| सूर्यास्तः | 18:48 |
| चंद्रमाः | धनु राशि में |
| राहुकालः | 09:10-10:46 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वतः | 1944 |
| मासः | श्रावण (शुद्ध) |
| शुभ मुहूर्तः | 11:58-12:46 |

# जन एक्सप्रेस

### गया है वोटर रूठ !

*खोल दिया है चैप्टर ।*
*बोल रहे भी झूठ ।।*
*यह भी लेकिन सत्य है ।*
*गया है वोटर रूठ ।।*
*राह नहीं आसान है ।*
*गल रही ना दाल ।।*
*फिर भी लेकिन ज़िद है ।*
*करना है धमाल ।।*
*छटपटाहट में अक्सर ।*
*बिगड़ जाते काम ।।*
*फेहरिस्त है लंबी ।*
*लें किस किस का नाम ।।*
*बस केवल विवाद से ।*
*ना खुलती तक़दीर ।।*
*आकर के धरातल पर ।*
*बनना पड़ता वीर ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

एक्सप्रेस स्वास्थ्य

## सरसों के तेल से पैर के तलवों की करें मालिश, मिलेंगे कई जबरदस्त फायदे



**खाना** पकाने के लिए तो सरसों के तेल का प्रयोग हम सभी करते हैं। सरसों का तेल सेहत के लिए कई तरह से फायदेमंद होता है। यहत हेल्दी फैट्स का बेहतरीन स्रोत है और पोषक तत्वों से भरपूर होता है। सरसों के तेल में मोनोअनसैचुरेटेड फैटी एसिड, पॉलीअनसेचुरेटेड फैटी एसिड मौजूद होते हैं। साथ ही ओमेगा-3, 6 जैसे सैचुरेटेड फैट मौजूद होते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं सरसों के तेल का सिर्फ सेवन ही नहीं, बल्कि इसे शरीर पर लगाना भी बहुत फायदेमंद होता है। अगर आप सरसों के तेल से शरीर की मालिश करते हैं, तो इससे अद्भुत लाभ मिलते हैं। यह त्वचा के लिए एक प्राकृतिक मॉइस्चराइजर या स्किन क्रीम के रूप में काम करता है।

**नींद अच्छी आती है:** अनिद्रा की समस्या से छुटकारा पाने के लिए पैर के तलवों की मालिश करना एक प्रभावी उपचार है। अगर आप रात को बिस्तर पर जाने से पहले पैर के तलवों की मालिश करते हैं तो इससे थकान दूर होती है, तनाव कम होता है और दिमाग शांत होता है।

**महिलाओं की कई परेशानियां दूर होती हैं:** सरसों के तेल से पैरों की मालिश करने से पीरियड्स के दौरान होने वाली ऐंठन, दर्द से राहत प्रदान करने और ब्लड फ्लो को बेहतर बनाने में मदद मिलती है।

**मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है:** पैरों में सरसों का तेल लगाकर मालिश करने से तनाव, चिंता, अनिद्रा जैसी समस्याओं में राहत मिलती है। यह आपको शांत और खुश रहने में मदद करता है।

**शरीर में ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है:** हाथ-पैर सुन्न होना या उनमें सनसनी होने की समस्या को दूर करने में यह नुस्खा बहुत कारगर है, क्योंकि यह पूरे शरीर में ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर बनाने में मदद करता है।

**पेट स्वस्थ रहता है:** पैर के तलवों की मालिश करने से वात दोष को संतुलित करने में मदद मिलती है। यह पेट संबंधी समस्याओं को दूर करने में भी मदद करता है जैसे अपच, ब्लोटिंग, कब्ज, पेट में सूजन, गैस आदि।

**पैर के तलवों में सरसों का तेल लगाने का सही समय और तरीका क्या है?:** आयुर्वेद के अनुसार रात को सोने से पहले पैर के तलवों की मालिश करना बहुत फायदेमंद माना जाता है। आप रात सोने से 30-40 मिनट पहले पैर के तलवों में सरसों का तेल गर्म करके लगाएं और रगड़ें या मालिश करें। पैरों के गर्म होने तक अच्छी तरह मालिश करें। मालिश से पहले पैरों को अच्छी तरह साफ कर लें या धो लें।

एक्सप्रेस विशेष

## वाराणसी में मोदी से हार चुके अजय राय यूपी में कैसे देंगे कांग्रेस के सपनों को उड़ान



डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

**अजय राय एक दबंग नेता हैं। माफिया मुख्तार अंसारी को सजा दिलाने में अजय राय का बड़ा हाथ रहा है। अवधेश राय हत्याकांड में अजय पैरोकार थे। इसी हत्याकांड में मुख्तार को पहली बार सजा हुई है। मुख्तार उम्रकैद की सजा काट रहा है।**

**प्रियंका गांधी इस समय उत्तर प्रदेश में पार्टी मामलों की महासचिव हैं और यूपी की सियासत तय करने में कांग्रेस में उनकी राय सबसे ज्यादा महत्त्वपूर्ण मानी जाती है। माना जा रहा है कि अजय राय को इस महत्त्वपूर्ण भूमिका में लाने के लिए सबसे ज्यादा प्रियंका गांधी ने ही जोर लगाया था। अजय राय ने बनारस संसदीय क्षेत्र से दो बार चुनाव लड़ा।**

**उत्तर** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की बागडोर एक बार फिर बदल दी गई। अबकी से पूर्वांचल के दबंग नेता और वाराणसी में बीजेपी के खिलाफ मुरली मनोहर जोशी से लेकर मोदी तक के खिलाफ लोकसभा चुनाव में ताल ठोंक चुके अजय राय कभी भारतीय जनता पार्टी के नेता हुआ करते थे। अजय राय ने अपनी राजनीति की शुरुआत भारतीय जनता पार्टी की छात्र इकाई से की थी और पार्टी ने उन्हें विधायक तक की कुर्सी पर पहुंचाया था। 2012 में दिग्विजय सिंह यूपी के प्रभारी और कांग्रेस महासचिव थे। उन्होंने अजय राय की कांग्रेस में एंट्री कराने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। अजय 2012 के विधानसभा उपचुनाव में वाराणसी की पिंडरा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़े और पांचवीं बार विधायक बने। अजय राय एक दबंग नेता हैं। माफिया मुख्तार अंसारी को सजा दिलाने में अजय राय का बड़ा हाथ रहा है। अवधेश राय हत्याकांड में अजय पैरोकार थे। इसी हत्याकांड में मुख्तार को पहली बार सजा हुई है। मुख्तार उम्रकैद की सजा काट रहा है। बता दें कि, पंजाब में जब कांग्रेस की सरकार थी तब मुख्तार अंसारी को जेल में वीवीआईपी ट्रीटमेंट की खबर ने भी खूब सुर्खियां बटोरी थीं। तब भी अजय राय ने इस पर सवाल खड़े किए थे। अजय राय, प्रियंका गांधी वाड्रा के काफी करीबी नेता हैं। अब अजय राय के सहारे कांग्रेस यूपी में अपनी खोई जमीन पाने में जुटेगी। कांग्रेस ने बृजलाल खाबरी को हटा कर अजय राय को नया यूपी अध्यक्ष बनाया है। पिछले काफी दिनों से इस बात की चर्चाएं थीं कि कांग्रेस बृजलाल खाबरी को हटा सकती है। कांग्रेस ने पिछले साल अक्टूबर में बृजलाल खाबरी को यूपी का प्रदेश अध्यक्ष बनाया था। अजय राय को उत्तर प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष बनाने के साथ यह भी तय किया है कि यूपी में अब प्रियंका वाड्रा की ही चलेगी। वही यहां के सभी राजनैतिक निर्णय लेंगी। ऐसा इसलिए भी कहा जा सकता है क्योंकि अजय राय 2017 और 2022 में विधानसभा चुनाव जीतने में नाकाम रहे, लेकिन, वह सालों से कांग्रेस में महत्वपूर्ण संगठनात्मक जिम्मेदारियां निभा रहे हैं। कांग्रेस नेतृत्व के उन पर भरोसे का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि हाल ही में महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा द्वारा राज्य इकाई के फेरबदल में, उन्हें प्रयागराज क्षेत्र के लिए पार्टी का अध्यक्ष बनाया गया था। इसमें पूर्वी यूपी के करीब 12 जिलों की जिम्मेदारी उन्हे सौंपी गई थी। प्रियंका गांधी इस समय उत्तर प्रदेश में पार्टी मामलों की महासचिव हैं और यूपी की सियासत तय करने में कांग्रेस में उनकी राय सबसे ज्यादा महत्त्वपूर्ण मानी जाती है। माना जा रहा है कि अजय राय को इस महत्त्वपूर्ण भूमिका में लाने के लिए सबसे ज्यादा प्रियंका गांधी ने ही जोर लगाया था। अजय राय ने बनारस संसदीय क्षेत्र से दो बार चुनाव लड़ा। 2009 में समाजवादी पार्टी के सिंबल पर लोकसभा का चुनाव लड़ा था, लेकिन मुरली मनोहर जोशी से चुनाव हार गए। फिर अजय राय ने कांग्रेस का दामन थामा और 2014 के लोकसभा चुनाव में पीएम मोदी के खिलाफ चुनाव लड़ा। बहरहाल, वाराणसी क्षेत्र के ताकतवर नेता राय ने कई बार अपनी पार्टी संबद्धता बदली है। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत भारतीय जनता पार्टी की छात्र शाखा के सदस्य के रूप में की। उन्होंने 1996 से 2007 के बीच बीजेपी के टिकट पर लगातार तीन बार कोलासला निर्वाचन क्षेत्र से विधान सभा चुनाव जीता। लोकसभा टिकट नहीं मिलने के बाद उन्होंने पार्टी छोड़ दी। इसके बाद वह समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए और 2009 के लोकसभा चुनाव में असफल रहे। इसके बाद, उन्होंने 2009 में कोलासला निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय के रूप में विधान सभा उपचुनाव जीता। 2012 में अजय कांग्रेस में शामिल हो गये थे। परिसीमन के बाद कोलासला निर्वाचन क्षेत्र का अस्तित्व समाप्त होने के बाद, उन्होंने 2012 के विधानसभा चुनाव में नव निर्मित पिंडरा निर्वाचन क्षेत्र से जीत हासिल की।

# अटेवा ने बैठक कर पुरानी पेंशन के लिए भरी हुंकार

* 1 अक्टूबर को अटेवा एनएमओपीएस की दिल्ली में होगी पेंशन शंखनाद महारैली

जन एक्सप्रेस । अख्तर अली



**निघासन-खीरी।** पुरानी पेंशन बहाली को लेकर अटेवा पेंशन बचाओ मंच की बैठक का आयोजन ब्लॉक सभागार निघासन में किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला संयोजक विश्वनाथ मौर्य ने की एवं मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश संगठन मंत्री संदीप वर्मा उपस्थित रहे। बैठक का आयोजन ब्लॉक अध्यक्ष पंकज वर्मा एवं उनकी कार्यकारिणी ने किया। बैठक का संचालन राजेंद्र प्रसाद ने किया। मुख्य अथिति संदीप वर्मा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा की सरकार ने पुरानी पेंशन बंद करके बाजार आधारित पेंशन व्यवस्था लागू कर शिक्षक कर्मचारियों के साथ धोखा किया है। नई पेंशन व्यवस्था में सरकार और कर्मचारी दोनों का नुकसान है और सेवानिवृत्ति पर पेंशन के नाम पर कुछ चंद रुपए मिलते हैं। अटेवा पुरानी पेंशन बहाली को लेकर लगातार आंदोलन कर रहा है और पेंशन बहाली तक संघर्ष करेगा। जिला संयोजक विश्वनाथ मौर्य ने कहा की एनपीएस और निजीकरण गरीब मध्य वर्गीय परिवारों के खिलाफ अमीरों का षड्यंत्र है अगर इसके खिलाफ लड़ा नहीं गया तो एक बहुत बड़ी आबादी के पढ़े-लिखे युवाओं को सरकारी नौकरियां तक नहीं मिलेगी। एनपीएस पेंशन के निजीकरण का ही परिणाम है उन्होंने कहा देश की रक्षा करने वाले अर्धसैनिक बलों की पेंशन तो बंद कर दी गई परंतु नेता एक नहीं दो-दो, चार-चार पेंशन लेते हैं। पुरानी पेंशन बहाली व निजीकरण की समाप्ति के लिए 1 अक्टूबर को दिल्ली में लाखों शिक्षक कर्मचारी हुंकार भरेंगे। जिला महामंत्री मनोज वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि अगर बुढ़ापे में वृद्धाआश्रम नहीं जाना है तो 1 अक्टूबर को दिल्ली चलने के लिए सभी लोग कमर कस लें। बैठक को जिला सहसंयोजक ओम प्रकाश, जिला मीडिया प्रभारी डॉ0 कमल किशिर मौर्य, प्राथमिक शिक्षक संघ के पूर्व अध्यक्ष रूप सिंह यादव व रामयश प्रजापती, तारकेश्वर राय, विकास अवस्थी आदि ने भी सम्बोधित करते हुए 1 अक्टूबर को दिल्ली चलने की सभी से अपील की।अंत मे ब्लॉक अध्यक्ष पंकज वर्मा ने बैठक में आए सभी लोगो का आभार व्यक्त किया और अटेवा से जुड़कर संघर्ष करने का आह्वान किया। बैठक में मंत्री बलवीर यादव, रूप सिंह यादव, गौरव गंगवार, अनिल शुक्ला, अशर्फी लाल, पंकज कुमार, विकास अवस्थी, अभिषेक श्रीवास्तव, संजीव वर्मा, श्यामकिशोर मौर्य, अभिषेक बाजपेई, राजेन्द्र कुमार, पवन कुमार वर्मा, प्रमोद कुमार, शाहिद हुसैन, विजय सिंह, ममता वर्मा, रजनीश वर्मा, ललित यादव, अंजुल वर्मा, सुनील कुमार, जगतम्बा यादव, रवि तिवारी, मुदित सक्सेना, नीरज मौर्य आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# निघासन कांड में कोर्ट का फैसला नाबालिग को मिली उम्रकैद की सजा

* 2 बहनों का गैंगरेप के बाद हुआ था मर्डर

जन एक्सप्रेस । सुनहरा



**लखीमपुर खीरी।** निघासन में 14 सितंबर 2022 को दो सगी बहनों की लाश उनके घर से कुछ दूर एक पेड़ पर लटकी मिली थी। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से पता चला कि उन दोनों की गैंगरेप के बाद गला दबाकर हत्या की गई थी। उसके बाद उनके शव पेड़ पर लटकाए गए थे निघासन गैंगरेप और मर्डर केस में शुक्रवार को ऐतिहासिक फैसला आया है। गैंग रेप मर्डर मामले में एक नाबालिग आरोपी को कोर्ट ने दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। बताते चलें निघासन में सितंबर 2022 को दो बहनों को गैंगरेप के बाद जान से मार दिया गया था। फिर उनके शवों को पेड़ से लटका दिया गया था। इस घटना से पूरे प्रदेश में हड़कंप मच गया था इस जघन्य कांड में कुल 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया था. जिसमें एक आरोपी नाबालिग था. उसे गिरफ्तारी के बाद बाल सुधार गृह में रखा गया था। जिसमे से चार आरोपियों को पहले ही दोषी करार दिया जा चुका है. अब नाबालिग को भी दोषी करार देते हुए फास्ट ट्रैक कोर्ट ने अंतिम सास तक जेल में रहने का आदेश सुना दिया है।निघासन गैंगरेप और मर्डर केस में पांचवे अभियुक्त को धारा 302/34, 323, 452, 363, 376 डीए, 201 आईपीसी, 5जी / 6 पॉक्सो एक्ट में दोषी करार दिया गया है। उसपर 46 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है।

## प्रधानों से की खंड विकास अधिकारी ने साफ सफाई को लेकर अपील

जन एक्सप्रेस । सिदाकत मंसूरी



**मोहम्मदी खीरी।** ब्लॉक क्षेत्र के सभी ग्राम प्रधानों को खंड विकास अधिकारी अश्विनी कुमार सिंह ने निर्देशित किया है कि क्षेत्र में कुछ बुखार के संक्रमण युक्त संदिग्ध मरीज पाये जा रहे हैं गाँव मोहम्मदपुर कामी खाखिन असौवा कचनार कैमहारा खजुहा डेलखेडा आदि गांव में साफ सफाई कार्य दवाई छिड़काव फागिंग आदि कार्य के लिए अनुरोध किया गया है वही जनता से भी अपील करता हूं कि अपने घरों के चारों तरफ साफ सफाई रखें फैलने वाले संक्रमणों के बचाव के लिए स्प्रे ब्लीचिंग पाउडर आदि का प्रयोग करें अगर कोई बीमार होता है तो तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर दवा ले और डॉक्टर की बगैर सलाह उपचार न करें।

# रंग लाया डीएम का प्रयास, 1.74 करोड़ से कलेक्ट्रेट की बदली सूरत, बहुरे दिन

* डीएम ने कलेक्ट्रेट परिसर के कार्यों का किया लोकार्पण

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



शुक्रवार को जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह ने एडीएम संजय कुमार सिंह के साथ कलेक्ट्रेट परिसर में सड़क चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण, नाली निर्माण तथा दोनों प्रवेश द्वारों के निर्माण कार्य का पूजन अर्चन कर पूरे विधि विधान से शिलापट का अनावरण करते हुए लोकार्पण किया। बताते चले कि कलेक्ट्रेट परिसर को सजाने, संवारने व खूबसूरती की छटा बिखेरने के साथ ही शासन स्तर पर डीएम की पैरवी के चलते शासन से अवमुक्त एक करोड़, 74 लाख, 40 हजार की धनराशि से कार्यदाई संस्था लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड (प्रथम) ने सड़क चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण, नाली निर्माण, दोनों प्रवेश द्वारों के निर्माण कार्य करवाया। कार्य पूर्ण होने पर शुक्रवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने लोकार्पित किया। इससे पहले डीएम ने आजादी के अमृत महोत्सव पर कलेक्ट्रेट स्थित पार्क का जीर्णोद्धार कराने के साथ ही पूरे कलेक्ट्रेट भवन सहित अन्य दफ्तरों को भी तिरंगामय बनवाया। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान पीडब्ल्यूडी के निर्माण खंड प्रथम के अधिशासी अभियंता हंसा राम, नाजिर सदर कलेक्ट्रेट मोहम्मद सलीम सहित उप जिलाधिकारी सदर श्रद्धा सिंह, राजीव निगम, कलेक्ट्रेट के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### 2 चोर मोटरसाइकिल व 3 साइकिल सहित गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस/सीतापुर। पुलिस अधीक्षक द्वारा चोरी,नकबजनी,ऑटोलिफ्टिंग जैसी घटनाओ के शीघ्र अनावरण एवम् संलिप्त अपराधियों की शीघ्रातिशीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिये गये है। उसी क्रम में थाना कोतवाली नगर व सकरन की पुलिस टीमो द्वारा चोरी से संबंधित अभियोगो में संलिप्त 2 अभियुक्तों को भिन्न भिन्न स्थानो से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जिनसे कुल 4 मोटरसाइकिल,साइकिल बरामद हुई है। थाना सकरन की पुलिस टीम द्वारा प्रकाश में आये अभियुक्त प्रदीप कुमार पुत्र श्रीराम नि. ताजपुर सलौली थाना सकरन सीतापुर को गिरफ्तार किया गया है जिससे उपरोक्त अभियोग से संबंधित चोरी हुई मोटरसाइकिल यूपी 34 बीएम 3606 बरामद हुई है। तथा थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा साइकिल चोरी के संबंध में अभियुक्त मुन्ना पुत्र बिरजू नि.धरैंचा थाना खैराबाद सीतापुर को गिरफ्तार किया गया है। जिससे अभियोग उपरोक्त से संबंधित एक साइकिल व अन्य स्थानो से चोरी की 2 साइकिले( कुल 3 साइकिल) बरामद हुई है।

### पालिकाध्यक्ष ने लिखा विद्युत अधीक्षण अभियंता को पत्र

जन एक्सप्रेस/आशीष कुमार तिवारी/गोला गोकर्णनाथ खीरी। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड लखीमपुर के अधीक्षण अभियंता को पत्र लिखकर आगामी एक सितंबर को पालिका बैठक में आने को कहा है। पालिका अध्यक्ष श्री रिंकू ने पत्र में कहा है कि नगर के मोहल्ले में झूलते हुए तारों को दुरुस्त करने के लिए कुछ विद्युत पोलों को लगाए जाने सहित नगर की अनेक विद्युत व्यवस्थाओं को दुरुस्त किए जाने के लिए आपके सहयोग की आवश्यकता है। विद्या मंदिर के समीप लगे ट्रांसफार्मर को दूसरी जगह स्थानांतरित किए जाने सहित छोटी काशी धार्मिक पर्यटन स्थल की विद्युत व्यवस्था दुरुस्त किए जाने की बात कही है। उन्होंने पत्र में यह भी लिखा है कि गोला नगर धार्मिक पर्यटन स्थल है और यहां बहुत दूर दराज से श्रद्धालु आते जाते रहते हैं इस कारण यहां विद्युत कटौती का रोस्टर दिन में ही पूरा कर लिया जाए और सायंकाल से पूरी रात विद्युत कटौती न की जाए।

### अधिवक्ता अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

जन एक्सप्रेस/ मोहम्मदी खीरी। बार एसोसिएशन के अधिवक्ता तहसीलदार मोहम्मदी के कोर्ट की अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं, अनशन पर बैठे अधिवक्ता आज दोपहर बाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व महामंत्री की अगुवाई में तहसीलदार मोहम्मदी का पुतला लेकर तहसीलदार के कोर्ट के बाहर पहुंच गए सैकड़ो अधिवक्ता नारेबाजी करते हुए कोर्ट के बाहर से होते हुए तहसील प्रांगण में आकर नारेबाजी करते हुए तहसीलदार मोहम्मदी का पुतला फूंक दिया, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने बताया कि जब तक तहसीलदार मोहम्मदी का स्थानांतरण नहीं हो जाता है तब तक सभी अधिवक्ता हड़ताल पर रहेंगे तहसीलदार कोर्ट का बहिष्कार करते रहेंगे, बार एसोसिएशन के महामंत्री लालता प्रसाद ने बताया कि कुछ लोगों द्वारा मेरे ऊपर आरोप लगाए जा रहे हैं कि किसी धारा 80 की फाइल को लेकर तहसीलदार से विवाद है जबकि ऐसा बिल्कुल नहीं है किसी भी धारा 80 की फाइल में तहसीलदार कोर्ट में मेरा वकालतनामा नहीं लगा है जब तक तहसीलदार मोहम्मदी का ट्रांसफर नहीं हो जाएगा तब तक सभी अधिवक्ता अनशन पर रहेंगे व तहसीलदार के कोर्ट का बहिष्कार करेंगे, इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष गोविंद खरे प्रद्युम्न मिश्रा मोहम्मद हाशिम, मोहम्मद आरिफ,ऋषि बाजपेई,अवनीश मिश्रा, राजशेखर अग्निहोत्री, रामसागर कठेरिया, कुलदीप सिंह,माया प्रकाश त्रिवेदी,नरेंद्र सिंह,कैलाश वर्मा आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# चंदन चौकी स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक ने किसानों से की अपील

जन एक्सप्रेस । रिजवान खान

**पलिया कलां खीरी।** भारतीय स्टेट बैंक शाखा चंदन चौकी द्वारा गत दिवस थारू जनजाति क्षेत्र चंदन चौकी में एक किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमे क्षेत्र के सभी सम्मानित किसान भाईयो को संबोधित करते हुए शाखा प्रबंधक सुनील कुमार ने बताया 9सितंबर 2023 को राष्ट्रिय लोक अदालत का अयोजन न्यायालय लखीमपुर में किया जा रहा है जिसमे भारतीय स्टेट बैंक एन पी ए खाते धारको को एक मुश्त समझोते के तहत आकर्षक छूट का लाभ दिया जा रहा है समझोते के तहत एक मुश्त टोकन मनी जमा करना अनिवार्य है। सभी किसान भाई न्यायालय परिसर लखीमपुर में पहुच कर इस अवसर का लाभ उठाए।

# मतदाता चेतना अभियान के अंतर्गत भाजपा जिला कार्यालय पर कार्यशाला आयोजित

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



मतदाता चेतना अभियान के अंतर्गत भाजपा जिला कार्यालय पर वोटर चेतना महाअभियान की कार्यशाला आयोजित की गई आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि डॉक्टर विमल सिंह क्षेत्रीय कार्यालय मंत्री लखनऊ से पधारे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुनील सिंह ने की कार्यशाला की जानकारी देते हुए जिला प्रवक्ता रमेश चन्द्र मिश्रा ने बताया की 31 अगस्त तक चलने वाली वाटर चेतन महा अभियान के अंतर्गत 26 अगस्त को जिले के सभी मंडलों पर वोटरचेतन अभियानकी कार्यशाला आयोजित की जाएगी कार्यक्रम के जिला संयोजक जिला महामंत्री विनोद लोधी तथा सहसंयोजक जिला मंत्री उमेश शुक्ला होंगे कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ विमल सिंह ने कहा कि लोकतंत्र में मतदाता की भूमिका महत्वपूर्ण होती है भाजपा सबका साथ सबका विश्वास के अंतर्गत मतदाताओं को सम्मान देते हुए वाटर चेतना अभियान चला रही है जिसके अंतर्गत मतदाताओं से कार्यकर्ता सीधा संपर्क कर एक-एक वोट की कीमत चुनाव में क्या होती है इसको बताने के साथी और बढ़ाने के लिए भी प्रेरित करेंगे कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा की वोटर चेतनामहा अभियान के अंतर्गत जिले के लिए टीम गठित कार्यशालाके साथ-साथ क्षेत्र में जाकर कार्यकर्ता इस काम को अंजाम देंगे बैठक में शामिल प्रमुख नेताओं में जिला उपाध्यक्ष कुलभूषण सिंह अनिल यादव संतोष कुमारी जिला महामंत्री आशू मिश्रा ज्योतिर्मय बरतारिया रामजी मौर्य जिला प्रवक्तारमेश चन्द्र मिश्रा राम जी दीक्षित समेत जिला पदाधिकारी नगर पदाधिकारी व मंडलों के पदाधिकारी कार्यशाला में शामिल रहे।

## मोटर साइकिल और कार की टक्कर में दो की मौत

जन एक्सप्रेस/ गोला गोकर्णनाथ खीरी। शुक्रवार की शाम नगर की खुटार रोड पर ग्राम हरिहरपुर के पास एक मोटरसाइकिल और कार में जबरदस्त टक्कर हो गई। इस भीषण दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।थाना हैदराबाद क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम हरिहरपुर खुटार रोड पर शुक्रवार की सायंकाल एक मोटरसाइकिल और अर्टिगा गाड़ी में जबरदस्त चक्कर हो गई। इस भीषण दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार दो लोगों की घटनास्थल पर ही मौत होने की खबर है। हैदराबाद थाना प्रभारी बलवंत शाही ने बताया कि सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई थी। पुलिस के अनुसार राजेश पुत्र अज्ञात ग्राम जोधपुर थाना मैलानी और विजयपाल सिंह पुत्र गोधन सिंह निवासी ग्राम रमपुरा नवाबगंज जनपद बरेली मोटरसाइकिल से सवार होकर कहीं जा रहे थे । उनकी बाइक किसी दूसरी बाइक से टकराई वह बाइक सवार किसी तरीके से बचकर निकल गया और उ इनकी बाइक डिसबैलेंस होकर सामने आ रही अर्टिगा कर से टकरा गई। इस भीषण दुर्घटना में दोनों मोटरसाइकिल सवालों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

# पत्रकार पर हुए फर्जी मुकदमे को रद्द किए जाने तहसीलदार द्वारा जिलाधिकारी को एप्ज़ा ने सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



**पलिया कलां खीरी।** सर्व शिक्षा अभियान की पुस्तकें जो स्कूल के बच्चों (विद्यार्थियों) में वितरित की जानी थीं। उन किताबों के बंडल एक कबाड़ी की दुकान पर बिक कर ट्रक में लोड किए जा रहे थे। जिसकी फोटो संग वीडियो पत्रकार शिशिर शुक्ला द्वारा बनाया गया। वह इस बाबत खबर के लिए बीईओ से उनका वर्जन चाहते थे, इसके लिए बीईओ को अपने मोबाइल नंबर से फोन किया, तो बीईओ ने बाहर होने की बात कहकर फोन कॉल काट दी और कोई जानकारी भी नही दी।सरकारी किताबें कबाड़ी की दुकान पर कैसे पहुंची इसकी छानबीन अथवा अन्य कोई कार्यवायी करने के बजाय फोन करने वाले पत्रकार के खिलाफ ही पलिया कोतवाली में सरकार की छवि धूमिल करने की फर्जी रिपोर्ट लिखवा दी थी जिसको लेकर पत्रकार शिशिर शुक्ला द्वारा आल इंडिया प्रेस जर्नलिष एसोशियन के संगठन पदाधिकारियों से सहयोग मांगे जाने पर संगठन के पदाधिकारियों एवम सदस्यों ने संगठित होकर पी डब्लू गेस्ट हाउस से पत्रकार एकता का उदघोष करते हुए तहसील पहुंचकर तहसीलदार श्रीमती आरती यादव को ज्ञापन सौंपकर फर्जी मुकदमे को वापस कराने की मांग की। इस दौरान संगठन प्रभारी जी आर बाबा, तहसील अध्यक्ष विवेक अर्कबंशी, उपाध्यक्ष रिजवान खान महामंत्री जितेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष विष्णु अग्रवाल, संरक्षक नवीन अग्रवाल , डी पी मिश्रा, संगठन मंत्री राजू सिंह, मंत्री मयंक गुप्ता, संरक्षक विश्व नाथ वर्मा, नितेश गुप्ता, मृतंजय चौधरी, रोशन, मोहम्मद वसीम सहित दर्जनों पत्रकार बंधु उपस्थित रहें हैं।

## मृतक रवि के परिजनों को अरविंद ने दी सांत्वना हत्याकांड पर की डीएम से वार्ता



जन एक्सप्रेस/आशीष कुमार तिवारी। गोला गोकर्णनाथ खीरी। प्रदेश सरकार में पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्य बौद्ध अरविंद सिंह पटेल के गोला आने पर पटेल संस्थान के अध्यक्ष आनन्द वर्मा,पूर्व दर्जा राज्य मंत्री सुर्जनलाल वर्मा,अशोक कनौजिया, अभिजय सिंह पटेल, मंत्री सुरेश चन्द कनौजिया एड,अद जिला अध्यक्ष राजीव पटेल,कपिल वर्मा आदि ने फूल मालाओं से लाद कर उनका जोर दार स्वागत किया है। जिसके बाद वह दलबल के साथ गोला के मोहल्ला कुम्हारन टोला में हुए बहुचर्चित रवि वर्मा उर्फ रिंकू हत्याकांड के पीड़ित परिवार जनों से मिलकर शोक व्यक्त कर सांत्वना दी है। तथा न्याय दिलाने की बात की है। उन्होंने संस्थान के द्वारा पीड़ित के हक की लड़ाई लड़ने एवं उसकी आर्थिक सहायता प्रदान करने की तारीफ की है। फिर पटेल संस्थान के पदाधिकारियों से रूबरू होते हुए अपने विचार व्यक्त किए।इसके उपरांत वह गेस्ट हाउस से जिलाधिकारी से फोन पर वार्ता कर गोला के अरविंद वर्मा के ऊपर फायरिंग करने के आरोपी पर गैंगस्टर लगाने, मृतक रवि का पुन:पोस्टमार्टम कराने, कोतवाल को हटवाने,बिना जांच के धारा बदलने एवं कोतवाल की शिथिलता व भूमिका की जांच कराने की चल रही मांग की प्रगति के लिए वार्ता की है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आकांक्षात्मक विकास खण्डों के कार्यो की समीक्षा बैठक हुई सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में आकांक्षात्मक विकास खण्ड-बिसवां के माह जुलाई 2023 की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। जिलाधिकारी ने हेल्थ एण्ड न्यूट्रीशन, एजुकेशन, एग्रीकल्चर एण्ड वाटर रिसोर्स, फाइनेंशियल इंक्लूशन एण्ड स्किल डेवलपमेंट, बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर आदि बिन्दुओं विभागवार चर्चा की। बैठक के दौरान जिलाधिकारी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि लक्ष्य के सापेक्ष संस्थागत प्रसव किये जायें तथा क्षय रोगियों की सूची अलग से बनायी जाये ताकि सही हुये मरीजों की जानकारी प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि जो भी डेटा वेबसाईट पर अपलोड किया जाये, उसमें पारदर्शिता होनी चाहिये। शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देश दिये कि कक्षा 05 से कक्षा 06 तक जाने वाले उन बच्चों की सूची तैयार की जाये, जिन्होंने कक्षा 05 के पश्चात कक्षा 06 में प्रवेश न लिया हो तथा जो भी डेटा फीड किया जाये, वह यूडाईस से लिया जाये। साथ ही पी0टी0आर0 को डेटा भी चेक कराया जाये तथा फीड के कार्य को सही ढंग से किया जाये। उन्होंने कहा कि उद्यान विभाग में जो भी गतिविधियां चल रही हैं, उसकी सूची कृषि विभाग व खण्ड विकास अधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुये तैयार कर ली जाये तथा जो भी डेटा भरा जाये, वह सही ढंग से भरा जाये। जिलाधिकारी ने वित्तीय संस्थाओं की समीक्षा करते हुये जीवन ज्योति बीमा योजना के सभी उपभोक्ताओं को जानकारी देने के साथ ही उनका बीमा करने के निर्देश दिये तथा सुरक्षा बीमा के अन्तर्गत सभी खाता धारकों जानकारी देते हुये लाभान्वित किया जाये। जनधन योजना के तहत जो भी खाते संचालित हैं, उनकी सूची तैयार करते हुये अपलोड किया जाये। व्यवसायिक शिक्षा, कौशल विकास मिशन की समीक्षा करते हुये निर्देशित किया कि ऐसे युवा जो प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं, उनका डेटा संकलित करते हुये अपलोड करायें। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि डेटा भरने में गलतियां होती है तथा डेटा भरते समय उसके प्रारूप को समझनें में हम लोग गलतियां करते हैं, जिसे पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है, जिससे हमारा जनपद अच्छा कार्य की श्रेणी में आये।

# दूर दराज व ग्रामीण अंचल से आये विद्यार्थियों की ज्ञान की सशक्त नीव मजबूत करना ही मुख्य उद्देश्य

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



**महमूदाबाद।** दूर दराज व ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों में ज्ञान की सशक्त नींव का निर्माण करने के साथ उन्हें उत्कृष्ट बनाना, बौद्धिक रूप से प्रेरक वातावरण में रचनात्मकता को बढ़ावा देना, शैक्षणिक माहौल प्रदान करते हुये विज्ञान के साथ ही अनुसंधान व कैरियर को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करना ही ग्रेड प्लस फाउंडेशन का मुख्य उद्देश्य है। उक्त बातें सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन के शास्त्री सभागार में कैरियर काउंसिलिग के अंतर्गत शुक्रवार को आयोजित सेमिनार में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए ग्रेड प्लस फाउंडेशन के संस्थापक महेंद्र ओझा ने कही। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को कांसेप्ट व लॉजिक पर विशेष फोकस करना चाहिए। कठिन परिश्रम व लगन से पढ़ाई करने के पश्चात जीवन में कभी भी संघर्ष नहीं करना पड़ेगा। किसी भी कांसेप्ट को समझने के लिए फार्मूलों की समझ बहुत आवश्यक है। आधुनिक शोधों में हम विश्व के टॉप देशों की श्रृंखला में हैं। जीवन में जिस भी क्षेत्र में जाएं, जो भी करें बेहतर ढंग से करें, सफलता अवश्य मिलेगी। सेमिनार में आये अतिथियों ने सीता इंटर कालेज की हाईस्कूल की यूपी टॉपर छात्रा प्रियांशी सोनी को बुके देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के चेयरमैन आरके वाजपेयी 'विरल', ग्रेड प्लस के संस्थापक महेंद्र ओझा, डिप्टी मैनेजर वागीश दिनकर वाजपेयी द्वारा मां शारदे व भारत माता के चित्रों पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया गया। संस्था के चेयरमैन व डिप्टी मैनेजर द्वारा सेमिनर में आये सभी अतिथियों का स्वागत स्मृति चिन्ह देकर किया गया। महेंद्र ओझा के साथ अनिमेष तिवारी, उद्धव शुक्ल, नवनीत, सृष्टि व अभिषेक कुमार द्वारा सेमिनार में उपस्थित विद्यार्थियों से अनेक ज्ञानवर्धक प्रश्न भी लिए गए। विद्यार्थियों द्वारा सही उत्तर दिए जाने पर उन्हें चाकलेट भी प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन हरीश मिश्र व आभार प्रदर्शन वागीश दिनकर वाजपेयी ने किया। इस अवसर पर शिक्षक अमरीश वर्मा, अरुण ज्योति वर्मा, अभिषेक मौर्य, आयुष वर्मा, अखिलेश शर्मा के साथ बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

# आउटसोर्सिंग कर्मचारियों व इंटर्नशिप डॉक्टरों ने की हड़ताल, मचा हड़कंप

**जन एक्सप्रेस। उरई**

राजकीय मेडिकल कॉलेज के इंटर्नशिप कर रहे डॉक्टर व आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने वेतन न मिलने से नाराज होकर शुक्रवार को मेडिकल कॉलेज के ओपीडी गेट पर बैठकर धरना प्रदर्शन किया। हड़ताल देख मेडिकल कॉलेज के सीएमएस मौके पर पहुंचे। जिन्होंने छात्र-छात्राओं को समझाकर जल्द से जल्द वेतन दिलाने का भरोसा दिलाया। तब कही जाकर डॉक्टर और आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने हड़ताल खत्म की। मेडिकल कॉलेज में बैच 2018 के इंटर्नशिप करने के लिए छात्र-छात्राएं आए थे। लेकिन

**✻ मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ प्रशांत निरंजन मौके पर पंहुचे**

अप्रैल से इंटर्नशिप कर रहे डॉक्टरो को वेतन नहीं दिया जा रहा है। जिससे नाराज होकर डॉक्टर और आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने सुबह से ही कामकाज ठप कर दिया और ओपीडी के बाहर गेट पर धरना प्रदर्शन कर, हड़ताल पर बैठ गए। डॉक्टरो का आरोप है कि उन्हें पिछले अप्रैल माह से वेतन नहीं दिया गया। वहीं मेडिकल कॉलेज में तैनात आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने वेतन में कटौती का आरोप लगाया। कर्मचारियों की हड़ताल के बदौलत मेडिकल में पर्चा काउंटर, ओपीडी, पैथोलॉजी समेत अन्य व्यवस्थाएं बाधित हो गई। वहीं कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगे पूरी नहीं हुई तो वह अपनी हड़ताल जारी रखेंगे। धरना प्रदर्शन और हड़ताल देख मेडिकल कॉलेज के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ प्रशांत निरंजन मौके पर पंहुचे। जिन्होंने इंटर्नशिप कर रहे डॉक्टर और आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को समझा बूझकर शांत कराया। साथ ही जल्द से जल्द वेतन दिलाए जाने की बात कही। तब कहीं जाकर मामला शांत हुआ और डॉक्टर और कर्मचारी हड़ताल से हटे और फिर से काम शुरू हो सका।




## मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**जन एक्सप्रेस/सिरसा कलार।** थाना क्षेत्र के ग्राम जखा निवासी कल्लू चौहान पुत्र हरिश्चंद्र तहरीर देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र के ही पुत्तन चौहान पुत्र बीरबल चौहान निवासी जखा सिरसा कलार समेत तीन लोगों ने मिलकर उसके साथ गाली गलौज की। इस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिए।

## जुआरियों के खिलाफ की कार्रवाई

**जन एक्सप्रेस/रामपुरा।** थाना के उपनिरीक्षक महादेव सिंह को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम उमरी में हार जीत की बाजी लगाई जा रही है। जिस पर वह मौके पर पहुंचे और उन्होंने अंकित तिवारी पुत्र दुर्गा प्रसाद तिवारी समेत 7 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। जब उनकी तलाशी ली तो उनके पास से 5060 रुपए बरामद हुई। पुलिस ने सभी के खिलाफ जी एक्ट की कार्रवाई की।

# भगोड़े 25 हजार रुपए के इनामी बदमाश ने नाटकीय ढंग से कोतवाली में किया सरेंडर

**✻ जिला एवं सत्र न्यायालय से बीते शनिवार को हुआ था फरार**

**जन एक्सप्रेस। कोंच**

जिला एवं सत्र न्यायालय में बीते शनिवार को पेशी पर लाया गया एनडीपीएस एक्ट का आरोपी पुलिस को चकमा देकर अभिरक्षा से फरार हो गया था। जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की 4 टीमें गठित की गई थी, जो लगातार दबिश दे रही थी। यहां भी आरोपी पुलिस को चकमा देकर एनकाउंटर की डर से कोंच कोतवाली में सरेंडर करने पहुंचा गया।



आरोपी को देखकर पुलिस ने तत्काल उसे हिरासत में लिया। कोंच कोतवाली पुलिस ने बीते शुक्रवार को नगर के जयप्रकाश नगर के रहने वाले पवन यादव उर्फ बंजारा पुत्र विजय को 1 किलो 120 ग्राम मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया था। जिसको शनिवार को पुलिस टीम जिला एवं सत्र न्यायालय में पेश करने के लिए लाई थी। मगर हथकड़ी होने के बावजूद भी पवन पुलिस को चकमा देकर हथकड़ी खोलकर मौके से भाग गया था।

इस मामले में एसपी डॉ. ईरज राजा ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 4 टीमें बनाई थी। इतना ही नहीं बल्कि भगोड़े पर 25 हजार का इनाम भी रखा था। साथ ही लापरवाही बरतने वाले सिपाही राव वीरेंद्र और रामवीर को सस्पेंड कर दिया था। इतना ही नहीं उप निरीक्षक संजय पाल ने सिपाहियों के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया था।

वही एसपी द्वारा गठित की गई चार टीमें भगोड़े आरोपी को दबोचने के लिए दबिश दे रही थी। मगर एक हफ्ते बाद आरोपी ने एनकाउंटर की डर से कोंच कोतवाली में आकर नाटकीय ढंग से सरेंडर कर दिया। बता दें कि बीते कई दिनों में जालौन पुलिस ने शॉर्ट एनकाउंटर करते हुए दर्जनों आरोपियों को घायल कर गिरफ्तार किया है। इसी डर के कारण आरोपी शुक्रवार कोंच कोतवाली पहुंच गया और उसने पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया। फिलहाल पुलिस ने तत्काल हिरासत में लेकर उससे पूंछतांछ शुरू कर दी।

# पुलिस लाइन परेड में एसपी ने परखी जवानों की फिटनेस

**जन एक्सप्रेस। उरई**

पुलिस लाइन में शुक्रवार को आयोजित साप्ताहिक परेड में पुलिस अधीक्षक ने रंगरुटों के साथ दौड़ लगाकर उनकी फिटनेस परखी। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारियों व रंगरुटों को उत्तम स्वास्थ्य के टिप्स भी दिए। लाइन स्थित परेड ग्राउंड पर होने वाली साप्ताहिक परेड में एसपी ने परेड की सलामी भी ली। इस दौरान परेड का निरीक्षण किया और कर्मचारियों व अधिकारियों ने परेड की विभिन्न कवायत की।

एसपी ने थाना पुलिस, डाग स्क्वायड, फील्ड यूनिट आदि का भी निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया और



देखरेख व कुशल संचालन का निर्देश दिया। परेड के दौरान पुलिसकर्मियों से शस्त्र संचालन व शस्त्र का अभ्यास कराया और आरटीसी के रंगरूटों के साथ दौड़ लगाकर उन्हें स्वस्थ रहने के टिप्स दिए। साथ ही अधिकारियों व कर्मचारियों को कर्तव्यों का सही प्रकार से निर्वहन करने व जनता के साथ सही से व्यवहार करने के लिए प्रेरित किया।

क्वाटर गार्ड के निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने गार्ड की सलामी ली और शस्त्रागार, भोजनालय, बैरक, पुलिस लाइन परिसर, महिला थाने का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई के साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद आदेश कक्ष में विभिन्न रजिस्टरों का अवलोकन किया। इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक पारस नाथ चौधरी, यातायात शाखा प्रभारी व पुलिस लाइन अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# मीटर रीडिंग सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर दशहरी गुट ने सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

भारतीय किसान मजदूर यूनियन दशहरी गुट ने शुक्रवार को विद्युत खंड घोसियाना के अधिशासी अभियंता अंशुमान यादव को विभिन्न मांगों का एक ज्ञापन सौंपा है।जिलाध्यक्ष निहाल अहमद सिद्दीकी व जिला प्रभारी मोहम्मद जुनैद की अगुवाई में किसानों द्वारा दिए गए ज्ञापन में मांग की गई है कि ग्राम केवड़ी गांव मोहम्मदपुर चौकी ग्रामीण क्षेत्र होने के वजह से 18 घंटे की विद्युत सप्लाई है मगर गांव में सिर्फ 7 से 8 घंटे ही लाइट मिलती है। पिछले एक सप्ताह में पूरी रात लाइट नहीं आई सिर्फ ट्रिपिंग करती रहती है। शिकायत करने पर ना तो सही जवाब मिलता है और ना ही कार्रवाई होती है।मोहम्मदपुर गांव में एक जगह बिजली का मीटर निकाल कर दूसरी जगह लटका दिए गए है। उनको दीवाल पर फिक्स नहीं किया गया है।जिससे कभी भी कोई भी घटना हो सकती है। क्षेत्रीय जेई से शिकायत की गई तो वह कहते है कि यह हमारी जिम्मेदारी नहीं है। जिस वजह से क्षेत्र के लोग परेशान है। कोई दुर्घटना ना हो इससे पहले संज्ञान लेते हुए इस समस्या पर अविलंब कार्रवाई करें। ग्राम केवड़ी व गांव मोहम्मदपुर चौकी में मीटर रीडिंग निकलने वाले तीन-तीन महीने नहीं आते है।

# व्यापारी दुर्घटना योजना से व्यापारियों के आश्रितों को दी गई सहायता राशि

**जन एक्सप्रेस। कालपी**

शासन के द्वारा व्यापारियों के हितों में चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री व्यापारी दुर्घटना योजना से लाभार्थी व्यापारियों के आश्रितों को 10-10 लाख रुपये की सहायता राशि विभाग ने सौंपी है। राज्यकर विभाग अधिकारी अफजल हुसैन ने कालपी आगमन में जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश वस्तु एवं सेवाकर विभाग में पंजीकृत व्यापारियों को मुख्यमंत्री व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना के तहत 10 लख रुपए की सहायता राशि दिए जाने का प्रावधान है। जिसके लिए व्यापारी को कोई धनराशि जमा नहीं करना पड़ती है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को राजकर विभाग जालौन के तत्वाधान में



आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त प्रशासन प्रमोद कुमार विश्वकर्मा के द्वारा मुख्यमंत्री व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना के तहत लाभार्थी फार्म राधा कृष्ण ट्रेडर्स कदौरा व गहोई फैशन हाउस कुठौंद के परिजनों को 10-10 लाख रुपये का भुगतान प्रमाण पत्र दिया गया। इस अवसर पर सहायक आयुक्त एवं राज्यकर अधिकारी अजय श्रीवास, भारतलाल, प्रवीण, अविनाश मिश्रा पंकज कुमार एवं विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

**फर्जी तरीके से पैसे लेकर बिना वाहन में मशीन लगाए जारी हो रहे प्रदूषण जाँच पत्र**

# वाहन प्रदूषण के नाम पर हो रही कालाबाजारी

**जन एक्सप्रेस। उरई**

संभागीय परिवहन के बाहर लोगों को लूटने का एक नया धंधा चल रहा है। जिसमें आम जनता को ठगा जा रहा है वाहन प्रदूषण जांच के नाम पर दुकान खोल कर बैठे लोग लोगों को लूट रहे हैं। बिना मशीनों के इस्तेमाल किऐ ही लोगों के वाहनों का प्रदूषण पत्र जारी कर दिया जाता है। पूरा मामला जनपद जालौन के उरई का है। जहां पर एआरटीओ दफ्तर के बाहर बैठे लोग अनियमिताएं कर रहे हैं। वाहन प्रदूषण जांच केंद्र पर सिर्फ वहां की फोटो खींचकर वाहन प्रदूषण जांच पत्र जारी कर दिया जाता है। जिसकी




**क्या कहते हैं जिम्मेदार**

उरई। शिकायतकर्ता द्वारा एक लिखित शिकायत पत्र दिया गया है जिसमें वाहन प्रदूषण केंद्र द्वारा बिना मशीनों का इस्तेमाल किए प्रदूषण जांच पत्र जारी करने की बात कही गई है जिसको संज्ञान में लेकर जांच कर उचित कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।


शिकायत शुक्रवार को संभागीय परिवहन अधिकारी सौरभ कुमार से की गई है। जिसमें लिखा गया है किस शशिकांत साहू नाम से संचालित वाहन प्रदूषण जांच केंद्र पर वाहन प्रदूषण के जांच के नाम पर धोखाधड़ी व ठगी की जा रही है। इसके अलावा शिकायतकर्ता ने लिखा कि जब उसने अपनी मोटरसाइकिल (क्93 क्न 2908) के प्रदूषण का जांच पत्र मांगा तो उसको बिना मशीनों के इस्तेमाल किए ही प्रदूषण जांच कर दी गई। जब उसने इसका कारण पूछा तो उसको कोई संतोष जनक जवाब नहीं दिया गया। इसके बाद वाहन स्वामी ने इसकी शिकायत संभागीय परिवहन अधिकारी सौरभ कुमार से कर दी। इसके बाद उसको कार्यवाही का भरोसा दिलाते हुए दोषी पर जांच कर कार्यवाही करने की बात कही।

# आरपीएफ ने पेट्रोलियम पदार्थ की चोरी करने वाले दो शातिर चोर किए गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। उरई**

आरपीएफ टीम ने पेट्रोलियम पदार्थ की चोरी कर रेलवे को चूना लगाने बाली गैंग के दो शातिर सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। जबकि पूंछतांछ के बाद गैंग के सरगना सहित अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है।

आरपीएफ इंस्पेक्टर केके पांडे शुक्रवार को प्रधान आरक्षक हरपाल सिंह यादव, आरक्षक ओमप्रकाश पटेल, आरक्षक डिटेक्टिव विंग ग्वालियर दीपक कुमार शहर टीम के साथ पेट्रोलिंग करने में लगे हुए थे। इसी दौरान मुखबिर द्वारा उन्हें रेलवे को चूना लगाने वाली गैंग के सदस्यों की भनक लगी।उन्होंने टीम सहित बताए ठिकाने पर दविश डाल दी।



जहां पर घेराबंदी कर कल्लू पुत्र बाबू सिंह व सौरभ पुत्र सुनील कुमार निवासी लालपुर थाना अकबरपुर कानपुर देहात को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक केके पांडेय ने बताया कि पकड़े गए दोनों आरोपियों ने गैंग के सदस्यों के साथ मिलकर लालपुर यार्ड में रिलायंस पेट्रोलियम के खाली बेगनों से तेल निकालने के प्रयास में हाउज पाइप को काट दिया थी। जिससे रेल परिचालन बाधित हुआ था। मामले में आरोपितों के विरुद्ध संगीत धाराओं में मुकदमा दर्ज दर्ज भी किया गया था। जो पुलिस की पकड़ से दूर चल रहे थे। जिन्हें गिरफ्तार किया गया है। फिलहाल सरगना सहित अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है।

# रेलवे स्टेशन का नाम महर्षि वेदव्यास करने की उठाई मांग

**जन एक्सप्रेस। कालपी**

कालिंदी मैया के तट पर बसे महर्षि वेदव्यास की पावन भूमि कालपी में स्थित रेलवे स्टेशन का नाम महर्षि वेदव्यास रेलवे स्टेशन करने की मांग अधिवक्ताओं ने उठाई। साथ ही एसडीएम केके सिंह को ज्ञापन सौंपा है। देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट ने बताया कि महर्षि वेदव्यास का वर्णन महाभारत में आता है। जिन्होंने चार वेद, छह शास्त्र और 18 पुराणो की रचना की है। जिनकी जन्मस्थली कालपी का व्यास टीला है, जो कालपी नगर में आता है। महर्षि वेदव्यास जी की पावन भूमि कालिंदी यमुना मैया के तट पर बसा हुआ। नगर विकास के नाम से प्रेरित होकर



काशी मठ संस्थान द्वारा भी मठ के निर्माण कराए गए। जिसके दर्शन है भारतवर्ष से सनातन धर्म विश्वास करने वाले लोगों का ताता लगा रहता है। उन्होंने कहा कि कालपी के पर्यटक स्थल घोषित किया जाना चाहिए। नगर में स्थित रेलवे स्टेशन का नाम महर्षि वेदव्यास रेलवे स्टेशन करने की जरूरत है। उन्होंने याद दिलाया के क्षेत्र पर्यटन अधिकारी झांसी द्वारा पत्राचार के माध्यम से अवगत कराया गया था। व्यास जी की जन्मस्थली पर पर्यटन की स्थापना और सुविधाएं विकसित करने हेतु योजना तैयार की जाएगी। इस सिलसिले में अधिवक्ताओं ने भी कालपी को पर्यटन स्थल घोषित करने तथा कालपी रेलवे स्टेशन को महर्षि वेदव्यास के नाम पर घोषित करने की मांग उठाई है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### सर्पदंश से महिला की मौत

**जन एक्सप्रेस/बाराबंकी।** थाना असंद्रा के ग्राम अनरपति निवासी 60 वर्षीय कलावती पत्नी रामजग गुरुवार को दिन में अपने घर में खाना बना रही थी। तभी अचानक उन्हें एक विषैले सर्प ने हाथ में काट लिया। कलावती ने इस घटना की जानकारी परिजनों को दी। परिजन उसे लेकर नजदीकी सीएचसी बनीकोडर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद कलावती को जिलाअस्पताल भेज दिया। शाम को परिजन महिला को लेकर जिला अस्पताल जा रहे थे। इसीबीच रास्ते में महिला ने दम तोड़ दिया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में हुई युवक की मौत

**जन एक्सप्रेस/बाराबंकी।** जनपद सिद्धार्थ नगर थाना वासी अंतर्गत ग्राम गोड़वॉर निवासी 35 वर्षीय नीरज कुमार पुत्र संजय भट्ट थाना रामसनेहीघाट अंतर्गत सैनिक ढाबा पर वेटर का काम करता था। जहां बीती रात 2 बजे के करीब अचानक से उसकी मौत हो गई। मामले में ढाबा संचालक का कहना है कि नीरज की मौत शराब पीने के कारण हुई है। जबकि परिजन इस बात को मानने से इनकार कर रहे है। और मृतक के भाई ने इस संबंध में एक लिखित प्रार्थना पत्र कोतवाली को देकर कार्यवाही की मांग की है। जिसपर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मृतक का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अब पुलिस मामले में आने वाली पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

### दहेज हत्या के आरोपी पति और सास-ससुर गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/बाराबंकी।** शहर कोतवाली अंतर्गत बुधवार की शाम कोठी डीह निवासी 24 वर्षीय दिव्या पत्नी विपिन उर्फ आकाश का शव संदिग्ध परिस्थितियों में उसके घर में फांसी के फंदे पर लटकता मिला था। मामले में मृतका के पिता ओमप्रकाश सिंह ने कोतवाली को शिकायती पत्र देकर अपनी पुत्री की दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाते हुए उसके पति आकाश सहित ससुर रामदयाल व सास रेशमा के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज कराया था। मामले में नगर कोतवाली पुलिस ने 24 घंटे के भीतर आरोपी पति सहित सास ससुर को गिरफ्तार कर लिया।

### बीडीओ के आश्वासन पर किसान संगठन ने खत्म किया धरना

**जन एक्सप्रेस/रामनगर-बाराबंकी।** भारतीय किसान यूनियन भदौरिया गुट के जिलाध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में दर्जनों किसानों ने शुक्रवार को सूरतगंज ब्लॉक प्रांगण में विभिन्न समस्याओं को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रारंभ कर दिया। जिसकी सूचना पर अविलंब खंड विकास अधिकारी सूरतगंज प्रीति वर्मा ने संगठन के सभी लोगों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को हल करने का लिखित आश्वासन दिया। जिसमें बीडीओ किसानों से प्राप्त समस्याओं को 20 दिन के भीतर हल किए जाने की बात कही है। इस मौके पर जिला मीडिया प्रभारी तिलक राम गुप्ता, तहसील अध्यक्ष फतेहपुर उमेश यादव, ब्लॉक उपाध्यक्ष सूरतगंज विनय यादव, ग्राम अध्यक्ष आलोक, रमेश, बबलू, महेश दीक्षित व अन्य सदस्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### 51 टीमें खोजेंगी कुष्ठ रोगी, प्रशिक्षण संपन्न

**जन एक्सप्रेस/रामनगर-बाराबंकी।** एक सितंबर से शुरू हो रहे कुष्ठ रोगी खोजी अभियान से जुड़ा प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सीएचसी अधीक्षक एलबी गुप्ता एवं जिला कुष्ठ अधिकारी कार्यालय से आए एनएमएस के के मिश्रा ने कार्यक्रम में शामिल आशा संगिनी व आशा बहुओं को कुष्ठ रोगियों की पहचान सहित उन्हें देने वाले उपचार के विषय में गहनता से जानकारी दी। इस अभियान को सफल बनाने के लिए 51 टीमों का गठन किया गया है। जिसमें एक आशा बहू व वॉलिंटियर हर घर में दस्तक देकर कुष्ठ रोगियों की पहचान करेगा। फिर इन रोगियों को इलाज के लिए नजदीकी सीएचसी भेजेगा। जहां पीड़ित का मुफ्त में उपचार किया जाएगा। इस मौके पर एनएमएस ए के शुक्ला, पीएमडब्ल्यू यशपाल सिंह, ब्लॉक मैनेजर समीर अहमद सहित प्रभात सिंह एवं अन्य सीएचसी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अनियंत्रित बस ने तहस-नहस की दुकान, टला बड़ा हादसा

**जन एक्सप्रेस/मसौली-बाराबंकी।** बारिश के दौरान अनियंत्रित रोडवेज बस ढाबे के निकट एक टायर पंचर की दुकान मे जा घुसी। जहां पर खड़ी एक बुलेट सहित दो बाईके बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। इस दौरान ढाबे पर खाना खा रहे लोगों एव बस मे सवार यात्रियों में खलबली मच गई। मौक़े पर मौजूद लोगो ने बस चालक को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया है। बीती रात्रि लगभग 10 बजकर 20 मिनट पर मसौली चौराहे स्थित मिर्च मसाला ढाबे पर लोग खाना खा रहे थे। तभी बहराइच की ओर से तेज रफ्तार मे आ रही अनुबंधित रोडवेज बस नंबर अनियंत्रित होकर नाले को पार करती टायर पंचर की दुकान मे जा घुसी। जिससे दुकान सहित वहां खड़ी बुलेट व एक हीरो हांडा मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गयी।गनीमत रही कि अनियंत्रित बस बुलेट मोटरसाइकिल मे ही फंस गयी। नही तो किसी बड़े हादसे से इंकार नही किया जा सकता था। क्योकि पास ही ढाबे पर लोग खाना खा रहे थे। अचानक हुए हादसे के बाद वहां पर भी खलबली मच गयी।

**(शीशे पर नहीं लगा था वाइपर)** सीतापुर डिपो की यह बस भारी बारिश के बीच जनपद बहराइच से सवारी लेकर लखनऊ की ओर जा रही थी। बस में वाइपर न होने के कारण रोड पर दौड़ती बस से सड़क देखने के लिए चालक बस चलाने के साथ बार-बार बस के शीशे साफ कर रहा था। जोकि दुर्घटना का कारण बना।

**(बगैर इंश्योरेंस व फिटनेस के यमराज बन दौड़ रही बस)**

दुर्घटना के बाद बस के कागजों की जांच पड़ताल में पता चला कि दुर्घटनाग्रस्त बस का बीमा 7 जुलाई 2021 व फिटनेस 3 जुलाई 2021 को समाप्त हो चुकी थी। फिर दो वर्ष से अधिक समय से बिना जाँच पड़ताल के बस चल रही है। इन रोडवेज बसों की महाअभियान के दौरान चेकिंग की जाती है। जिस वजह से कितनी खामियों के बाद भी बस सड़क पर दौड़ रही है।

### साइबर सेल ने वापस कराई 36 हजार रुपये की धनराशि

**जन एक्सप्रेस/बाराबंकी।** जिले की साइबर सेल पुलिस ने शुक्रवार को नगर कोतवाली व थाना सतरिख के रहने वाले 2 लोगों के खाते से गायब 36 हजार रुपए की राशि को सकुशल उनके खातों में वापस करा दिया। जिसको लेकर नगर कोतवाली के रेलवे कॉलोनी निवासी शारदा पुत्र हीरालाल ने शिकायत की थी कि उसके खाते से 30 हजार रुपए गायब किए जाने की सूचना दी गई थी। इसीतरह थाना सतरिख के अभिषेक पटेल पुत्र सहजराम निवासी ग्राम करखा पोस्ट असैनी ने 6 हजार रुपए की राशि गायब होने की जानकारी पुलिस को दी थी। दोनों ही मामलों में साइबर सेल ने पीड़ितों के खातों से गायब 36हजार की राशि को उनके खातों में वापस करा दिया।

### राज्य स्तरीय भू माफिया के सहयोगी की 66 लाख की संपत्ति होगी कुर्क

**जन एक्सप्रेस/बाराबंकी।** थाना मसौली पुलिस राज्यस्तरीय भू-माफिया अतुल वर्मा गैंग के सक्रिय सदस्य संतोष कुमार यादव पुत्र जगजीवन यादव निवासी रसूलपुर थाना बदोसराय की 66 लाख की चल-अचल संपत्ति को कुर्क करेगी। जिला प्रशासन का संतोष पर आरोप है कि उसने राज्य स्तरीय भूमाफिया अतुल वर्मा की गैंग में शामिल होकर भोले भाले लोगों को सस्ती आवासीय जमीन अथवा प्लाट का लालच देकर रुपए ले लेता था। जिसके बाद जमीन की रजिस्ट्री ना करने पर रुपयों की मांग पर टालमटोल करता रहता था। आरोपी ने लाइफ लोंग मल्टी स्टेट कोऑपरेटिव सोसाइटी कंपनी बनाकर लोगों को अच्छा ब्याज का आकर्षण देकर कंपनी में पैसा जमा कराता था। साथ ही ग्राहक की मैच्योरिटी पूरी होने के बाद ग्राहकों को पैसा वापस नहीं करता था। आरोपी ने एसटीएस इंफ्रा ( संकल्प सिटी ) नाम की सोसाइटी बनाकर लोगों से ठगी करता था। आरोपी की कुर्क होने वाली 66 लाख की संपत्ति में सिरौलीगौसपुर तहसील स्थित ग्राम मीठेपुर में 10 लाख का कीमती भूखंड व ग्राम रसूलपुर में 56 लाख रुपए की कीमत से बना पक्का मकान शामिल है। बता दें कि आरोपी की गैंग के मुख्य सरगना अतुल वर्मा की पुलिस 5 करोड़ से अधिक की संपत्ति कुर्क कर चुकी है।

### तेज़ हवा व बारिश के चलते जगह-जगह गिरे दर्जनों पेड़

**जन एक्सप्रेस/मसौली-बाराबंकी।** बीती रात्रि हवा के साथ हुई बारिश मे क्षेत्र मे दर्जनों पेड़ गिर जाने से आवगमन बाधित रहा। नेशनल हाइवे सहित लिंक मार्गो पर गिरे पेड़ो को शुक्रवार की सुबह वन विभाग की टीम ने हटवा कर रास्ता साफ कराया। बता दें किगुरुवार की रात्रि को तेज बारिश के साथ चली तेज हवा मे लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित सफदरगंज चौराहे पर बबूल का पेड़ व बघौरा के निकट शीशम का पेड़ गिर गया जिससे फॉरलेन का हाइवे वनवे हो गया सुबह पहुंची वन विभाग की टीम ने हाइवे पर गिरे पेड़ को हटवा कर राष्ट्रीय राजमार्ग को साफ कराया। वही सफदरगंज बदोंसराय मार्ग पर स्थित इंटर कॉलेज के सामने शीशम का पेड़ गिर जाने से पुरी रात आवगमन बाधित रहा सुबह पेड़ को हटवा कर आवगमन सुचारु किया गया।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में मुक्त विवि निरंतर सक्रियः प्रोफेसर सीमा सिंह

**✻ अब 30 सितंबर तक होगा मुक्त विश्वविद्यालय में प्रवेश**

जन एक्सप्रेस। अयोध्या



उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के क्षेत्रीय केंद्र अयोध्या के अंतर्गत आने वाले अध्ययन केंद्र प्राचार्य एवं समन्वयकों की एक दिवसीय कार्यशाला राष्ट्रीय शिक्षा नीति में मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा का आयोजन शुक्रवार को बीएनएस गर्ल्स डिग्री कॉलेज क्षेत्रीय केंद्र अयोध्या में किया गया।

कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन में मुक्त विश्वविद्यालय निरंतर सक्रिय है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार विभिन्न विषयों की यूजीसी द्वारा जारी नवीन पाठ्यक्रम संकल्पना के अनुरूप पाठ्यक्रम को मुक्त विश्वविद्यालय में इसी सत्र से लागू कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि 30 सितंबर तक प्रवेश की तिथि को बढ़ा दिया गया है। सभी अध्ययन केंद्र समन्वयक रोजगार परक समावेशी शिक्षा से युक्त शैक्षिक कार्यक्रमों के बारे में केंद्र पर आने वाले लोगों को इन कार्यक्रमों की उपयोगिता के बारे में अवगत करायें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय यूट्यूब के माध्यम से विद्वानों के लेक्चर प्रसारित कर रहा है। दूरस्थ शिक्षा के विद्यार्थी इसका लाभ उठा सकते हैं।कुलपति प्रोफेसर सिंह ने कहा कि मुक्त विश्वविद्यालय प्रसार कार्यों के निर्वहन, सामाजिक सरोकार एवं जन जागरूकता के प्रति निरंतर सजग तथा संवेदनशील है। विश्वविद्यालय ने प्रवेश, पाठ्य सामग्री, शैक्षणिक परामर्श, अंक पत्र व उपाधि वितरण, टेंडरिंग आदि सभी क्षेत्रों में ऑनलाइन सुविधाओं का तेजी से विस्तार करके व्यवस्थाओं को और अधिक पारदर्शी बनाने में सफलता प्राप्त की है। प्रोफेसर सिंह ने कहा कि प्रदेश में परंपरागत उच्च शिक्षा संस्थानों तथा तकनीकी संस्थानों के आधारभूत संरचना का जनहित में प्रयोग करते हुए यह मुक्त विश्वविद्यालय अपने बहुआयामी कार्यक्रमों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा को जन जन तक पहुंचाने के लिए कृत संकल्पित है। परंपरागत शिक्षा के साथ - साथ यहां के व्यावसायिक एवं रोजगार परक पाठ्यक्रमों द्वारा शिक्षार्थी निरंतर लाभान्वित हो रहे हैं तथा उनमें नवीन कौशलों का विकास हो रहा है।

कार्यशाला में अयोध्या, गोंडा, बस्ती, अंबेडकर नगर, सुल्तानपुर और अमेठी से आए अध्ययन केन्द्रों के प्राचार्य एवं समन्वयकों ने प्रतिभाग किया।इस अवसर पर अयोध्या क्षेत्रीय केंद्र के समन्वयक डॉ शशि भूषण राम त्रिपाठी ने कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह एवं अतिथियों का स्वागत किया। प्रभारी निदेशक प्रोफेसर सत्यपाल तिवारी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति में मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा संबंधी कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत की।कार्यशाला में वित्त अधिकारी शशि भूषण सिंह

**✻ मुक्त विवि के क्षेत्रीय केंद्र में समन्वयकों की कार्यशाला आयोजित**

तोमर ने वित्त संबंधी, परीक्षा नियंत्रक डी पी सिंह ने परीक्षा संबंधी,प्रवेश प्रभारी प्रोफेसर जेपी यादव ने प्रवेश संबंधी,परामर्श प्रकोष्ठ के सह प्रभारी डॉ सतीश चंद्र जैसल ने परामर्श कक्षाओं के बारे में समन्वयकों की जिज्ञासाओं का समाधान प्रस्तुत किया। कार्यशाला का संचालन रवि तिवारी ने एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर एसपी तिवारी ने किया।इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले केंद्रों के प्राचार्य एवं समन्वयकों डॉ शिवेंद्र पांडेय, डॉ एबी सिंह, डॉ केपी वर्मा, डॉ रीना पाठक, डॉ शुचिता पांडेय, डॉ अभय प्रताप सिंह को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इससे पूर्व क्षेत्रीय केंद्र पहुंचने पर कुलपति प्रोफेसर सिंह ने परिसर में पौधरोपण भी किया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति की बैठक

जन एक्सप्रेस। अयोध्या



जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के नवीन सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम उपायुक्त उद्योग द्वारा विगत बैठक की अनुपालन आख्या प्रस्तुत की गयी। तदोपरांत बैठक में जिलाधिकारी द्वारा उद्यमियों की समस्याओं को एक-एक करके सुनकर सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को प्राप्त समस्याओं को प्राथमिकता पर निस्तारित करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने एन0एच0ए0आई0 के पास होटल एन0ओ0सी0 के लंबित प्रकरणों पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को विभिन्न होटलों के लम्बित एन0ओ0सी0 सम्बंधी समस्त प्रकरणों को मौके का निरीक्षण कर शीघ्र अति शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिये। इसी के साथ ही उन्होंने कहा कि उपायुक्त उद्योग व अपर जिलाधिकारी प्रशासन आगामी 5 से 6 दिवस में लंबित एन0ओ0 सी0 से सम्बंधित होटल व्यवसायी व एन0एच0ए0आई0 के हाईवे इंजीनियर से समन्वय कर होटल से सम्बंधित लम्बित एन0ओ0सी0 सम्बंधी मामलों का निस्तारण सुनिश्चित कराएं।

जिलाधिकारी के समक्ष उद्यमियों द्वारा विद्युत आपूर्ति सम्बंधी समस्याएं उठायी गयी जिस पर जिलाधिकारी ने उद्यमियों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने हेतु अधिशाषी अभियन्ता विद्युत को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने एन0एच0ए0आई0 को गद्दोपुर अंडरपास में जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान करने के निर्देश दिये। इसी के साथ ही जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग, अधिशाषी अभियन्ता विद्युत, हाइवे इंजीनियर एन0एच0ए0आई0, एस0 डी0ओ0 वन विभाग व एक उद्यमी की समिति को औद्योगिक क्षेत्रों का भ्रमण कर उद्यमियों की समस्याओं का स्थायी समाधान सुनिश्चित करने हेतु समस्त आवश्यक कार्य करने के निर्देश दिये।

बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित सिंह, अधिशाषी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग प्रान्तीय खण्ड, अधिशाषी अभियन्ता विद्युत, एन0एच0ए0आई0 के परियोजना अभियन्ता, लीड बैंक मैनेजर सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी व उद्यमी बंधु उपस्थित रहे।

# प्रदेश स्तरीय सब जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप की तैयारियां पूरी

जन एक्सप्रेस। अयोध्या।

योनेक्स सनराइज उत्तर प्रदेश सब जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप शनिवार से प्रारंभ हो रही है। यह तीन दिवसीय प्रतियोगिता डाभा सेमर स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर स्टेडियम के बहुउद्देशीय हाल में संपन्न होगी। उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से करीब ढाई सौ प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। इस प्रतियोगिता में 15 से 17 वर्ष वर्ग (अंडर 15 एवं अंडर 17) के ही प्रतिभागी हिस्सा ले सकेंगे। जिला बैडमिंटन संघ के सचिव अनूप दुबे ने बताया की विभिन्न जिलों से आए हुए सभी प्रतिभागियों को विभिन्न होटलों एवं अतिथि गृहों में ठहराया जाएगा तथा उनके भोजन का भी प्रबंध रहेगा। अनूप दुबे ने बताया कि

**✻ प्रतियोगिता का उद्घाटन सांसद लल्लू सिंह करेंगे**

प्रतियोगिता का उद्घाटन 26 अगस्त, दिन शनिवार को 1 बजे अयोध्या सांसद लल्लू सिंह के कर कमलों से होगा।

संघ के मीडिया प्रभारी राजीव मदान ने बताया कि इस प्रतियोगिता में करीब 206 लड़के व 78 लड़कियां भाग ले रही हैं। इस प्रतियोगिता के मुख्य अंपायर अजय सिंह एवं अन्य मैच कंट्रोलर सफल आयोजन के उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन से आएंगे। प्रेस वार्ता में जिला बैडमिंटन संघ, अयोध्या के किशन सावंत सह सचिव एवं अनुपम शुक्ला कोषाध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

# झूलनोत्सव में भगवान चारों भाईयो और महारानियों के साथ कर रहे झूला विहार

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

गौ संत परमार्थ सेवा के प्रमुख केंद्र श्री दशरथ महल बड़ा स्थान में स्वर्ण, रजत भव्य अलौकिक झूले में झूला विहार कर रहे धनुषधारी भगवान चारो भाइयों एवं चारो महारानियों के साथ झूला विहार कर रहे हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के मध्य महंत अवधेश दास महाराज, झूलनोत्सव का उल्लास चरम पर है।

झूले में विराजमान श्री धनुषधारी भगवान को अलौकिक दिव्य झांकी श्री राम का दर्शन करने भक्तों की भीड़ लखन दास जी दिगंबर अखाड़ा मे उमड़ रही है। गौ संत परमार्थ सेवी विंदु गद्याचार्य स्वामी, देवेन्द्र



प्रसादाचार्य महाराज की अध्यक्षता एवं पावन सानिध्य में भव्य से संचालित झूलनोत्सव का दर्शन करने संतमहंत एवं भक्त पधार रहे हैं। इसी क्रम में रसिक पर श्री महंत जन्मेजय शरण जी महाराज बड़ा स्थान जानकी पाद बड़ा भक्तमाल पीठाधीश्वर श्री दिगंबर अखाड़ा के महंत सुरेश दास महाराज, महंत भानू दास, नागा राम लखन दास महाराज, महंत सूरज दास महाराज हैं।

अकबरपुर के पूर्व विधायक, वरिष्ठ समाज सेवी पवन पांडेय, संत सूर्य नारायण दास श्री श्री राम जानकी मंदिर भूमिम परशुरामपुर बस्ती सहित अन्य महंत, भक्त शामिल रहे। बिंदु गद्याचार्य स्वामी देवेन्द्र प्रसादाचार्य महाराज द्वारा झूलन महोत्सव में पधारे सभी संतों का अंग वस्त्र भेट कर विदाई प्रदान कर सम्मानित किया गया। झूलन महोत्सव संतों भक्तों के लिए बड़ा आकर्षण का केंद्र बना हुआ।

# ग्राम पंचायत में आयोजित हुई जन चौपाल

जन एक्सप्रेस। बीकापुर-अयोध्या

बीकापुर विकासखंड क्षेत्र के शिवतर और बहीउद्दीनपुर ग्राम पंचायत के पंचायत भवन पर शुक्रवार को ग्राम जन चौपाल का आयोजन किया गया। बहीउद्दीनपुर ग्राम ग्राम पंचायत में आयोजित जन चौपाल की अध्यक्षता प्रधान सुनील कुमार द्वारा की गई। ग्राम पंचायत के पंचायत भवन पर आयोजित चौपाल में मौजूद एडीओ आईएसबी बद्रीनाथ पांडेय और ग्राम पंचायत अधिकारी शुभम शुक्ला ने चौपाल में मौजूद लोगों से संवाद करके उनकी समस्या का निस्तारण किया गया।

इस दौरान कुल 3 लोगों द्वारा आवास और रास्ता से संबंधित शिकायत दर्ज कराई गई। ग्राम चौपाल में ग्राम पंचायत में कराए गए विकास कार्यों तथा लोगों को मिल रही जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभ का सत्यापन किया गया। इस मौके पर रोजगार सेवक बंदना, पंचायत सहायक सुचित कुमार, आंगनबाड़ी कार्यकत्री भानुमती, बीसी सखी रीता यादव सहित ग्रामीण मौजूद रहे। जबकि शिवतर ग्राम पंचायत के पंचायत भवन पर आयोजित जन चौपाल की अध्यक्षता ग्राम प्रधान जैना कुमारी द्वारा किया गया। ग्राम चौपाल में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी राजकुमार यादव ने ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और उनकी समस्याओं को नोट किया गया। तथा निस्तारण करने का आश्वासन दिया गया। चौपाल के दौरान उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का संदेश भी पढ़कर सुनाया गया। ग्राम चौपाल के दौरान रोजगार सेवक कविता पांडे, तकनीकी सहायक राम मनोहर गुप्ता, पंचायत सहायक, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा कर्मी सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

# अपने उद्देश्य में सफल रहा संतृप्तिकरण अभियान

जन एक्सप्रेस। बहराइच



विभिन्न विभागों द्वारा संचालित की जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं से जिले के ग्रामों को संतृप्त किये जाने तथा जनसमस्याओं के निस्तारण के उद्देश्य से डीएम मोनिका रानी की अभिनव पहल पर ब्लाक पयागपुर अन्तर्गत पं. अशोक कुमार मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रांगण में आयोजित किये गये सेवा से संतृप्तिकरण अभियान के दौरान न्याय पंचायत खुटेहना की समस्त ग्राम पंचायतों अरकापुर, खोरिया शरीफ, खुटेहना, इटवाहरदास, कोल्हुवा, लहडौरा, सतपेड़िया, रजुवापुर व बेलवापदुम के ग्रामवासियों का संतृप्तिकरण किया गया।

जिलाधिकारी ने सेवा से संतृप्तिकरण अभियान अन्तर्गत लगाये गये एक-एक पण्डाल का निरीक्षण कर मौजूद अधिकारियों से दिन भर की कारगुज़ारी के बारे में जानकारी प्राप्त की।

प्रतिकूल मौसम के बावजूद संतृप्तिकरण अभियान के अवसर पर भारी भीड़ को देखते हुए डीएम ने कहा कि उन्हें आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि यह आयोजन अपने उद्देशों में सफल होगा। प्रशासन जनता के द्वार की थीम पर आयोजित किये जा रहे संतृप्तिकरण अभियान के प्रति लोगों के विश्वास को देख कर स्वयं उनका ही नहीं बल्कि जिले के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों के हौसले बुलन्द हैं। डीएम ने ग्रामवासियों से अपील की कि न्याय पंचायत में आयोजित किये जा रहे सेवा से संतृप्तिकरण शिविर में बढ़-चढ़ कर शामिल हों और विभिन्न विभागों द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं का भरपूर लाभ उठायें। आमजन की समस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापरक निस्तारण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व शासन की शीर्ष प्राथमिकता है।

डीएम ने कहा कि आयोजन का एक उद्देश्य यह भी है कि गांव ग्राम के ऐसे लोग जो पात्रता रखने के बावजूद योजनाओं से वंचित हैं। इसका मुख्य कारण यह होता है कि उनकी पहुंच कार्यालयों तक नहीं हो पाती या उनके जाने पर सम्बन्धित अधिकारी से मुलाकात न हो पाने अथवा नेटवर्क न होने से भी कभी-कभी समस्या आती है। इसी बात को देखते हुए संतृप्तिकरण अभियान के दौरान विभिन्न विभागों के स्टाल पर योजनाओं के पंजीकरण की भी व्यवस्था की गई है ताकि कोई कोई भी इच्छुक पात्र योजनाओं से वंचित न रह सके।

कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी कविता मीना ने भी ग्रामवासियों से अपील की है कि विभिन्न विभागों द्वारा लगाये स्टालों का अवलोकन कर योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में जानकारी प्राप्त कर अपनी पात्रता के अनुसार फार्म भर कर योजनाओं का लाभ उठाएं।

# मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में राजस्व वसूली पर जोर

जन एक्सप्रेस। बहराइच

आयुक्त देवीपाटन मण्डल गोण्डा योगेश्वर राम मिश्र ने कलेक्ट्रेट सभागार बहराइच में राज्य सरकार की प्राथमिकता से सम्बन्धित विकास कार्यों की विभागवार समीक्षा की गई। इस दौरान योजनाओं के क्रियान्वयन के साथ राजस्व वसूली पर जोर दिया।

इस दौरान सिंचाई एवं जल संसाधन से सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया। बाढ़ के मद्देनज़र तटबन्धों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया तथा सुदृढ़ीकरण एवं मरम्मत से सम्बन्धित सामग्री की उपलब्धता भी बनाएं रखी जाय।

आयुक्त ने श्रावस्ती व बलरामपुर के अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने तथा तटबन्धों की सतत् निगरानी रखने के निर्देश दिये। श्री मिश्र ने कहा कि सभी जनपदों में संभावित बाढ़ के दृष्टिगत मनुष्यों एवं पशुओं के उपचार के भी माकूल बन्दोबस्त किये जाएं। आयुक्त श्री मिश्र ने नहरों की टेल तक पानी उपलब्धता सुनिश्चित कराए जाने हेतु जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि आवश्यकतानुसार सिल्ट की सफाई मनरेगा योजना से करायी जाय।

विद्युत आपूर्ति की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये गये कि मण्डल के सभी जनपदों में रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करायी जाय। विद्युत राजस्व वसूली की समीक्षा के दौरान मण्डल के अन्य जनपदों के सापेक्ष बहराइच की वसूली कम पाये जाने पर निर्देश दिया कि वसूली कार्य में सुधार लाया जाय। आर.सी. की समीक्षा के दौरान निर्देश दिया कि निर्गत आर.सी. का मिलान कर लिया जाए किसी भी स्तर पर भिन्नता नहीं होनी चाहिए। आंगनबाड़ी केन्द्रों व हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टरों पर शत-प्रतिशत विद्युत कनेक्शन के सम्बन्ध में आयुक्त ने निर्देश दिया मेरी ओर से मण्डल के जिलाधिकारियों को पत्र भिजवाया जाय।

इस अवसर पर संयुक्त विकास आयुक्त देवीपाटन मण्डल प्रदीप कुमार यादव, जिलाधिकारी बहराइच मोनिका रानी, गोण्डा की नेहा शर्मा, श्रावस्ती की कृतिका शर्मा, बलरामपुर के अरविन्द सिंह, वन संरक्षक मनोज कुमार सोनकर, मुख्य विकास अधिकारीगण तथा विभिन्न विभागों के मण्डलीय अधिकारी मौजूद रहे।

# गुंडा एक्ट तथा जिला बदर से संबंधित मामले प्राथमिकता पर निपटाएं

जन एक्सप्रेस। बहराइच



आयुक्त देवीपाटन मण्डल गोण्डा योगेश्वर राम मिश्र व डी.आई.जी. अमरेन्द्र प्रसाद सिंह ने मण्डल के प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार बहराइच में कानून व्यवस्था एवं अभियोजन कार्य की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि जनसुनवाई के दौरान कानून व्यवस्था से सम्बन्धित बार-बार आने वाले प्रकरणों का प्रभावी निस्तारण किया जाय। लम्बित जांच प्रकरणों में समय से जांच की कार्यवाही पूरी की जाय। आयुक्त व डीआईजी ने निर्देश दिया कि अनैतिक कार्यों में संलिप्त सभी प्रकार के माफियाओं का चिन्हींकरण किया जाय।

आयुक्त व डीआईजी ने कहा कि आपरेशन त्रि-नेत्र गोरखपुर ज़ोन में बहुत सफल रहा है। सभी जिलाधिकारी आगे आकर जिले के प्रमुख मार्गों विशेष इन्ट्री प्वाईन्ट तथा प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाये जाए। आयुक्त व डीआईजी ने कहा कि आपरेशन त्रि-नेत्र में आमजन द्वारा अपेक्षित सहयोग प्रदान किया जा रहा है। इसलिए सम्बन्धित अधिकारी समाज के सक्षम व्यक्तियों विशेष कर व्यापारियों एवं उद्यमियों को जिले के अन्य प्रमुख कस्बो में सीसीटीवी लगाने हेतु प्रेरित किया जाय। पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि पीड़ित व्यक्ति न्याय दिलाये जाने हेतु अपराधियों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करने में कोताही न बरती जाय।

आयुक्त व डीआईजी ने निर्देश दिया कि आसन्न त्यौहारों के दृष्टिगत कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु विशेष सतर्कता बरती जाय। गौकशी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया तथा इस कार्य में अन्य क्षेत्रीय विभागीय कार्मिकों का सहयोग प्राप्त किया जाय। आयुक्त ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि साइबर थानों के लिए भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं ताकि थानों की स्थापना की जा सके। बैठक के दौरान निर्देश दिया गया कि गुण्डा एक्ट से सम्बन्धित प्रकरणों का गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाय तथा जिला बदर की कार्यवाही को प्रभावी ढंग से लागू कराया जाय।

आयुक्त व डीआईजी ने संवेदनशील स्थलों पर नियमित रूप से गश्त की कार्यवाही करने का निर्देश देते हुए कहा कि इससे वर्षाऋतु में होने वाली चोरियों की घटनाओं पर भी प्रभावी अंकुश लग सकेगा। पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि किसी भी घटना की अनेदेखी न करें। यदि कोई प्रकरण संज्ञान में आता है तो सम्बन्धित के विरूद्ध एक्शन लिया जाय।

# पूर्व सांसद ने शहीद विनय कायस्थ की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण, दीप जलाकर मनाई खुशी

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



जनपद बलरामपुर मे चन्द्रमा की सतह पर चंद्रयान-3 के लांचिंग के बाद शुभकामनाओं एवं बधाइयों का दौर लगाकर जारी है। गुरुवार को पूर्व सांसद दद्दन मिश्र ने अपने तमाम समर्थकों के साथ वीर विनय चौक पर बने शहीद स्मारक पर वीर विनायक आया था के मूर्ति पर माल्यार्पण किया और मोमबत्ती जलाकर तथा तिरंगा फहराकर खुशी मनाया। उन्होंने लोगों को मिठाइयां खिलाकर मिशन की कामयाबी पर बधाई दी। जानकारी के अनुसार 25 अगस्त को वीर विनय चौराहा पर स्थापित शहीद स्मारक पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व सांसद दद्दन मिश्र ने कहा कि इसरो के वैज्ञानिकों ने भारत के इतिहास में नया कीर्तिमान गढ़ दिया है। आज पूरी दुनिया भारत की वैज्ञानिक क्षमता का लोहा मान रही है। लोग भारत के इस मिशन की सराहना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चन्द्रयान-2 के विफल होने के बाद भारत के वैज्ञानिकों ने अपनी क्षमता को नहीं खोया था। वैज्ञानिकों के सतत प्रयास और भारत सरकार के निष्ठा का प्रतीक है कि आज चंद्रयान-3 का मिशन सफल हुआ है। कहा कि अपने झंडे पर चांद की तुलना करने वाले पाकिस्तान को यह सोंच लेना चाहिए कि अब भारत का झंडा चंद्रमा पर फहरा रहा है। गुरुवार शाम को स्थानीय शहीद स्मारक पर मोमबत्ती जालाई गई। साथ ही तिरंगा फहराकर लोगों को मिशन की कामयाबी पर बधाई दी गई। लोगों ने चौराहे पर आतिशबाजी कर खुशी जाहिर किया। इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री वरुण सिंह मोनू, नगर अध्यक्ष कृष्ण गोपाल गुप्ता, सभासद नंदलाल तिवारी, सुभाष पाठक, विनोद गिरी, बाबा उमाशंकर त्रिपाठी, प्रवेश दुबे, मोनू, अक्षय शुक्ला सहित बड़ी संख्या में भाजपाई मौजूद थे।

# पत्रिका विमोचन समारोह का महाविद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष ने किया शुभारंभ

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



जिला मुख्यालय स्थित एम एल के पी जी कॉलेज के पूर्व संस्थापक अध्यक्ष महाराजा बहादुर धर्मेन्द्र प्रसाद सिंह की जयंती अवसर पर विशेषांक अरुणाभा पत्रिका का विमोचन समारोह शुक्रवार को महाविद्यालय सभागार में आयोजित किया गया। अतिथियों द्वारा महाविद्यालय परिसर मे लगाए गए 50 के वी सोलर प्लांट तथा नव निर्मित स्मार्ट क्लास का भी लोकार्पण किया गया। जानकारी के अनुसार 25 अगस्त को आयोजित अरुणाभा पत्रिका विमोचन समारोह का शुभारंभ महाविद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष महाराजा जयेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व विधायक मंगलदेव सिंह, प्रबंध समिति के सचिव लेफ्टिनेंट कर्नल आर के मोहन्ता, संयुक्त सचिव बी के सिंह, सदस्य डॉ ए पी सिंह व महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय ने दीप प्रज्वलित कर एवं मां सरस्वती व महाराजा बहादुर धर्मेन्द्र प्रसाद सिंह के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। समारोह को संबोधित करते हुए संस्थापक अध्यक्ष महाराजा जयेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि स्मृतिशेष महाराजा धर्मेन्द्र प्रताप सिंह के दिल मे बलरामपुर वासियों के प्रति अगाध प्रेम था। उन्होंने विरासत में प्राप्त सभी संस्थान को एक सूत्र में बांधकर रखा। अपनी स्मृतियों को व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि पिता एक वृक्ष समान होता है। उनकी छत्र-छाया में हम सभी का सांस्कृतिक व चारित्रिक विकास हुआ। वह महाविद्यालय के उन्नयन हेतु सतत प्रयत्नशील रहे। महाविद्यालय की गरिमा व प्रतिष्ठा को बढ़ाना ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी। पूर्व विधायक व राज परिवार के करीबी मंगलदेव सिंह ने कहा कि बलरामपुर का एक गौरवशाली इतिहास रहा है। महाराजा धर्मेन्द्र प्रसाद सिंह एक दूरदर्शी सोच के थे । प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि महाविद्यालय के लिए आज का दिन बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने संस्थापक अध्यक्ष, प्रबंध समिति को आश्वासन दिया कि महाविद्यालय परिवार स्वर्गीय महाराजा के सपनों को साकार करने के लिए हमेशा तत्पर रहेगा। समारोह में पूर्व प्राचार्य डॉ ओ पी मिश्र, पूर्व प्राचार्य प्रो0 एन के सिंह, राज कुमार श्रीवास्तव, अनिल सिंह, प्रभाकर सिंह, अवधेश सिंह व कुमार पीयूष ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इसके पूर्व प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय , अरुणाभा के प्रधान संपादक प्रो0 श्रीप्रकाश मिश्र, पूर्व प्राचार्य प्रो0 प्रमिला तिवारी, पूर्व प्राचार्य प्रो0 आर के सिंह, मुख्य नियंता प्रो0 पी के सिंह, प्रो0 अरविंद द्विवेदी व प्रो0 राघवेंद्र सिंह ने बुके भेंटकर अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के एसोसिएट एन सी सी ऑफिसर लेफ्टिनेंट(डॉ) देवेन्द्र कुमार चौहान ने किया।

# चार माह में दिल के छेद की हुई 18 सफल सर्जरी

- आरबीएसके से मिल रहा बच्चों को नया जीवन
- अलीगढ़ में हिमांशु का हुआ आपरेशन

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के अंतर्गत 0-19 वर्ष तक बच्चों को बड़ी राहत मिल रही है। कार्यक्रम के अंतर्गत चिन्हित 44 जन्मजात बीमारियों के मुफ्त इलाज का लाभ बच्चों को मिल रहा है। आरबीएसके कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को बरखेड़ा के डंडिया भगत निवासी 10 वर्षीय हिमांशु पुत्र वीरेंद्र के दिल की सफल सर्जरी हुई। हिमांशु को जन्म से ही दिल में छेद की समस्या थी। परिवार के पास उपचार कराने के लिए जरूरी संसाधन मौजूद नहीं थे। आरबीएसके की बरखेड़ा टीम में शामिल डा. रजनी, डा. शाहीन, देवदत, स्टाफ नर्स रेशमी देवी ने हिमांशु का परीक्षण कर केस फाइल तैयार की। कार्यक्रम के अंतर्गत डीआईसी मैनेजर मो.जुबेर ने हिमांशु को इलाज के लिए जेएन मेडिकल कालेज अलीगढ़ भेजा, जहां मुफ्त में सर्जरी कर हिमांशु को नया जीवन दिया गया। आरबीएसके कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एसीएमओ डा. हरिदत्त नेमी ने बताया कि बीते चार माह में दिल के छेद की समस्या से ग्रस्त 18 बच्चों की सफल सर्जरी कराई जा चुकी है। इस बीमारी के अब तक 38 बच्चे चिन्हित किए गए हैं, जिसमें से 11 की सर्जरी आगामी दिनों में कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि आरबीएसके के अंतर्गत 0-19 वर्ष तक के बच्चों को कुल 44 जन्मजात बीमारियों से छुटकारा दिलाने के लिए बेहतर मेडिकल कालेजों में मुफ्त उपचार व सर्जरी की सुविधा दिलाई जाती है। इसका सारा खर्च सरकार की ओर से वहन किया जा रहा है। मरीज को आने-जाने के लिए भी मुख्यालय से निःशुल्क एम्बुलेंस की सुविधा दी जाती है। कार्यक्रम के अंतर्गत न्यूरल ट्यूब, डाउनसिंड्रोम, होंठ व तालू कटे हुए बच्चे, आंखों में समस्या, जन्म से बहरे-गूंगे, त्वचा, कान, डेंटल आदि से संबंधित गंभीर बीमारियों का इलाज कराया जाता है।

> आरबीएसके के अंतर्गत माह अप्रैल-जुलाई के बीच कुल 5928 बच्चे फोर-डी बीमारी के चिन्हित किए गए, जिसमें से 5700 का उपचार हुआ है। 66 बच्चों की सफल सर्जरी कराई गई। जल्द ही कैंसर के इलाज की सुविधा भी आरबीएसके के अंतर्गत मिलने लगेगी। इसके लिए भारत सरकार ने एमओयू साइन कर लिया है। बच्चों को बेहतर भविष्य देने में आरबीएसके लाभकारी साबित हो रहा है।
> - डा. आलोक कुमार, सीएमओ



## गोली कांड में घायल हुए युवक ने अस्पताल में तोड़ा दम, परिजनों में मचा कोहराम

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



**बीसलपुर।** जनपद की तहसील बीसलपुर क्षेत्र के गांव नगीपुर अखौला में गोली कांड में घायल युवक की कई दिन इलाज के दौरान मौत हो गयी। मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। बीसलपुर के गांव नगीपुर अखौला में बीते 17 अगस्त को खेत से चारा लाते वक्त गांव के ही अनुज कुमार पुत्र भगवान शंकर को अज्ञात लोगों ने गोली मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में युवक को बरेली के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर इलाज के दौरान अनुज ने गुरुवार की शाम अचानक मौत हो गयी। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों का रोरोकर बुरा हाल है। अनुज होनहार छात्र था गांव के लोगों से अच्छा व्यवहार रखता रखता था। बीसलपुर के गांव नगीपुर अखौला के भगवान शंकर के तीन पुत्र हैं। भगवान शंकर व उनके भाई की बर्ष 2009 में एक गोली कांड में मौत हो गयी थी। जिसके बाद से उनकी पत्नी की भी मौत हो गयी। मौत के बाद भगवान शंकर के तीनों बेटा मिल झुलकर अपना जीवन यापन कर रहे थे। बेटों में सबसे बड़े बेटे चन्द्र शेखर व अभिषेक की शादी हो चुकी थी। जबकि सबसे छोटा वेटा अनुज अभी आईटीआई का छात्र था। वह पढ़ने में होनहार छात्र था। 17 अगस्त को दोपहर जानबरों को चारा लाने के दौरान कुछ लोगों ने उसे गोली मारकर घायल कर दिया। इलाज के दौरान अनुज की मौत हो गयी थी। परिजनों ने गमगीन माहौल में शव का अंतिम संस्कार कर दिया है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### काशी में आज से मंत्रियों का जमावड़ा, आज आएंगे सीएम

**जन एक्सप्रेस/वाराणसी।** काशी में हो रहे जी-20 सम्मेलन में शिरकत करने के लिए शुक्रवार को केंद्र व प्रदेश सरकार के मंत्रियों का जमावड़ा लगेगा। कई केंद्रीय मंत्री काशी आ रहे हैं। वहीं प्रदेश सरकार के मंत्री भी पहुंचेंगे। सीएम योगी आदित्यनाथ शनिवार को वाराणसी आएंगे। ऐसे में प्रशासन अलर्ट हो गया है। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, केंद्रीय पर्यटन मंत्री किशन जी रेड्डी वाराणसी आएंगे। वहीं प्रदेश सरकार के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह और पर्यटन व संस्कृति मंत्री और वाराणसी के प्रभारी जयवीर सिंह भी आएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शनिवार को वाराणसी आएंगे। सीएम त्र-20 देशों के प्रतिनिधियों के भोज में शामिल हो सकते हैं। वीवीआईपी आगमन के मद्देनजर प्रशासन सुरक्षा व यातायात व्यवस्था को लेकर अलर्ट है।

### कोआपरेटिव बैंक का बी पैक्स सदस्यता अभियान एक सितंबर से

**जन एक्सप्रेस/प्रयागराज।** इलाहाबाद डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक का सहकार से संवृद्धि बी पैक्स का सदस्यता अभियान एक सितंबर से शुरू किया जायेगा। इस योजना के अंतर्गत मत्स्य पालन, पशु पालन, नैनो यूरिया, खाद बीज, कीट नाशक यंत्र, मधु मक्खी पालन, कुकुट पालन, बागवानी, बकरी पालन, फल सब्जी उत्पादन आदि कार्य के लिए कम ब्याज की दर पर ऋण भी उपलब्ध कराया जायेगा। करछना के बैंक प्रबंधक संजय कुमार जैसवार ने बताया कि जिला सहकारी बैंक में पैक्स एफपीओ के रूप में कृषि संबंधी आर्थिक क्रिया कलाप और प्रत्येक ग्राम पंचायतों में नए बी पैक्स योजना के तहत सहकारी समितियों का कंप्यूटराइजेशन किया जा रहा है।

### प्रयागराज में आधे दर्जन थानेदार पुलिस लाइन भेजे गए

**जन एक्सप्रेस/प्रयागराज।** जिले में कई थानेदारों को पुलिस लाइन भेजा गया है। जबकि कई थानेदारों की तैनाती स्थल में बदलाव किया गया है। पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा ने तत्काल प्रभाव से इसे लागू किया है। छह दरोगाओं को थानेदारी की जिम्मेदारी से हटाकर रिजर्व पुलिस लाइन भेजा गया है। पुलिस लाइन भेजे गए लोगों में नैनी के प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह, कीडगंज के थाना प्रभारी रहे राम मूर्ति यादव, झूंसी थाना प्रभारी वैभव सिंह, करेली के थाना प्रभारी रामाश्रय यादव, मांडा के अरविंद गौतम, जार्ज टाउन थाना के उप निरीक्षक धीरेंद्र सिंह शामिल हैं। पुलिस आयुक्त के वाचक रहे निरीक्षक अमरनाथ राय को प्रभारी निरीक्षक करेली बनाकर भेजा गया है। पुलिस उपायुक्त यमुनानगर दफ्तर से संजय संधू अब प्रभारी निरीक्षक मांडा होंगे। फूलपुर के थाना प्रभारी यशपाल सिंह को प्रभारी निरीक्षक नैनी, खुल्दाबाद में अतिरिक्त निरीक्षक रहे दीन दयाल सिंह को प्रभारी निरीक्षक फूलपुर, एसआरएन चौकी इंचार्ज रहे संजय प्रसाद गुप्ता को थानाध्यक्ष शिवकुटी बनाकर भेजा गया है। इसी प्रकार थानाध्यक्ष शिवकुटी रहे उप निरीक्षक अजीत सिंह को थानाध्यक्ष पुरामुफ्ती की जिम्मेदारी मिली है। पुरामुफ्ती के अभी तक थानाध्यक्ष रहे उपेंद्र प्रताप सिंह अब झूंसी के थानाध्यक्ष होंगे। प्रभारी चौकी नीवा रहे उप निरीक्षक राजीव श्रीवास्तव को जार्जटाउन थानाध्यक्ष की कमान मिली है।

### पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/ जौनपुर।** पुलिस अधीक्षक डा0 अजय पाल शर्मा ने पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में शुक्रवार के परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया, तत्पश्चात् जवानों को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए ड्रिल कराया गया। परेड के उपरान्त विभिन्न शाखाओं शस्त्रागार, जीपी स्टोर, पुलिस अस्पताल, कैन्टीन, मेस व पुलिस लाइन परिसर में भ्रमण कर साफ सफाई इत्यादि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक आदेश निर्देश दिया गया। आदेश कक्ष में कर्मचारियों का ओ.आर. किया गया तथा अभिलेखों का अवलोकन कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये।

### उप कृषि निदेशक ने किसानों को दी जानकारी

**जन एक्सप्रेस/ पीलीभीत।** शुक्रवार को ब्लॉक ललौड़ी खेड़ा के ग्राम पंचायत उझेनिया रामपुर में ग्राम स्तरीय किसान पाठशाला का आयोजन किया गया जिसमें उप कृषि निदेशक ने किसानों को जानकारी देते हुए सरकार की योजनाओं के बारे में बताया जिसमें सरकार की ओर से चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की योजनाएं जैसे सोलर पंप, प्राकृतिक खेती ,पीएम किसान सम्मन निधि योजना, परली प्रबंधन ,धान की सीधी बुवाई, तिलहन एवं सब्जी उत्पादन पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में उपस्थित ब्लॉक प्रमुख अजय गंगवार ,उप कृषि निदेशक,विकासखंड अधिकारी,एसडीओ एडीओ सहित सैकड़ो किसान सम्मिलित रहे।

## बाढ़ प्रभावित गांवों में जल भराव से होकर केंद्र तक पहुंची कार्मियों को डब्ल्यूएचओ ने सराहा

- सघन मिशन इंद्रधनुष अभियान के तहत किया था टीकाकरण
- इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुए थे फोटो

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



**पूरनपुर।** तीन चरणों में चले सघन मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम के तहत 9 अगस्त को बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र में जल भराव से होकर केंद्र पर पहुंची स्वास्थ्य कार्मियों ने टीकाकरण कर अभियान को सफल बनाया था। जल भराव से होकर जा रही स्वास्थ्य कार्मियों का फोटो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ था। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने स्वास्थ्य कार्मियों के कार्य को सराहा है।

पूरनपुर ब्लॉक का चंदिया हजारा बाढ़ प्रभावित गांव है। 8 अगस्त को गांव में बाढ़ आ जाने से गलियों में जल भराव हो गया था। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर सघन मिशन इंद्रधनुष के तहत प्रथम चरण में 7 से 12 अगस्त तक टीकाकरण शुरू किया गया था। 9 अगस्त को चंदिया हजारा के केंद्र पर तैनात एएनएम जितेंद्र कौर ,आशा किरन देवी और कार्यकत्री सरिता रानी जल भराव से होकर केंद्र तक पहुंची थी। जल भराव से गुजर कर खिरकिया बरगदिया में एएनएम आशा और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने गर्भवती महिलाओं व बच्चों को टीकाकरण कर अभियान को सफल बनाया था। मिशन इंद्रधनुष 5.0 के दौरान तीनों स्वास्थ्य कार्मियों को विश्व स्वास्थ्य संगठन ने सराहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने मिशन इंद्रधनुष 5.0 की कामयाबी के कुछ चुनिंदा फील्ड के चित्रों में पीलीभीत के इन कार्मियों को भी शामिल किया है।

## बीसलपुर के गांव मुड़िया करोड़ में दो पक्षो के बीच खूनी संघर्ष

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**बीसलपुर।** गांव मुड़िया करोड़ में साइकिल सड़क के किनारे खड़ी किये जाने को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले। जिसमें कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज हेतु सरकारी ऐम्बुलेंश के माध्यम से ले जाया गया। बीसलपुर के गांव मुड़िया करोड़ में बीच सड़क पर साइकिल खडी किये जाने के विरोध में गांव के ही तोताराम वर्मा ने गांव के ही राजेन्द्र गंगवार के बीच कहा सुनी हो गयी। देखते ही देखते मामला तूल पकड़ गया और एक दूसरे के बीच मारपीट शुरू हो गयी। जिसमें दोनों पक्षों के लोग गंभीर से घायल हो गये। सूचना पर पहुची 108 एम्बुलेंस ने घायलों को लाकर सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

## मुख्यमंत्री ने दी भोसिला ताल के सौंदर्यीकरण के लिये मौखिक स्वीकृति : कृपा शंकर सिंह





जन एक्सप्रेस । जौनपुर

महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता कृपा शंकर सिंह ने कहा है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जौनपुर जिले में बदलापुर तहसील क्षेत्र में के भोसिला तालाब जिसका क्षेत्रफल लगभग 70 एकड़ में है, के सौंदरीकरण एवं पर्यटन सुविधाओं के लिए अपनी मौखिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्य मंत्री कृपा शंकर सिंह गत दिवस लखनऊ में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद से मुलाकात की थी। श्री सिंह आज सुबह जौनपुर में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश पैनलिस्ट ओम प्रकाश सिंह आवास पर मुंबई जाने से पूर्व एक अनौपचारिक वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के साथ-साथ अपनी जन्मभूमि जौनपुर, उत्तर प्रदेश के सर्वांगीण विकास की दिशा में मैं निरंतर प्रयत्नशील रहता हूं। उन्होंने कहा कि भोसिला ताल के सौंदरीकरण में लगभग 100 करोड रुपए की अनुमानित लागत आएगी, इसके पूर्व यहां पर मनरेगा द्वारा कार्य शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि धन स्वीकृत होने के पश्चात सिंचाई विभाग, ग्राम्य विकास विभाग और पर्यटन विभाग की शीघ्र बैठक बुलाई जाएगी और इसके सौंदरीकरण पर विस्तार से चर्चा होगी।

### सरकारी वाहनों का कराया जाए बीमा

**जन एक्सप्रेस/पीलीभीत।** राजकीय वाहन चालक महासंघ के जिला मंत्री सुभाष सिंह ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर सरकारी वाहनों का बीमा न होने से आने वाली समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि राजकीय वाहनों का बीमा नहीं होता है जिस कारण दुर्घटना होने पर काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बीमा न होने की दशा में विभाग को मुकदमे लड़ने पड़ते हैं। मुकदमों की पैरवी व दुर्घटनाग्रस्त पक्ष को क्लेम देने में सरकारी धन का अपव्यय होता है। राजकीय वाहन चालक संघ के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में सरकारी वाहनों का बीमा कराए जाने की मांग की जिससे किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके। ज्ञापन देने वालों में वीरेंद्र शर्मा, लक्ष्मण प्रसाद, मो.उमर, लालता प्रसाद, इमरान खां, पवन आदि सरकारी वाहन चालक शामिल रहे।

### बीएचयू और ब्रिटेन के शैक्षणिक संस्थान मिलकर करेंगे काम

**जन एक्सप्रेस/वाराणसी।** ब्रिटेन के शैक्षणिक संस्थान और काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) एक साथ शिक्षा के क्षेत्र में काम करेंगे। ब्रिटेन के कला व विरासत, संस्कृति, मीडिया और खेल विभाग के मंत्री लॉर्ड पार्किंसन ने प्रतिनिधिमंडल के साथ बीएचयू के कुलपति प्रो. सुधीर कुमार जैन से मुलाकात की। कुलपति ने कहा कि बीएचयू और ब्रिटिश शैक्षणिक संस्थानों के बीच सहयोग के कई ऐसे क्षेत्र हैं, जिनमें अपार संभावनाएं हैं। जी-20 सम्मेलन में भाग लेने वाराणसी आए ब्रिटिश मंत्री ने कहा कि भारत और ब्रिटेन विभिन्न क्षेत्रों में लंबे समय से साझेदारी कर रहे हैं। ब्रिटेन में कई ऐसे उत्कृष्ट संस्थान हैं, जो अंतरराष्ट्रीय संस्थानों को सहयोग व साझेदारी उपलब्ध करा सकते हैं। उन्होंने भारत में होने वाली ब्रिटिश और भारतीय कुलपतियों की बैठक में शामिल होने के लिए बीएचयू के कुलपति को भी आमंत्रित किया।

# उद्गम समेत आधा दर्जन गांवों के नक्शों से गायब 'गोमती'

- एसडीएम ने तहसीलदार को दिए कार्रवाई के आदेश
- अवैध कब्जेदारों ने पट्टे कराकर बेच दी नदी की भूमि

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत




**पूरनपुर।** प्रदेश की राजधानी की पहचान गोमती नदी अपने उद्गम से काफी विचलित है। हाल ही में उपजिलाधिकारी कलीनगर द्वारा तलब की गई रिपोर्ट में गोमती नदी की जमीन पर कब्जे होने व गांवों के नक्शों से नदी की भूमि गायब होने का मामला सामने आया है। एसडीएम आशुतोष गुप्ता ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए तहसीलदार कलीनगर को अवैध कब्जेदारों के विरुद्ध कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं। जनपद की तहसील- कलीनगर स्थित माधोटांडा में गोमती नदी का उद्गम स्थल है। जनपद की तहसील कलीनगर व पूरनपुर में स्थित 35 राजस्व ग्रामों से गोमती नदी का प्रवाह होता है। इनमें से फुलहर, नवदिया टोडरपुर, नवदिया धनेश, देवीपुर, चंदुइया, शाहवाजपुर आदि राजस्व ग्रामों की खतौनी व नक्शों में गोमती नदी के नाम न ही कोई भूमि दर्ज है, और न ही गोमती के प्रवाह क्षेत्र को दर्शाया गया है। खास बात यह कि फुलहर से ही गोमती का उद्गम होता है, ऐसे में प्रदेश की महत्वपूर्ण नदी राजस्व अभिलेखों में अपने उद्गम का अस्तित्व तलाश रही है।

अवैध कब्जेदारों द्वारा अनियमित रूप से पट्टे कराकर नदी की भूमि को बेच दिया। तहसील सभागार में आयोजित बैठक के दौरान एसडीएम आशुतोष गुप्ता ने मामले में तहसीलदार कलीनगर को वैधानिक कार्रवाई करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि कब्जेदारों से कब्जे हटवाए जाएं। जरूरत पड़ने पर बुलडोजर ले जाकर नदी की जमीन को कब्जामुक्त कराया जाए। इसके अलावा एसडीएम ने सभी पंचायत सचिवों व संबंधित लेखपालों को उनके क्षेत्र में प्रवाहित होने वाली गोमती नदी व घाटों की साफ-सफाई 10 सितंबर से पूर्व करा लेने के आदेश दिए।

> माधोटांडा से पूरनपुर विकासखंड की 16 ग्राम पंचायतों व पूरनपुर व कलीनगर तहसील क्षेत्र के 35 राजस्व गांव से गोमती नदी का प्रवाह होता है। पंचायत सचिवों और लेखपालों से ज्ञात हुआ कि करीब आठ ग्राम पंचायतों में गोमती नदी के नाम राजस्व अभिलेखें में न तो भूमि दर्ज है और न ही प्रवाह क्षेत्र को दर्शाया गया है। इसके लिए ट्रस्ट के माध्यम से वैधानिक कार्यवाही के लिए तहसीलदार और सचिव को नामित किया गया है। इसके अलावा 10 सितंबर से पहले नदी के सभी घाटों की साफ-सफाई कराने के लिए संबंधित को निर्देश दिए गए हैं।
> -आशुतोष गुप्ता
> उप जिलाधिकारी कलीनगर

### इन पंचायतों से गायब है गोमती नदी का नक्शा

पूरनपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत फुल्हर, नवदिया टोडरपुर, नवदिया धनेष, देवीपुर, चंदुईया, शाहबाजपुर आदि राजस्व अभिलेखों में गोमती नदी के नाम भूमिदर्ज नहीं है और न ही इसके प्रवाह का क्षेत्र दर्शाया गया है।

### कलीनगर के 35 राजस्व गांव से होता है नदी का प्रवाह

कलीनगर तहसील क्षेत्र के गांव माधोटांडा, फुलहर, नवदिया टोडरपुर, नवदिया धनेष, देवीपुर, ककरौआ, लोकाई और पूरनपुर तहसील क्षेत्र के राजस्व गांव पचपेड़ा खुर्द, बिहारीपुर, नवदिया मकसूदपुर, उदयकरनपुर, शेरपुर मकरंद्रपुर, मनहरिया खुर्द कलां, खरौंसा, चंदुईया, खांडेपुर, सालेनगर, गजरौला जप्ती, घाटमपुर, शाहबाजपुर, हरीपुर, इटौरिया, गोपालपुर, गरीबपुर, घनश्यामपुर, टांडा, टांडा, सिंभुआ, रघुनाथपुर, सुंदरपुर, कुर्रेयार, मंडनपुर खुर्द, सिकरहना, पिपरिया मझरा, बाजारगंज आदि शामिल हैं।

## अधिकारी, कर्मचारी सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाएं : जिलाधिकारी

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में विकास खण्ड जलालपुर के लालपुर गाँव में ग्राम जन चौपाल लगाकर जमीनी हकीकत जाना गाँव में घरों के सापेक्ष विद्युत कनेक्शन कम पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की और कहा कि सर्वे कराकर कनेक्शन दिया जाए। 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग व्यक्ति मुख्यमंत्री आवास योजना के लिए प्रार्थना पत्र दे सकते है। गाँव में जल जीवन मिशन के तहत 8 किमी पाइप बिछा दी गयी है और बोरिंग हो चुकी है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जितनी भी सड़के खुदी है उन्हें जल्द से जल्द समतल कर दिया जाए और शीघ्र अति शीघ्र रिस्टोर करा दिया जाए। 1446 के सापेक्ष 1113 लोगों का आयुष्मान कार्ड बना हैं, अवशेष का जल्द से जल्द बनाये जाने के निर्देश दिए। जन चौपाल में जिला कार्यक्रम अधिकारी आर.बी. सिंह ने विस्तार से कुपोषण से बचाव के सम्बंध में जानकारी दी। जिलाधिकारी ने सभी को जानकारी देते हुए बताया कि गर्भ धारण के उपरान्त नियमित रूप से जाँच कराये क्योंकि जब मा स्वस्थ होगी तो तभी बच्चा स्वस्थ होगा। 06 माह तक बच्चो को सिर्फ मॉ के दूध ही पिलाये। 06 महीने के बाद पूरक आहार दे। 10 महीने तक सभी तरह के टीके लगवा दें। सम्बंधित विकास खण्ड पर प्रत्येक बुधवार और शनिवार को टीका लगवाएं। गाँव मे मनरेगा के 06 कार्य चल रहे, जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि यदि कही पर फर्जी कार्य कराये जायेंगे तो सम्बन्धित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने लेखपाल को निर्देश दिया कि गाँव मे 01 एकड़ जमीन तलाश कर अमृत सरोवर बनाया जाए। ग्रामीणों के द्वारा अवगत कराया गया कि कोटेदार के द्वारा नियमानुसार राशन वितरण किया जाता है। गाँव मे पशुओं का टीकाकरण कराये जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। गाँव में कैम्प लगाकर किसान क्रेडिट कार्ड बनाये जाने के निर्देश भी दिए गए। जन चौपाल में मधुलता और कनकलता को जिलाधिकारी के द्वारा आयुष्मान कार्ड वितरित किया गया। दशरथ सोनकर के द्वारा शिकायत की गई कि टुनटुन नाम के व्यक्ति के द्वारा मृतक दिखाकर जमीन अपने नाम करा लिया है, जिस पर जिलाधिकारी ने एस0ओ0 को मुकदमा दर्ज करने और उपजिलाधिकारी को खतौनी ठीक कराने के निर्देश दिए। विद्यालय की पुरानी विल्डिंग को मूल्यांकन कराकर निष्प्रयोज्य कराने के निर्देश दिये।

# सरकार बदली, नाम बदला, फिर भी नहीं बदली जौनपुर मेडिकल कालेज की सूरत, नहीं पूर्ण हुए अधूरे निर्माण कार्य

- तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने जौनपुर के लोगो को दी थी मेडिकल कालेज की सौगात
- करीब दो वर्ष पूर्व पीएम कर चुके हैं अधूरे मेडिकल कॉलेज का वर्चुअल लोकार्पण
- बालाजी कंस्ट्रक्शन फर्म को हटाकर दूसरे को मिली जिम्मेदारी

जन एक्सप्रेस । संतोष कुमार दीक्षित






**जौनपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के कार्यकाल में जिले को मेडिकल कालेज का बड़ा तोहफा मिला तो जौनपुर के लोग खुशी से झूम उठे और तत्कालीन सरकार की घोषणा के बाद अक्तूबर 2014 में ही मेडिकल कालेज का निर्माण शुरू करा दिया गया जैसे ही कार्य शुरु हुआ ठीकेदारी को लेकर माफियाओं की नजर लग गई माफियाओं के खींचतान से शुरु में ही कार्य प्रभावित हुआ कार्य कराने को लेकर माफियाओं के दो गुटो में गोलियां भी चली तभी विधान सभा आम चुनाव की घोषणा हो गई और विधानसभा आम चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार को करारी हार का सामना करना पड़ा तो वहीं भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनी योगी आदित्यानाथ मुख्यमंत्री बने योगी आदित्यनाथ सरकार की सरकार ने मेडिकल कॉलेज का नाम बदलकर उमानाथ सिंह स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय कर दिया। तब लोगों को लगा की अब इसकी सूरत बदल जाएगी यही नहीं योगी सरकार आनन फानन में ही अधूरे मेडिकल कॉलेज का लोकार्पण क़रीब दो वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से जिले के सांसद बिधायक पार्टी कार्यकर्ताओं समेत भारी संख्या में पहुंचे लोगों के बीच वर्चुअल लोकार्पण भी करा दिया। लेकिन लोकार्पण के इतने दिन बीत जाने के बाद भी अधूरे पड़े कार्य की प्रगति में तेजी नहीं आ सकी । जिले को स्वास्थ्य के सम्बन्ध में इतनी बड़ी परियोजना कभी कभी ठीकेदारी को लेकर माफियाओं की नजर लगी तो कभी सरकार बदलने तो कभी बजट के चलते काम में तेजी नहीं आ सकी काम शुरू हुआ तो कार्यदायी संस्था राजकीय निर्माण निगम के अंडर में काम करने वाली पेट्री कांट्रैक्टर टाटा व बालाजी को काम दिया गया है। इनके द्वारा भी समय-समय पर जीएसटी बढ़ने के साथ मूल्य वृद्धि की मांग उठती रही धीमी गति से निर्माण करने पर प्रशासन ने एक्शन लिया और बालाजी कंस्ट्रक्शन फर्म को हटाकर दूसरे को जिम्मेदारी दी आखिरकार उमानाथ सिंह स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय के निर्माण में धीमी प्रगति पर संस्था पर गाज गिर ही गई। यहां पर पेटी कांट्रैक्टर के तौर पर काम कर रही संस्था टाटा व बाला जी को शासन के निर्देश पर राजकीय निर्माण निगम ने बाहर का रास्ता दिखा दिया है। अब यहां पर मेसर्स शिवांस इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड लखनऊ की तरफ से काम शुरू करा दिया गया है।

> मैं इस समय विभागीय कार्य से लखनऊ आया हूं उक्त के संबंध में कार्य प्रगति पर है। अभी पूर्ण जानकारी नहीं है लौटने के बाद विस्तृत जानकारी उपलब्ध करा दूंगा।
> -अरुण यादव
> जिला सांख्यिकी एवं अर्थ अधिकारी जौनपुर

# अलग-अलग क्षेत्रों में तीन ने फंदे से लटक कर दी जान



✻ बीघापुर, मौरावां और आसीवन थाना क्षेत्रों की घटनाएं

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

अलग अलग थाना क्षेत्रों में तीन युवकों के शव संदिग्ध हालातों में फंदे से लटके मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची संबंधित थानों की पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटनाएं बीघापुर कोतवाली, मौरावां व आसीवन थाना क्षेत्रों की हैं।

**केस एक :** बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के भैंसई कोयल गांव निवासी सुमित उर्फ सूरज (22) पुत्र नन्हेंलाल का शव शुक्रवार सुबह घर के अंदर छत के कुंडे से बंधे नायलॉन की रस्सी के फंदे में लटका मिला। यह देख भजनों में चीख पुकार मच गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने सबको फंदे से उतरवाते हुए कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है मृतक के चाचा मेवा लाल ने बताया की सुबह उसके ना उठने पर दरवाजा खटखटाया गया तो अंदर से बंद मिला। कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर लड़कों ने सड़के जल से घर के अंदर दाखिल होकर जब देखा तो सुमित का शव अंदर से लटका मिला। मृतक अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। उसके अलावा उसकी चार बहनों में सविता, नीलम व ज्योति की शादी हो चुकी है जबकि सबसे छोटी बहन काजल अविवाहित है। मेवालाल के मुताबिक घर दो हिस्सों में बंटा है। एक हिस्से में माता पिता और अविवाहित बहन रहते है जबकि सुमित दूसरे हिस्से में सोता था। मृतक के पिता दिल्ली में दूरसंचार विभाग में लाइनमैन थे। सेवानिवृत्त होने के बाद से वह गांव में रहकर खेतीबाड़ी करते थे। सुमित भी उसी में हाथ बटाता था। आत्महत्या के पीछे वजह क्या रही इस बारे में परिजन कोई जानकारी नहीं दे सकें।

**केस दो :** मौरावां थाना क्षेत्र के मोहद्दीनपुर गांव निवासी अनूप कुमार (32) पुत्र हरिपाल का शव शुक्रवार सुबह घर के अंदर कमरे में छत के कुंड से बंधे रस्सी के फंदे से लटका मिला। भाई अभिषेक ने यह देखा तो उसके होश उड़ गए। घटना की जानकारी से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। उसकी मौत पर मां कमला भाई अवशेष व अभिषेक का रो-रो कर बुरा हाल है। वह खेती किसानी कर जीवन यापन करता था। पोस्टमार्टम हाउस पर मिले भाई अभिषेक ने बताया कि भाई की शादी दिसंबर 2020 में बिहार थाना क्षेत्र के पितुवा खेड़ा निवासी जुग्गीलाल की बेटी सविता से हुई थी। शादी के 6 माह ससुराल में बिताने के बाद भाभी सविता मायके चली गई। उसके बाद से वापस नहीं आई। ससुरालीजनों के द्वारा मुकदमे भी दर्ज कराए गए थे जिससे भाई अवसाद में रहता था। उसी के चलते उसने यह आत्मघाती कदम उठाया है।

**केस तीन :** आसीवन थाना क्षेत्र के हैदराबाद कस्बे नबी नगर निवासी अरविंद (20) चंदन पासिका शव दूसरी मंजिल पर बने कमरे में मां की साड़ी के फंदे से शुक्रवार सुबह लटका मिला। मृतक चार भाइयों में दूसरे नंबर का था। उसकी मौत पर मां रामपती, भाइयों सुरेंद्र, प्रिंश व प्रकाश रो रोकर बुरा हाल है। मृतक अविवाहित व मजदूरी करता था। उसकी दो बहने है जिनका विवाह हो चुका है। परिजन घटना के पीछे वजह नहीं बता सके हैं। पुलिस ने मृतक का मोबाइल कब्जे में लिया है।

## मोबाइल की दुकान पर चोरों का धावा, नगदी व माल किया पार

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

मौरावां थाना क्षेत्र के भवानीगंज में बीती रात चोरों ने एक मोबाइल शाप को निशाना बनाते हुए नगदी व माल पार कर दिया। सुबह घटना की जानकारी होने पर दुकान स्वामी ने पुलिस को तहरीर दी है। चोरी की घटना से व्यापारी वर्ग में आक्रोश व्याप्त है। मौरावा थाना क्षेत्र के भवानीगंज निवासी सुनील श्रीवास्तव की गांव के बाहर ही हिलौली मार्ग पर जूनियर हाईस्कूल के पास मोबाइल की दुकान है। गुरुवार देर शाम रोज की तरह वह दुकान बंदकर घर आ गया था। शुक्रवार सुबह टहलने निकलने पर ज बवह दुकान की ओर गया तो शटर का ताला टूटा देख उसके होश उड़ गए। आधे खुले शटर से जब वह अंदर दाखिल हुआ तो सामान बिखरा पड़ा मिला। पीड़ित के मुताबिक चोर गुल्लक में रखी 25 हजार रुपये की नगदी, नौ एंड्रॉयड फोन व 22 कीपैड फोन, कई रिपेयरिंग वाले फोन पार कर ले गए। चोरी की घटना की जानकारी पर आस पास के दुकानदार भी वहां पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। मौका मुआयना के बाद दुकान मालिक को चोरों को जल्द पकड़ने का आश्वासन दिया।

## ट्रैक्टर से टकराई बाइक एक की मौत, दूसरा गंभीर



✻ सदर कोतवाली क्षेत्र के अकरमपुर में शुक्रवार सुबह हुआ हादसा

✻ एक ही बाइक पर सवार हो ड्यूटी जा रहे थे दोनों



जन एक्सप्रेस । उन्नाव

सदर कोतवाली क्षेत्र के शुक्लागंज फोर लेन पर अकरमपुर स्थित सीएनजी पंप के पास शुक्रवार सुबह एक तेज रफ्तार बाइक ट्रैक्टर में जा भिड़ी। हादसे में बाइक सवार सगे भाइयों में एक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे को गंभीर हालत में जिला अस्पताल से कानपुर हैलट रेफर किया गया है। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सबको कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया है।

सदर कोतवाली के गांव खवाजगीपुर करोवन के मजरे मौहारी निवासी संदीप (23) पुत्र विनोद कुमार वर्मा अपने छोटे भाई कुलदीप (20) के साथ मगरवारा स्थिति पेट्रोल पंप की टंकी बनाने वाली फैक्ट्री में काम करता था। शुक्रवार सुबह दोनों भाई ड्यूटी जाने के लिए पल्सर बाइक से बालवंतखेड़ा व देवीखेडा होते हुए अकरमपुर में शुक्लागंज फोर लेन पर निकले। जहां दोनों बाइक में पेट्रोल लेने के लिए पंप पर जा रहे थे। टीवी टावर व सीएनजी पंप के बीच उनकी बाइक ट्रैक्टर से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक चला रहे संदीप की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि साथ रहा भाई कुलदीप घायल हो गया। सूचना पर पहुंची मगरवारा चौकी पुलिस ने दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां संदीप को मृत घोषित कर दिया गया जबकि गंभीर रूप से घायल कुलदीप को बेहतर उपचार के लिए कानपुर हैलट रेफर कर दिया। जहां उसका उपचार चल रहा है। मृतक चार भाइयों में तीसरे नंबर का था। बड़े भाई आशीष, मनीष और बहन वंदना की शादी हो चुकी है। बेटे की मौत पर मां निर्मला समेत परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मगरवारा चौकी प्रभारी इंद्रदेव उपाध्याय ने बताया कि पिता की तहरीर पर अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया गया है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### वृद्ध संदिग्ध हालातों में सड़क किनारे मृत मिला

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। औरास थाना क्षेत्र में साइकिल से अस्पताल दवा लेने निकला वृद्ध रास्ते में माइनर किनारे संदिग्ध अवस्था मे अचेत पड़ा मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे तो वृद्ध की मौत हो चुकी थी। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। औरास थाना क्षेत्र के बछौली निवासी अवनि कुमार मिश्र (70) वर्ष पुत्र स्व. रामकृपाल शुक्रवार अपने घर से साइकिल पर सवार होकर आयुर्वेदिक चिकित्सालय जमाल नगर दवा लेने जा रहे थे। शिवाला व तेरवा गाँव के बीच माइनर किनारे उसे ग्रामीणों ने अचेत अवस्था मे पड़ा देख परिजनों को सूचना दी। परिजनों के पहुंचने पर उसकी मौत हो चुकी थी। मामले की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने जाँच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। दिया। परिजनों ने अभी तक न कोई आरोप नहीं लगाया है। थाना प्रभारी विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

### रिक्शा चालक की अधिक शराब पीने से मौत

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। शहर के मोहल्ला आदर्श नगर स्थित देशी शराब ठेके के पास रिक्शा चालक का शव पड़ा मिला। परिजनो के अनुसार अधिक शराब पीने से मौत होने की बात कही। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। सदर कोतवाली के मोहल्ला बुधवारी निवासी शकील अली (55) पुत्र जहीर अली रिक्शा चालक था। शराबी होने के कारण परिवार से अलग रहता था। जिसका शुक्रवार मोहल्ला आदर्श नगर लक्ष्मी टॉकीज के निकट देशी शराब ठेके के पास शव पड़ा होने की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने अज्ञात शव को कब्जे में लेकर पहचान करवाने के बाद हादसे की सूचना परिजनों को दी तथा शव को मोर्चरी में रखवा दिया। मृतक के बड़े भाई मोहम्मद अहमद ने बताया कि शराब का लती होने के कारण वह परिवार से अलग रहता था।अधिक शराब पीने की वजह से ही इसकी मौत हुई है।

### आरोप: सास ससुर ने बहू को खिलाया विषैला पदार्थ मौत



जन एक्सप्रेस/ चौबेपुर। थाना क्षेत्र के एक गांव में सास ससुर ने बहु को विषैला पदार्थ खिला कर मौत के घाट उतार दिया। चौबेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ी मनोह गांव में विषैला पदार्थ खाने की वजह से एक महिला ने दम तोड़ दिया है। ज़ब इसकी जानकारी परिजनों को हुई तो घर में चीख पुकार मचने लगी और देखते ही देखते वहा लोगो का मजमा लग गया तभी किसी ग्रामीण ने घटना की सूचना पुलिस को दे दी ।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही मृतक महिला आरती मिश्रा पत्नी सुनील मिश्रा के परिजनों ने थाने में तहरीर देते हुए अपनी बेटी की कातिल सास मीना कुमारी व ससुर सनेही मिश्रा को बताया है कि उनकी बेटी को सास ससुर ने जबरन विषैला पदार्थ खिलाया हैं जिसके कारण उसकी जान गईं हैं पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी हैं अवगत कराते चले कि महिला शिवराजपुर क्षेत्र के सुघरदेवा गांव की निवासी हैं और 8 वर्ष पूर्व उसकी शादी हुई थी और उसके दो बच्चे एक लड़की 7 साल व एक लड़का 3 साल का हैं पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का अस्वासन दिया हैं।

### गंगा नहाने गए वृद्ध की डूबने से हुई मौत

जन एक्सप्रेस/चौबेपुर। थाना क्षेत्र के ग्राम पटकापुर में गंगा नहाने गए बृद्ध की डूबने से मौत हो गईं। शुक्रवार को शाम पांच बजे करीब ग्राम पटकापुर में किसी बृद्ध की गंगा में डूबने के कारण मौत हो गईं जिससे गांव में अफरा तफरी मच गईं और गंगा किनारे लोगो का जमावड़ा लग गया जिसके बाद स्थानीय लोगो गंगा में डुबे जाने की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने गौतखोरो की मदद से शव को बाहर निकाला जिसके बाद मृतक की सिनाख्त समसुद्दीन उम्र 70 वर्ष निवासी ग्राम पटकापुर के रूप में हुई प्राप्त जानकारी के अनुसार बृद्ध गंगा में नहाने के लिए उतरा था लेकिन संतुलन बिगड़ने के कारण मौत के मुँह में चला गया पुलिस शव का पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं।

### किसान के सिर में रॉड मारकर किया घायल

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज,उन्नाव। संभर खेड़ा निवासी भूरे ने गंगाघाट कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि वह खेत जा रहा था, तभी आरोप है कि रास्ते में ही चाट का ठेला लगाने वाले लखन उसे गाली देने लगा। जिसका उसने विरोध किया। विरोध करने पर लखन ने उसके सिर पर लोहे की राड मार दी। जिससे उसका सिर फट गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी लखन के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया है।

### केन्द्रीय जल आयोग ने बताया गंगा के जलस्तर में बढ़ोत्तरी जारी

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। केन्द्रीय जल आयोग ने बताया गंगा के जलस्तर में बढ़ोत्तरी जारी हैं उफनाई गंगा के कारण चंपापुरवा, नेतुआ, बैराज मार्ग संपर्क मार्ग कट कर बह गए हैं। जिससे लोगों का आना जाना ठप हो गया है। वहीं राजीव नगर बस्ती पूरी तरह डूब चुकी है। वहां के करीब एक सैकड़ा से अधिक लोग रेलवे स्टेशन के किनारे तंबू बना कर रहने को मजबूर हैं। कुछ लोगों ने किराए पर कमरा लेकर बसर कर रहे हैं। सिटी मजिस्ट्रेट और नायब तहसीलदार ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर जायजा लिया। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन से वार्ता कर बाढ़ पीड़ितों को राहत पहुंचाने का काम किया जायेगा। लेखपाल मनोज यादव ने बताया कि अब तक क्षेत्र में 29 नावें लगाई जा चुकी हैं। ठाकुर खेड़ा, विष्णुपुरी, भातू फार्म में भी पानी पहुंचने से वहां भी नावें लगाई गई हैं। वहीं आजाद नगर नई बस्ती के करीब एक सैकड़ा बाढ़ पीड़ित फोरलेन के दोनों ओर झोपड़ी डाल कर रह रहे हैं। यहां के लोगों को जिला प्रशासन की ओर से कोई मदद नहीं दी गई है। जिस पर लोग लकड़ियां बिन कर चूल्हे में खाना पका कर जीवन यापन कर रहे हैं। इसके अलावा राजीव नगर बस्ती रेलवे खंती में बसी हुई है। निचला इलाका होने से कई दिनों से पूरे मकान डूब गए हैं। यहां के रहने वालों ने बताया कि सरकार बाढ़ पीड़ितों को राहत पहुंचाने की बात कहती है लेकिन अभी उनकी किसी ने भी मदद नहीं की है।

## बाढ़ के पानी में डूब कर मासूम की मौत

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र में बाढ़ ग्रस्त गांव में घर के बाहर खेलते समय बाबा को खोजने निकला बच्चा अचानक बाढ़ के पानी में गिर गया। काफी देर बाद खोज करने पर उसका शव घर के पीछे एक गड्ढे में मिला। शव को देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के गड़ाई गांव निवासी संतोष कुमार का 5 वर्षीय पुत्र मुकुट शुक्रवार को सुबह करीब 11 बजे घर के पास खेलते रहा था। जिसके बाद वह बाबा धर्मराज को ढूंढते ढूंढते घर के पीछे जा पहुंचा। जहां चारो ओर बाढ़ का पानी भरा था।अचानक वह एक गड्ढे में जा गिरा। काफी देर बाद जब परिजनों को मुकुट नही दिखा तो उसकी खोजबीन शुरू की। करीब



एक घण्टे बाद उसका शव घर के पीछे एक गड्ढे में मिला। शव को देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

पिता संतोष की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के पिता संतोष कुमार खेती करके अपने परिवार का पेट पलते हैं। मां अनीता का रो रो कर बुरा हाल है। दिवंगत दो बहनों के बीच एकलौता भाई था। प्रभारी निरीक्षक राजेश पाठक ने बताया कि पिता की सूचना पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## डेंगू पाजिटिव रोगी मिलने पर पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम



जन एक्सप्रेस । उन्नाव

**नवाबगंज।** विकासखंड निवासी दो मरीज डेंगू पॉजिटिव पाये जाने पर जिला मलेरिया अधिकारी स्वास्थ्य टीम सहित मद्दुखेड़ा गांव पहुंचे। जहां संबंधित मरीज के घर के आस-पास व घरों के अंदर दवा का छिड़काव कराया तथा ग्रामीणों को वेक्टर जनित रोगों के प्रति जागरूक किया। जिला मलेरिया अधिकारी रमेश चंद्र यादव बुधवार को स्वास्थ्य टीम के साथ विकासखंड के गांव मद्दुखेड़ा पहुंचे। जहां उन्होंने बताया कि गांव निवासी एक मरीज डेंगू धनात्मक पाया गया। इसलिए स्वास्थ्य टीम के साथ पहुंच कर मरीज के घर में व आसपास एंटीलार्वा का छिड़काव कराया गया। डीएमओ ने ग्रामीणों को वेक्टर जनित रोगों से बचाव के तरीके बताए। बताया कि घरों के आसपास साफ सफाई रखें, घरों में पानी एकत्र ना होने दें। क्योंकि जब पानी एकत्र नहीं होगा तो मच्छर नहीं पनपेंगे। मच्छरों से ही वेक्टर जनित रोग फैलते हैं। स्वास्थ्य टीम में बीएसडब्ल्यू अभिषेक श्रीवास्तव व विनोद दीक्षित ने बुखार पीड़ित मरीजों के नमूने लेकर रक्तपट्टिकाये बनाई गयी तथा कुछ लोगों में वेक्टर जनित रोगों के लक्षण होने पर उन्हें दवाई भी वितरित की गई।

## हाई टेंशन लाइन में खराबी के कारण रोकी गई ट्रेन, यात्रियों को हुई परेशानी

जन एक्सप्रेस । चौबेपुर




बीते दिन शुक्रवार को रेलवे की हाई टेंशन लाइन में खराबी आने के कारण यात्रियों को काफ़ी परेशानी उठानी पड़ी। हाई टेंशन लाइन में खराबी होने की वजह से कई गाड़ियां अपने स्थान पर रुक गई।

मिली जानकारी के अनुसार सुबह चौबेपुर रेलवे स्टेशन से तीन किलोमीटर शिवराजपुर की ओर अचानक ट्रेन को सप्लाई देने वाली हाई टेंशन लाइन में कुछ तकनीकी खराबी हो गईं। जिसके कारण फर्रुखाबाद की तरफ से आ रही कोलकाता आगरा एक्सप्रेस ट्रेन वही खड़ी हो गईं। जिसके बाद ट्रेन के लोको पायलट व गार्ड ने इसकी जानकारी कण्ट्रोल रूम को दी। जिसके बाद रेलवे द्वारा शिवराजपुर की ओर से व कल्याणपुर की ओर से आ रही ट्रेनों को वही रोक दिया गया और लगभग 45 मिनट के इंतजार के बाद दूसरे इंजन को बुलवाकर ट्रैन को वहा से ले जाया गया वही मंधना व शिवराजपुर स्टेशन पर रोकी गईं ट्रेनों को पुनः लाइन की मरम्मत करवा कर रवाना कर दिया गया हैं वही ज़ब इस मामले की जानकारी हेतु चौबेपुर स्टेशन पर तैनात श्यामबाबू से बात की तो उन्हें इस घटना की कोई जानकारी नहीं थी।

## खनन माफिया की शिकायत करने पर ग्राम प्रधान को मिली जान से मारने की धमकी

जन एक्सप्रेस । चौबेपुर

चौबेपुर क्षेत्र में खनन माफियाओ को किसी का कोई खौफ नहीं हैं मानो वह ना शासन से डरते हैं और ना ही उन्हें प्रशासन का कोई खौफ है। एक मामला चौधरीपुर गांव से सामने आया है जहा ग्राम प्रधान को अवैध खनन कर रहे लोगो की शिकायत करना भारी पड़ गया। ग्राम प्रधान राजबहादुर राजपूत ने उप जिलाधिकारी को शिकायत करते हुए बताया कि उसकी ग्रामसभा में कई सालों से अवैध खनन किया जा रहा है जिसकी शिकायत कई बार उच्च अधिकारियो से भी की गईं है। लेकिन शिकायत करने के बाद भी उनपर कोई कार्यवाही नहीं हुई जिसके कारण उनके हौसले ओर बुलंद हो गए हैं। बताया कि गाटा संख्या 765 पर बिना किसी अनुमति के अवैध खनन किया जा रहा था। ज़ब खेत के मालिक अनार सिंह पुत्र श्रीकृष्ण ने खनन माफियाओ से अपने खेत की मिट्टी लेवल में करने को कहा तो वह बौखला गए और गाली गलौज कर हाथपाई पर उतर आये जिससे खेत का मालिक वहा से निकल आया और ग्राम प्रधान से इसकी शिकायत की ज़ब ग्राम प्रधान ने खनन कर रहे लोगो आर.पी सिंह निवासी रतनपुर व धीरज निवासी मंधना से मना किया तो वह लड़ने के लिए उतारू हो गए जिसके कारण ग्राम प्रधान वहा से रवाना हो गए और उपजिलाधिकारी बिल्हौर से इसकी शिकायत की जिसके बाद उपजिलाधिकारी ने लेखपाल को जांच कर रिपोर्ट मांगी जिसका पता दबंगो चल गया जिसके दबंग रात में फोन के माध्यम से लगातार ग्राम प्रधान को गाली गलौज व जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

## लखनऊ एटीएस में कमांडो आशीष दीक्षित ने जनपद का नाम किया रोशन

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज, उन्नाव

✻ आशीष ने पर्वतारोहण के कई महत्वपूर्ण प्रशिक्षण भी प्राप्त किए

कर्मी बिजलामऊ निवासी आशीष दीक्षित वर्तमान में लखनऊ एटीएस में कमांडो पद पर हैं। इसके साथ ही वह पर्वतारोही हैं। उन्होंने ने लेह स्थित पर्वत चोटी कांग यांछु (6250 मीटर) को 22 अगस्त 2023 को सफलता पूर्वक आरोहण करके भारतीय और उत्तर प्रदेश पुलिस का ध्वजारोहण किया। उन्होंने बताया कि बचपन से ही देश के लिए कुछ कर गुजरने का सपना देखा जिसे 2015 में कमांडो बन कर पूरा किया। आशीष ने पर्वतारोहण के कई महत्वपूर्ण प्रशिक्षण भी प्राप्त किए जिसमे बेसिक पर्वतारोहण कोर्स, एडवांस पर्वतारोहण कोर्स और सर्च - रेस्क्यू है। आशीष ने पूर्व में कई अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय पर्वत चोटियों को सफलतापूर्वक फतह किया है, जिसमे राष्ट्रीय चोटियां माउंट स्टोक कांगड़ी लद्दाख जुलाई 2019, माउंट पालुंग पश्चिम सिक्किम अप्रैल 2021, माउंट यूनम हिमाचल प्रदेश जुलाई 2021, माउंट माचोई चोटी जम्मू कश्मीर अगस्त 2019 को आरोहण किया था।

## बहू को प्रताड़ित करने वाले ससुरालीजनो के खिलाफ़ मुक़दमा दर्ज

जन एक्सप्रेस/शुक्लगंज, उन्नाव। नेहरू नगर निवासी संतोष शुक्ला ने गंगा घाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि वर्ष 2019 में अंबिकापुरम में निवासी विशाल मिश्रा के साथ उनकी बेटी शिल्पी की शादी हुई थी। शादी के बाद ससुरालिजन दहेज में कर की मांग करने लगे ना देने पर मारा पीटा इसके साथ ही बेटी को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे इसी दौरान बेटी ने दो बेटियों को जन्म दिया जिस पर उसे और परेशान करने लगे आरोप है कि जुलाई 2023 में विशाल और उसके मामा के बेटे सुरेंद्र शुक्ला ने बेटी को दो मंजिल से गिरा दिया जिससे उसके दोनों पैर और कमर की हड्डियां टूट गई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने पति विशाल, सास शालिनी, मामा के लड़के सुरेंद्र शुक्ला व नांनी विद्यावती के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## छात्रा का फोन हैक कर शोहदा कर रहा था परेशान, मुक़दमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

### कोचिंग सेंटर में ना आने पर दी बदनाम करने की धमकी

आरोप है,कि मनोज ने उसे कोचिंग सेंटर में आने का दबाव बनाया और ना आने पर उसे बर्बाद करने की धमकी भी दी। इतना ही नहीं मनोज ने भतीजी की जिससे शादी होने वाली थी। उसे भी फोन करके भतीजी के बारे में गलत जानकारी दी। जिस वजह से उसका विवाह भी टूट गया था। इस पूरे मामले में कल्याणपुर थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि छात्रा के चाचा की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। वही, पुलिस द्वारा मामले की जांच पड़ताल कर आरोपी की तलाश की जा रही है। जल्द उसे गिरफ्तार किया जाएगा।

अक्सर आपने सुना होगा होगा लोगों का सोशल मीडिया अकाउंट जैसे फेसबुक, व्हाट्सएप, जी-मेल हैकर्स द्वारा हैक कर लिया जाता है। और उसके बाद उस अकाउंट के जरिए लोगों से पैसे मांगने के साथ-साथ कई आपत्तिजनक फोटो भी पोस्ट कर दी जाती है। ऐसा ही एक हैक का मामला कानपुर के कल्याणपुर थाना क्षेत्र से भी सामने आया है। यहां एक शोहदे ने कोचिंग संस्थान में पढ़ने वाली छात्रा का फोन हैक कर लिया। और फिर उसे परेशान करना शुरू कर दिया। इतना ही नहीं शोहदे ने छात्रा की शादी तक तुड़वा दी। शोहदे की इस हरकत से तंग आकर छात्रा ने जब इसकी जानकारी अपने चाचा को दी तो उन्होंने इस पूरे मामले को लेकर कल्याणपुर थाने में आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत रहने वाली एक छात्रा के चाचा नायब सूबेदार हैं। पुलिस को दी गई तहरीर में उन्होंने बताया कि की उनकी 25 वर्षीय भतीजी एक कोचिंग संस्थान में पढ़ती है। इसी संस्थान में मनोज यादव पुत्र रामनाथ निवासी वाजिदपुर,मकरावा जिला कन्नौज भी पढ़ता है। आरोप है, कि मनोज यादव ने भतीजी का चुपचाप फ़ोन उठाकर उसे हैक कर लिया। और फिर उसे वापस रख दिया। उसके बाद से उसे भतीजी से जुड़ी सारी जानकारी उसे मिलने लगी। इसके बाद से वह भतीजी को अलग-अलग नंबरों से कॉल कर परेशान करने लगा। आरोपी की इन्हीं हरकतों से आहत होकर भतीजी ने कोचिंग जाना भी छोड़ दिया था। और इसी वजह उसने खुदकुशी करने का भी प्रयास किया था।

## कानपुर सीडीओ सुधीर कुमार का जारी हुआ जनपद के सभी तहसीलों/ ब्लाकों समस्त एसडीएम व बीडीओ को खत

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर

✻ कर्मचारियों की खबरें पहुंची सीडीओ की चौखट

सीडीओ सुधीर कुमार ने तहसील एसडीएम व ब्लाक बीडीओ को चिट्ठी सौंपी है जिसमें यह कहा गया है कि अपने ग्राम में तैनात लोगों द्वारा कर्मचारियों के चेहरे तक न पहचान पाने वाले लेखपालों व पंचायत सचिवों की रिपोर्ट तैयार करने,व सम्वंधित कार्य क्षेत्रों के की ग्राम पंचायतों में निर्धारित समयावधि/ रोस्टर प्रणाली पंचायत आवंटन के दौरान औचक निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का सख्त अल्टीमेटम भरा खत जारी किया है। लेखपाल व पंचायत सचिव, तो ऐसे में एसडीएम व बीडीओ भी जवाब देही के जिम्मेदार होंगे। अब देखना यह होगा कि कानपुर सीडीओ सुधीर कुमार का खत तहसील एसडीएम व ब्लाक बीडीओ कितने मायने रख पाते हैं, वहीं गांवों में तैनात पंचायत सचिव व लेखपाल ग्राम वासियों को चेहरा दिखा पायेंगे, याफिर तहसील/ ब्लाकों के सरकारी दफ्तरों में ही बैठे बैठे सिर्फ लेखपाल महोदय तहसील व सचिव साहब ब्लाक कार्यालयों के चक्कर कटवाते रहेंगे।

### बहू को प्रताड़ित करने वाले ससुरालीजनों के खिलाफ़ मुक़दमा दर्ज


जन एक्सप्रेस/शुक्लगंज, उन्नाव। नेहरू नगर निवासी संतोष शुक्ला ने गंगा घाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि वर्ष 2019 में अंबिकापुरम में निवासी विशाल मिश्रा के साथ उनकी बेटी शिल्पी की शादी हुई थी। शादी के बाद ससुरालिजन दहेज में कर की मांग करने लगे ना देने पर मारा पीटा इसके साथ ही बेटी को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे इसी दौरान बेटी ने दो बेटियों को जन्म दिया जिस पर उसे और परेशान करने लगे आरोप है कि जुलाई 2023 में विशाल और उसके मामा के बेटे सुरेंद्र शुक्ला ने बेटी को दो मंजिल से गिरा दिया जिससे उसके दोनों पैर और कमर की हड्डियां टूट गई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने पति विशाल, सास शालिनी, मामा के लड़के सुरेंद्र शुक्ला व नांनी विद्यावती के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# जी20 समिट में शामिल नहीं होंगे पुतिन

## रूसी प्रेसिडेंट की जगह फॉरेन मिनिस्टर कर सकते हैं शिरकत, ब्रिक्स समिट से भी दूर रहे थे पुतिन

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन अगले महीने भारत में होने वाली जी20 समिट में हिस्सा नहीं लेंगे। क्रेमलिन के स्पोक्सपर्सन दिमित्री पेस्कोव ने इसकी पुष्टि कर दी है। पुतिन ने 2019 में आखिरी बार जापान में हुई जी20 समिट में इन पर्सन शिरकत की थी। 2020 में रियाद और 2021 में रोम में हुई समिट में भी पुतिन वर्चुअली शामिल हुए थे। 2022 में बाली में हुई समिट में भी रूसी राष्ट्रपति मौजूद नहीं थे। पुतिन की जगह फॉरेन मिनिस्टर सर्गेई लावरोव नई दिल्ली आएंगे। समिट 9 और 10 सितंबर को होगी।



### बाइडेन दो दिन पहले आएंगे

- अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन जी-20 समिट के लिए दो दिन पहले 7 सितंबर को भारत पहुंचेंगे। जी-20 समिट 9 और 10 सितंबर को होगी।
- बाइडेन की यह पहली भारत यात्रा है। खास बात यह है कि बाइडेन इंडोनेशिया में होने वाली आसियान समिट में शिरकत नहीं करेंगे, क्योंकि उन्होंने भारत दौरे को ज्यादा तवज्जो दी है। व्हाइट हाउस ने बताया कि आसियान में बाइडेन की जगह वाइस प्रेसिडेंट कमला हैरिस शिरकत करेंगी।
- व्हाइट हाउस की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि प्रेसिडेंट बाइडेन त्र20 समिट शुरू होने से दो दिन पहले ही भारत पहुंच जाएंगे और यह दौरा मोटेतौर पर चार दिन का होगा। इस दौरान बाइडेन और प्रधानमंत्री दो बार बातचीत कर सकते हैं।
- अमेरिकी सरकार इस दौरे को काफी अहमियत दे रही है। इस दौरान ट्रेड और डिफेंस के अलावा साइबर सिक्योरिटी से जुड़े कुछ अहम समझौते हो सकते हैं। 2026 में जी-20 समिट अमेरिका में होगी। प्रधानमंत्री मोदी प्रेसिडेंट बाइडेन को इसकी अध्यक्षता सौंपेंगे।

### ब्रिक्स समिट में भी शामिल नहीं हुए थे

साउथ अफ्रीका में 22 से 24 अगस्त तक ब्रिक्स समिट हुई। इसमें भी व्लादिमिर पुतिन शामिल नहीं हुए। उनकी जगह फॉरेन मिनिस्टर लावरोव ने ही शिरकत की थी। इस समिट में भी पुतिन के शामिल होने पर आखिरी वक्त तक सस्पेंस था। बाद में होस्ट कंट्री साउथ अफ्रीका ने खुद ही साफ कर दिया था कि रूस के राष्ट्रपति जोहान्सबर्ग नहीं आएंगे। दरअसल, ब्रिक्स समिट में पुतिन के शामिल होने को लेकर होस्ट साउथ अफ्रीका पशोपेश में था। इसकी वजह यह है कि यूक्रेन पर हमले और वॉर क्राइम्स को लेकर रूसी राष्ट्रपति के खिलाफ इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट (ढ्ढष्टष्ट) वॉरंट जारी कर चुका है। पुतिन अगर जोहान्सबर्ग आते तो उनकी गिरफ्तारी का खतरा था। लिहाजा, साउथ अफ्रीकी और रूसी सरकार के बीच एग्रीमेंट हुआ और इसके बाद पुतिन की गैरमौजूदगी के बारे में जानकारी दी गई।

### भारत न आने की वजह भी यही

न्यूज एजेंसी रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट में पुतिन के खिलाफ वॉर क्राइम्स को लेकर केस दर्ज हैं। अगर वो जोहान्सबर्ग आते तो मेंबर कंट्री होने के नाते साउथ अफ्रीकी सरकार को पुतिन को गिरफ्तार करना पड़ता। इसकी वजह यह है कि इंटरनेशनल कोर्ट को लेकर तमाम देशों के बीच ट्रीटी है। रूस की तरफ से भले ही ऑफिशियली इस वजह का जिक्र न किया गया हो, लेकिन पुतिन के नई दिल्ली न आने की वजह भी यही है। आईसीसी ने इसी साल मार्च में पुतिन के खिलाफ अरेस्ट वॉरंट जारी किया था। उन पर आरोप है कि उन्होंने यूक्रेन पर हमले के दौरान गैरकानूनी तौर पर यूक्रेनी बच्चों को रूस डिपोर्ट किया। दूसरी तरफ, रूस का दावा है कि वो आईसीसी का मेंबर ही नहीं है तो फिर पुतिन के खिलाफ वॉरंट भी गैरकानूनी माना जाएगा।

# चंद्रयान-3 के लैंडर से रोवर के बाहर आने का वीडियो जारी



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बेंगलुरु**

चंद्रयान-3 के लैंडर से छह पहियों और 26 किलो वाले प्रज्ञान रोवर के बाहर आने का पहला वीडियो इसरो ने शुक्रवार को शेयर किया। इसने गुरुवार से चंद्रमा की सतह पर घूमना शुरू किया है। लैंडिंग के करीब 14 घंटे बाद गुरुवार सुबह इसरो ने रोवर के बाहर आने की पुष्टि की। लैंडर 23 अगस्त को शाम 6 बजकर 4 मिनट पर चंद्रमा पर उतरा था। चांद की सतह पर आते ही रोवर ने सबसे पहले अपने सोलर पैनल खोले। ये 1 सेमी प्रति सेकेंड की गति से चलता है और अपने आस-पास की चीजों को स्कैन करने के लिए नेविगेशन कैमरों का इस्तेमाल कर रहा है। रोवर 12 दिनों में लैंडर के आसपास आधा किमी घूमेगा।

### इसरो ने लैंडिंग का वीडियो भी शेयर किया था

गुरुवार को इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन, यानी इसरो ने लैंडिंग का वीडियो भी शेयर किया था। इस वीडियो में चांद की सतह पर शुरुआत में लहरों जैसा नजारा दिखा, पास पहुंचते ही वहां काफी सारे बड़े और छोटे गड्ढे नजर आए।

### आज इसरो वैज्ञानिकों से मिलेंगे पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को बेंगलुरु में इसरो के हेडक्वार्टर पहुंचेंगे। वहां वो वैज्ञानिकों से मिलकर उन्हें चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग की बधाई देंगे। चंद्रयान-3 को आंध्रप्रदेश के श्रीहरिकोटा से 14 जुलाई को लॉन्च किया गया था। इसे चांद की सतह पर लैंड करने में 41 दिन लगे।

### चंद्रयान-2 के ऑर्बिटर से ली गई तस्वीरों पर कंफ्यूजन

इससे पहले इसरो ने चंद्रयान-2 के ऑर्बिटर से चंद्रयान-3 के लैंडर की तस्वीरें शेयर की थी। इसरो ने शुक्रवार को अपने एक्स हैंडल पर इसकी एक फोटो शेयर की, लेकिन बाद में डिलीट कर दी। इसमें विक्रम लैंडर चांद की सतह पर दिख रहा है। इन तस्वीरों को ऑर्बिटर पर लगे हाई-रेजोल्यूशन कैमरा से लिया गया है। ये चंद्रमा की ऑर्बिट में वर्तमान में मौजूद सबसे अच्छे रेजोल्यूशन वाला कैमरा है। नासा का ऑर्बिटर भी चांद की कक्षा में है, उसका कैमरा भी इतना पावरफुल नहीं है। प्रज्ञान रोवर के पीछे के दो पहियों पर भारत के राष्ट्रीय प्रतीक अशोक स्तंभ और इसरो लोगो के इंडेंट हैं। जैसे ही रोवर चंद्रमा पर उतरा तो उसके पहियों ने चांद की मिट्टी पर इन प्रतीकों की छाप छोड़ी।

# नूंह में फिर इंटरनेट बंदी की सिफारिश

## कलेक्टर का गृह मंत्रालय को लेटर, हिंदू संगठन ने कहा, 28 अगस्त को दोबारा ब्रजमंडल यात्रा निकालेंगे



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

हरियाणा के नूंह जिले में मोबाइल इंटरनेट और बल्क एसएमएस सेवाएं फिर से बंद करने की सिफारिश की गई है। नूंह डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर (डीसी) की ओर से गृह विभाग को लिखे गए लेटर में यह दोनों सेवाएं 25 अगस्त यानि आज शाम से 29 अगस्त तक बंद करने का आग्रह किया गया है। नूंह डीसी धीरेन्द्र खड़गटा ने गृह मंत्रालय के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी को लिखे पत्र की एक कॉपी हरियाणा पुलिस के इंटेलिजेंस विंग के एडीजीपी को भी भेजी है। इस पत्र के बाद इंटरनेट बंदी का अंतिम फैसला गृह मंत्रालय लेगा। गौरतलब है कि 31 जुलाई को नूंह में हिंदू संगठनों की ब्रजमंडल यात्रा के दौरान हिंसा भड़क गई थी जिसमें 6 लोगों की जान चली गई थी। हिंसा के चलते 31 जुलाई से 13 अगस्त तक नूंह में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं बंद रहा था। होम डिपार्टमेंट को भेजे पत्र में नूंह जिला प्रशासन ने कहा है कि 31 जुलाई को भड़की हिंसा में सार्वजनिक और पब्लिक प्रॉपर्टी को काफी नुकसान हुआ था। हिंदू संगठनों ने 28 अगस्त को दोबारा ब्रजमंडल यात्रा निकालने का ऐलान किया है। ऐसे में शांति भंग करने के मकसद से असामाजिक तत्व अफवाहें फैला सकते हैं। नूंह डीसी ने पत्र में कहा है कि अफवाहें फैलाने के लिए सोशल मीडिया और बल्क स्स्र का इस्तेमाल किए जाने की आशंका है। इसे रोकने के लिए नूंह जिले में 25 अगस्त की शाम से 29 अगस्त तक मोबाइल इंटरनेट और बल्क स्स्र सेवाएं बंद करना जरूरी है। ऐसे में गृह विभाग से जरूरी कदम उठाने का आग्रह है। नूंह जिले में 31 जुलाई को हुई हिंसा के बाद कर्फ्यू लगाते हुए मोबाइल इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई थीं जो 13 अगस्त तक बंद रही थीं। जनजीवन सामान्य होने पर 13 अगस्त की रात 12 बजे इंटरनेट सेवाएं बहाल कर दी गई थीं।

### वीएचपी ब्रजमंडल यात्रा निकालने पर अड़ी

उधर नूंह में 28 अगस्त को दोबारा ब्रजमंडल यात्रा निकालने को लेकर हिंदू संगठन खुलकर मैदान में आ गए हैं। सावन के आखिरी सोमवार, 28 अगस्त को अधूरी रह गई ब्रजमंडल यात्रा को पूरी करने का ऐलान किया गया है। हालांकि जिले में तनाव और जी-20 सम्मेलन को देखते हुए प्रशासनिक सूत्र यात्रा स्थगित होने का दावा कर चुके हैं लेकिन विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने इससे इनकार किया है। विहिप ने कहा है कि 28 अगस्त को हर हाल में ब्रजमंडल यात्रा पूरी की जाएगी। विहिप के राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री सुरेंद्र जैन ने कहा कि 28 अगस्त को नूंह में दल-बल के साथ हर हाल में ब्रजमंडल यात्रा निकाली जाएगी। इस यात्रा का मकसद नूंह जिला प्रशासन को परेशान करना नहीं है। यात्रा जलाभिषेक के लिए निकाली जाएगी और यह हमारा संवैधानिक अधिकार है। डॉ. सुरेंद्र जैन के अनुसार, उन्होंने नूंह प्रशासन को सुझाव दिया है कि अगर प्रशासन चाहे तो वह यात्रा में लोगों की संख्या और यात्रा का स्वरूप बदलने के लिए तैयार हैं, लेकिन यात्रा हर हाल में होगी।

### परमिशन मांगी ही नहीं तो रद्द कैसे

नूंह में विश्व हिंदू परिषद के जिला संयोजक देविंदर सिंह ने कहा कि नलहरेश्वर मंदिर में जलाभिषेक के लिए किसी की परमिशन की जरूरत नहीं है। जब हमने किसी परमिशन के लिए अप्लाई ही नहीं किया तो प्रशासन की ओर से उसे रद्द करने का सवाल ही नहीं उठता। विहिप के सदस्य 28 अगस्त को सावन के आखिरी सोमवार को नलहड़, फिरोजपुर झिरका और पुन्हाना के सिंगार मंदिर में जलाभिषेक कर अधूरी रह गई यात्रा का समापन करेंगे। इस बार यात्रा में पहले की तरह डीजे वगैरह बजेंगे या नहीं? इस सवाल पर देविंदर सिंह ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद डीजे नहीं ले जाएगी। हां, अगर यात्रा में शामिल कोई व्यक्ति अपनी मर्जी से डीजे ले जाना चाहे तो उसे रोक नहीं सकते।

### यात्रा बनी नाक का सवाल

विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री यशवंत सिंह की मानें तो यात्रा की तैयारियां जारी हैं। दरअसल विश्व हिंदू परिषद ने नूंह में दोबारा यात्रा निकालने को अपनी 'नाक' का सवाल बना लिया है। दूसरी ओर नूंह के एसपी नरेंद्र बिजारणिया कह चुके हैं कि पुलिस प्रशासन ने यात्रा की अनुमति रद्द कर दी है।

# गवर्नर ने पंजाब में राष्ट्रपति शासन की चेतावनी दी

## सीएम को लिखा, आप जानकारियां नहीं दे रहे, मेरे पास कार्रवाई के अलावा विकल्प नहीं



**गवर्नर ने 4 पेज का ये लेटर सीएम को 15 अगस्त को लिखा था, जो अब सामने आया है**

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

पंजाब के गवर्नर बीएल पुरोहित ने राजय में राष्ट्रपति शासन की चेतावनी दी है। उन्होंने मुख्यमंत्री भगवंत मान को पत्र लिखकर कहा, राजभवन द्वारा मांगी गईं जानकारियां सरकार की ओर से नहीं दी जा रही हैं। ये संवैधानिक कर्तव्य का अपमान है। मुख्यमंत्री के इस आचरण पर उनके पास कानून और संविधान अनुसार कार्रवाई करने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं बचता। उन्होंने मुख्यमंत्री भगवंत मान से कहा है कि यदि उन्होंने गवर्नर हाउस के पत्रों का जवाब नहीं दिया तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। गवर्नर ने 4 पेज का ये लेटर सीएम को 15 अगस्त को लिखा था, जो अब सामने आया है।

### सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी का हवाला

गवर्नर ने सीएम भगवंत मान को उनके द्वारा दायर रिट पटीशन पर 28 फरवरी 2023 को सुप्रीम कोर्ट की ओर से की गई टिप्पणी का हवाला भी दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि मुख्यमंत्री और राज्यपाल, दोनों संवैधानिक पदाधिकारी हैं। दोनों की संविधान द्वारा निर्दिष्ट भूमिकाएं और दायित्व हैं। राज्यपाल को प्रशासन संबंधी मामलों पर अनुच्छेद 167 के तहत मुख्यमंत्री से राज्य के प्रशासनिक मामलों और कानूनी प्रस्तावों के बारे में जानकारी मांगने का अधिकार है। साथ ही एक बार जानकारी मांगने पर मुख्यमंत्री उसे उपलब्ध कराने को बाध्य है।

### राज्यपाल ने पत्र में नशे पर चिंता जताई थी, रिपोर्ट मांगी

गवर्नर बीएल पुरोहित ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि पंजाब में नशा चरम पर है। एजेंसियों की रिपोर्ट के अनुसार, राज्य में दवा की दुकानों पर भी नशीले पदार्थ उपलब्ध हैं। यहां तक कि राज्य सरकार द्वारा नियंत्रित शराब की दुकानों में भी नशीले पदार्थ बेचे जा रहे हैं। हाल में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, एनसीआरबी और चंडीगढ़ पुलिस ने जॉइंट ऑपरेशन में लुधियाना से ड्रग्स बेचने वाले 66 शराब ठेकों को सील किया गया। गवर्नर ने पत्र में लिखा है कि संसद की स्थायी समिति की हालिया रिपोर्ट बताती है कि पंजाब के अंदर हर पांच में से एक व्यक्ति नशे का आदि है। यह तथ्य पंजाब में कानून-व्यवस्था के चरमराने की ओर इशारा करते हैं। अब राज्य के अंदर ग्रामीणों ने भी बड़ी संख्या में सड़कों पर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिए हैं और खुद को नशे से बचाने के लिए अपनी ग्राम रक्षा समितियां बनाने का फैसला किया है। गवर्नर ने मुख्यमंत्री को ड्रग मामले पर राज्य सरकार की ओर से की गई कार्रवाई की रिपोर्ट तुरंत उनके कार्यालय में भेजने के निर्देश भी दिए हैं।

### राष्ट्रपति ने कार्रवाई के लिए चेताया


गवर्नर ने लिखा है कि वह संवैधानिक तंत्र की विफलता के बारे में संविधान के अनुच्छेद 356 के तहत राष्ट्रपति को रिपोर्ट भेजी जानी है। आईपीसी की धारा 124 के तहत आपराधिक कार्रवाई शुरू करने का फैसला लेने से पहले जानकारी मांग रहे हैं। साथ ही राज्य में ड्रग्स की समस्या से निपटने के लिए प्रदेश सरकार की ओर से उठाए गए कदमों की जानकारी भी गवर्नर दफ्तर को भेजी जाए। गवर्नर ने अपने पत्र में लिखा है कि ऐसा नहीं किए जाने की सूरत में उनके पास कानून और संविधान के अनुसार कार्रवाई करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा।

### राज्यपाल को जानकारी देना जरूरी

गवर्नर पुरोहित ने लिखा है कि वह एक अगस्त 2023 को मुख्यमंत्री को भेजे गए लेटर के संबंध में यह नया पत्र लिखने को बाध्य हैं। उनके लैटर के बावजूद मुख्यमंत्री ने मांगी गई जानकारी नहीं दी। ऐसा लगता है कि मुख्यमंत्री जानबूझकर ये जानकारियां नहीं दे रहे। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 167 के प्रावधानों के मुताबिक, राज्यपाल अगर राज्य के प्रशासनिक मामलों के बारे में कोई जानकारी मांगे तो मुख्यमंत्री द्वारा उसे उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य होता है।

# नौसेना में पांच एफएसएस के अधिग्रहण के लिए एचएसएल के साथ 1900 करोड़ का अनुबंध

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



भारतीय रक्षा मंत्रालय ने स्वदेशीकरण को बढ़ावा देते हुए शुक्रवार को लगभग 19,000 करोड़ रुपये की कुल लागत के साथ भारतीय नौसेना के लिए पांच फ्लीट सपोर्ट जहाजों (एफएसएस) के अधिग्रहण हेतु हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड (एचएसएल), विशाखापत्तनम के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। अधिकारियों ने जानकारी देते हुए कहा कि 44,000 टन श्रेणी के जहाज भारत में किसी भारतीय शिपयार्ड द्वारा बनाए जाने वाले अपनी तरह के पहले जहाज होंगे। नौसेना के युद्धपोत उत्पादन एवं अधिग्रहण नियंत्रक वाइस एडमिरल किरण देशमुख ने कहा कि यदि आप आज पांच जहाजों की गिनती करें तो हमने 20,000 करोड़ रुपये के अनुबंध पर भी हस्ताक्षर किए हैं... अभी तक हम 1.5 लाख करोड़ रुपये के जहाज निर्माण अनुबंधों का संचालन कर रहे हैं जो पहले ही संपन्न हो चुके हैं। भारतीय नौसेना के उपप्रमुख वाइस एडमिरल संजय जे सिंह ने कहा कि फ्लीट सपोर्ट शिप (एफएसएस) की वर्तमान शैली, जिस पर आज हस्ताक्षर किए गए हैं, पांच टैंकरों के साथ लगभग 25,000 टन का माल ले जाएगी। हमें विश्वास है कि हम हिंद महासागर के सभी क्षेत्रों में उपस्थिति और निगरानी बनाए रखने और समुद्री सुरक्षा को बढ़ावा देने में सक्षम होंगे। सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति ने 16 अगस्त को अपनी बैठक में जहाजों के अधिग्रहण को मंजूरी दे दी थी। बेड़े के सहायक जहाजों को ईंधन, पानी, गोला-बारूद और भंडार के साथ समुद्र में जहाजों को फिर से भरने के लिए तैनात किया जाएगा, जिससे भारतीय नौसेना के बेड़े को बंदरगाह पर वापस आए बिना लंबे समय तक काम करने में मदद मिलेगी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ये जहाज बेड़े की रणनीतिक पहुंच और गतिशीलता को बढ़ाएंगे। इन जहाजों के शामिल होने से भारतीय नौसेना की समुद्री पानी की क्षमता में काफी वृद्धि होगी। जहाजों को लोगों को निकालने और मानव सहायता और आपदा राहत कार्यों के लिए भी तैनात किया जा सकता है। मंत्रालय ने कहा, यह परियोजना आठ वर्षों की अवधि में लगभग 168.8 लाख मानव दिवस का रोजगार पैदा करेगी।

### रक्षा मंत्रालय ने एचएसएल के साथ 19,000 करोड़ रुपये का अनुबंध किया

रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह परियोजना रक्षा विनिर्माण के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक बड़ा कदम होगा, क्योंकि जहाजों को एचएसएल, विशाखापत्तनम द्वारा स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित किया जाएगा। बयान में कहा गया है, रक्षा मंत्रालय ने 25 अगस्त को लगभग 19,000 करोड़ रुपये की कुल लागत के साथ भारतीय नौसेना के लिए पांच बेड़े समर्थन जहाजों (एफएसएस) के अधिग्रहण के लिए एचएसएल, विशाखापत्तनम के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए।

# 'चीन ने हजारों किमी जमीन हमसे छीनी'

**बीजेपी ने पूछा, राहुल को इतनी जानकारी कौन देता है, उनका चीन से क्या रिश्ता है**

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को लद्दाख दौरे के आखिरी दिन कारगिल में एक रैली को संबोधित किया। राहुल ने भारत-चीन बॉर्डर पर चल रहे गतिरोध को लेकर कहा- चीन ने हजारों किमी जमीन हमसे छीनी है। मगर पीएम ने इस पर झूठ बोला। वह कह रहे हैं एक इंच जमीन नहीं गई। यह सरासर झूठ है। राहुल के इस बयान पर बीजेपी ने भी पलटवार किया। बीजेपी नेता और राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा- आखिर राहुल को ये सब जानकारी कौन देता है। उनका चीन से क्या रिश्ता है। वह हमेशा आधारहीन बातें करते हैं। कारगिल में अपने लद्दाख दौरे का समापन करके राहुल श्रीनगर निकल गए। यह उनका निजी दौरा है। वह हाउसबोट और होटल में दो दिन बिताएंगे। शनिवार को सोनिया भी श्रीनगर पहुंचेंगी। जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विकार रसूल वानी ने बताया, यह उनका फैमिली टूर है। इस दौरान वह कोई पॉलिटिकल मीटिंग नहीं करेंगे। राहुल ने पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम पर कटाक्ष करते हुए कहा- मैं लद्दाख के कोने-कोने में गया। गरीबों, माताओं-बहनों और युवाओं से बात की। आपके दिल की बात समझने की कोशिश की। दूसरे नेता अपने मन की बात करते हैं। मैंने सोचा मैं आपके मन की बात सुनूं। राहुल ने बेरोजगारी के मुद्दे पर कहा- लद्दाख बेरोजगारी का एपिसेंटर बन गया है। लद्दाख में सेलफोन का कवरेज और कम्युनिकेशन का सिस्टम नहीं है। लद्दाख में एयरपोर्ट है, लेकिन हवाई जहाज नहीं आता है। मैं संसद के अगले सत्र में वे लद्दाख के लोगों के मुद्दे उठाउंगा। लद्दाख के नेचुरल रिसोर्सेज पर बात करते हुए राहुल ने कहा- यहां सोलर एनर्जी की कोई कमी नहीं है। भाजपा के लोग आपकी जमीन आपसे लेना चाहते हैं। अडाणी के बड़े-बड़े प्रोजेक्ट यहां लगाने चाहते हैं और उसका फायदा आपको नहीं देना चाहते। हम यह कभी नहीं होने देंगे। राहुल ने कहा- कुछ महीने पहले, हम भारत जोड़ो यात्रा के तहत कन्याकुमारी से कश्मीर तक चले थे। इसका उद्देश्य देश में भाजपा-आरएसएस द्वारा फैलाई गई नफरत और हिंसा के खिलाफ खड़ा होना था। यात्रा से जो संदेश निकला वह था- नफरत के बाजार में हम मोहब्बत की दुकान खोलने निकले हैं। पिछले कुछ दिनों में मुझे खुद यह देखने को मिला। यात्रा के समय मैं लद्दाख नहीं जा सका। लद्दाख में यात्रा करना मेरे दिल में था और इस बार मैंने इसे मोटरसाइकिल से पूरा किया।

# संसद भवन में रखी गई गदर-2 की स्क्रीनिंग

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

नए संसद भवन में सनी देओल की फिल्म गदर-2 की शुक्रवार से स्क्रीनिंग की जा रही है। यहां 27 अगस्त तक हर दिन पांच शो किए जाएंगे। यह पहला मौका है जब किसी फिल्म की स्क्रीनिंग नए संसद भवन में की गई है। स्क्रीनिंग 25 अगस्त से अगले तीन दिन चलेगी। हर रोज पांच शोज चलाए जाएंगे। यह स्क्रीनिंग लोक सभा के सदस्यों के लिए रखी गई है। सनी देओल भी पंजाब के गुरदासपुर से सांसद हैं। हो सकता है कि उप राष्ट्रपति भी फिल्म देखने आएं।

# गुजरात में नए मतदाताओं को पंजीकृत कराने के लिए भाजपा का अभियान शुरू, सीएम भूपेंद्र पटेल रहे मौजूद

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



अगले साल देश में लोकसभा के चुनाव होने वाले हैं इसके मद्देनजर भाजपा अपनी तैयारियों में लग गई है। इस क्रम में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और राज्य भाजपा प्रमुख सीआर पाटिल ने शुक्रवार को नए मतदाताओं को जोड़ने के लिए एक अभियान शुरू किया। इस कार्यक्रम में जो 18 साल के हो गए हैं, उनको मतदाता सूची में पंजीकृत करने और मौजूदा मतदाताओं को मतदाता सूची में अपना विवरण अपडेट करने को जागरूक किया गया। भाजपा द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि सीएम पटेल ने अहमदाबाद शहर के सोला इलाके में एक आवासीय सोसायटी से राज्यव्यापी मतदाता चेतना अभियान की शुरुआत की, जो उनकी घाटलोडिया विधानसभा सीट में आता है, जबकि गुजरात भाजपा प्रमुख पाटिल ने सूरत शहर के सचिन इलाके में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। भारतीय जनता पार्टी की विज्ञप्ति में कहा गया है कि राज्य के मंत्रियों और विधायकों ने राज्य के विभिन्न हिस्सों में अभियान में हिस्सा लिया। वहीं मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कहा कि गुजरात में भाजपा कार्यकर्ता हाल ही में 18 वर्ष के हुए लोगों को मतदाता के रूप में नामांकित करने और मौजूदा मतदाताओं को उनके विवरण अपडेट करने में मदद करने के लिए अभियान के तहत हर घर से संपर्क करेंगे। आगे बोले कि नए मतदाताओं को नामांकित करने के चल रहे अभियान में सरकार की मदद करने के लिए, गुजरात भाजपा ने यह मतदाता जागरूकता अभियान शुरू किया है।

### पाटिल बोले- गुजरात देश में नए मतदाताओं के नामांकन में नंबर एक बनकर उभरेगा

गुजरात भाजपा प्रमुख सीआर पाटिल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा के मार्गदर्शन में देश भर में ऐसे मतदाता जागरूकता अभियान आयोजित किए जा रहे हैं। मैं पार्टी कार्यकर्ताओं से आग्रह करता हूं कि वे नए मतदाताओं का 100 फीसदी नामांकन सुनिश्चित करें ताकि वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। आगे पाटिल ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि गुजरात देश में नए मतदाताओं के नामांकन में नंबर एक बनकर उभरेगा।

# ईडी ने सिसोदिया के नए बैंक अकाउंट की डिटेल मांगी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

राऊज एवेन्यू कोर्ट ने शुक्रवार 25 अगस्त को दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को नया बैंक खाता खोलने से जुड़े डॉक्यूमेंट्स पर साइन करने की परमिशन दे दी। इसके बाद सिसोदिया नया बैंक अकाउंट खोल सकेंगे। सुनवाई स्पेशल जज एमके नागपाल ने की। शराब नीति केस से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय ईडी ने सिसोदिया का पिछला बैंक खाता अटैच कर लिया था। सिसोदिया की रेग्युलर बेल पर सुनवाई 4 सितंबर को होगी। सिसोदिया ने कोर्ट से कहा था कि वह पटपड़गंज से मौजूदा विधायक हैं और उनका वेतन ईडी के पास अटैच बैंक अकाउंट में जमा किया जा रहा है। कुर्की के कारण उनके परिवार को उस बैंक खाते से पैसे निकालने में दिक्कत हो रही थी। इसलिए उन्हें नया बैंक खाता खोलने की जरूरत है। सिसोदिया की वकील इरशा खान ने बताया कि कोर्ट ने उन्हें कुछ डॉक्यूमेंट्स साइन करने की परमिशन दे दी है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)